| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 73,095.22 |
| निफ्टी | ~ | 22,198.35 |
| सोना | ~ | 57,600 |
| चांदी | ~ | 74,000 |
| डॉलर | ~ | 82.88 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
गुरुवार 29 फरवरी 2024
माघ शुक्ल 15 विक्रम सम्वत 2080
वर्ष 15, अंक 159
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

## खास खबर

### राजीव गांधी के हत्यारे की हार्ट अटैक से मौत

चेन्नई। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्यारे टी सुथेंद्रराजा उर्फ संथन का निधन हो गया है। जेल से रिहा किए जा चुके 7 हत्यारों में से एक की बुधवार सुबह 7-50 बजे अचानक आये हार्ट अटैक से मौत हो गई। उसे हार्ट अटैक आने के बाद चेन्नई के राजीव गांधी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह राजीव गांधी के उन 7 हत्यारों में से एक था, जिन्हें 1991 में रिहाई मिल गई थी। 55 वर्षीया श्रीलंकाई नागरिक टी सुथेंद्रराजा उर्फ संथन को कुछ दिन पहले इलाज के लिए राजीव गांधी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के डीन डॉ. वी. थेरानीराजन ने बताया कि सुबह 7-50 बजे अचानक उसे हार्ट अटैक आया जिसेस उसकी मौत हो गई। संथन का यकृत खराब था और उसका इलाज किया जा रहा था।

### गुजरात तट पर इंडियन नेवी को विदेशी नाव में मिली करोड़ों की ड्रग्स

कच्छ। गुजरात के समुद्री तट पर भारतीय नौसेना ने करोड़ों की ड्रग्स ले जा रही ईरानी नाव को सीज किया है। सेना ने नाव में सवार चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है। मिली जानकारी के अनुसार आतंकवादी रोधी दस्ते ने भारतीय नौसेना और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के साथ संयुक्त अभियान चलाकर मंगलवार को राज्य के तटीय क्षेत्र में एक ईरानी नौका को रोक कर उसकी तलाशी ली। नौका में करोड़ों की ड्रग्स भरी होने का खुलासा करने के बाद सेना ने उसके चालक दल के चार ईरानी सदस्यों को हिरासत में लिया, जो कथित तौर पर एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की चरस और अन्य मादक पदार्थ ले जा रहे थे। हालांकि गुजरात एटीएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मादक पदार्थ की वास्तविक मात्रा नहीं बताई। उन्होंने कहा कि समुद्र में संचालित अभियान के दौरान नौका से चरस समेत अनेक तरह के मादक पदार्थ की बड़ी खेप जब्त की गई है। नौका को तट की तरफ लाया जा रहा है और उसके बुधवार को पोरबंदर पहुंचने की उम्मीद है। बताया गया कि ईरानी नौका से 3 हजार किलो से ज्यादा ड्रग्स जब्त किया गया।

### ऑनलाइन आधार अपडेट के नाम पर लगा दिया 50 हजार का चूना

नई दिल्ली । गूगल सर्च करके ऑनलाइन आधार अपडेट के नाम पर एक शख्स को 50 हजार का चूना लगा दिया। इससे उन लोगों को सबक लेना चाहिए जो अपना आधार कार्ड ऑनलाइन अपडेट कराने की सोच रहे हैं। क्योंकि इसमें जरा सी लापरवाही सारा अकांउट खाली कर सकती है। इस तरह के साइबर क्राइम के मामले लगातार आ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में दिल्ली के करीब नोएडा में साइबर फ्राड का मामला आया है। मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है लेकिन पुलिस लोगों से अपील कर रही है कि ऑनलाइन आवेदन करते समय सतर्क रहें। नोएडा के थाना सेक्टर-113 के प्रभारी निरीक्षक सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि मुनमुन भट्टाचार्य निवासी महागुन मॉडर्न सोसायटी सेक्टर-78 ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उन्हें अपना आधार कार्ड अपडेट करवाना था। ऑनलाइन नंबर सर्च करके एक व्यक्ति से बात की। उसने आधार कार्ड का एजेंट बताकर उनसे बात की।


इसके बाद आधार अपडेशन के नाम पर आरोपी ने एक ऐप डाउनलोड करवाया। जैसे ही उन्होंने ऐप डाउनलोड किया, उनके खाते से 50000 रुपये निकल गए।

### राज्यसभा चुनाव में क्रॉस बोटिंग से उठा सियासी बवंडर क्या हो गया शांत?

# हिमाचल में दिखा कुछ और हुआ बहुत कुछ

शिमला/नई दिल्ली। राज्यसभा के नतीजों के बाद हिमाचल प्रदेश में जो सियासी बवंडर आया हुआ था, फिलहाल थम गया है। वह ऐसे कि हिमाचल की सुक्खू सरकार ने बजट पास कराकर एक तरह से विश्वास मत हासिल कर लिया और इसी के साथ विधानसभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई है। इसके बाद अब सुक्खू सरकार को तीन महीने तक किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं रह गया है।

गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा के परिणाम आने के बाद एक तरह का राजनीतिक बवंडर उठ खड़ा हुआ था, जिसे देखते हुए अफवाह फैली कि सुक्खू सरकार अल्पमत में आ गई है। इसी के साथ यह भी अफवाह फैलाई गई कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इन तमाम कयासों और अफवाहों का मुख्य कारण राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के छह विधायकों का बागी हो जाना रहा है, जिन्होंने क्रॉस वोटिंग करते हुए भाजपा प्रत्याशी को वोट किया था। इसके बाद जो राजनीतिक सरगर्मी शुरु हुई उसके चलते सुक्खू सरकार में शामिल वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। इसने सियासी बवंडर को मजबूती प्रदान की और कहा जाने लगा कि सुक्खू सरकार अब चंद घंटों की मेहमान है और दूसरे सीएम के नाम की तलाश भी मीडिया में चलने लगी। दूसरी तरफ कांग्रेस की ओर से सुक्खू सरकार बचाने डैमेज कंट्रोल की भी खबरें आम हो गईं।



### कांग्रेस ने भेजे पर्यवेक्षक

हिमाचल में सुक्खू सरकार के ऊपर आए संकट को टालने कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व ने 3 पर्यवेक्षक भेजने का फैसला लिया। इनमें हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार शामिल हैं। इन पर्यवेक्षकों को कांग्रेस आलाकमान ने स्पष्ट कह दिया है कि ऑपरेशन लॉटस का सामना डटकर करें और उसे नाकाम करने के लिए हर संभव कोशिश करें। पर्यवेक्षकों से इस पूरे मामले की रिपोर्ट जल्द ही सौंपने को कहा है।

### सीएम सुक्खू के इस्तीफे की अफवाह

हिमाचल में चले सियासी घटनाक्रम के बीच यह अफवाह तेजी से फैली कि सीएम सुक्खू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह अलग बात है कि बाद में इस खबर को भाजपा द्वारा फैलाई गई अफवाह बताते हुए स्वयं सीएम सुक्खू ने स्पष्ट कर दिया कि वो डरने या घबराने वाले व्यक्ति नहीं हैं और वो इस तरह छोड़कर कहीं नहीं जा रहे हैं।

मीडिया से बात कर रहे सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि मैंने इस्तीफा नहीं दिया है।

### सीएम सुक्खू ने जो कहा वो कर दिखाया

सियासी घमासान के बीच मीडिया से रुबरू हुए सीएम सुक्खू ने कहा था कि इस्तीफा नहीं दिया है और बजट के दौरान बहुमत साबित करेंगे। इसके कुछ देर बाद ही सुक्खू सरकार ने विधानसभा में बजट पेश किया और उसे पास भी करा लिया और इसी के साथ विधानसभा का शीतकालीन सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया। इस प्रकार सीएम ने कहा था कि बजट पास के जरिये वो बहुमत साबित करेंगे, सो उन्होंने जो कहा वो कर के दिखा दिया है। अब देखना यह है कि क्या हिमाचल में कांग्रेस पार्टी की सरकार पांच साल तक चलेगी, जैसा कि सीएम सुक्खू दावा कर रहे हैं। इसके साथ ही सीएम सुक्खू का दावा है कि भाजपा के अनेक विधायक उनके संपर्क में हैं, यदि यह सही निकला तो आगामी समय में भी वो सीएम बने रह सकते हैं।


### बजट पास और विधानसभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित

हिमाचल में सुक्खू सरकार ने बजट पास कराकर विश्वास मत हासिल कर लिया है। इसके बाद विधानसभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। इसी के साथ बताया गया है कि सुक्खू सरकार तीन माह तक खतरे से बाहर आ गई है। अब उसे किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है। वहीं कांग्रेस के बागी विधायकों को लेकर पार्टी की शिकायत पर विधानसभा में सुनवाई हुई है। दल बदल अधिनियम को लेकर कांग्रेस विधायकों की अयोग्यता मामले पर भी फैसला लेने की सभी राह देख रहे हैं।

### भाजपा ज्वाइन करने को विक्रमादित्य ने किया खारिज

हिमाचल प्रदेश की विधानसभा में बजट पास करने के बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित घोषित कर दी है। इसी के साथ विधानसभा का शीतकालीन सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस नेता विक्रमादित्य ने भाजपा में जाने वाली अफवाहों को लेकर कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है। मैं तो जो कहता हूं, वह तथ्यों और परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर आधारित होता है। राज्य में सीएम सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार है... और अब तो वित्त विधेयक भी पारित हो गया है।

## महादेव एप घोटाला : देशभर में 15 जगहों पर ईडी की छापेमारी




नई दिल्ली। बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय ने महादेव एप की जांच के तहत देश भर में 15 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की छापेमारी पश्चिम बंगाल, मुंबई और दिल्ली-एनसीआर में की। अब तक इस मामले में ईडी ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने इस केस से जुड़े धनशोधन के मामले में रायपुर की एक विशेष अदालत में नया आरोप पत्र दायर किया था। ईडी ने अब तक इस मामले 9 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें कथित तौर पर छत्तीसगढ़ के राजनेता और नौकरशाह शामिल हैं।

**- क्या है मामला**

सूत्रों के मुताबिल इस मामले में अपराध की अनुमानित आय लगभग 6,000 करोड़ रुपये से अधिक है। ईडी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण से ठीक पहले नवंबर में दावा किया था कि फॉरेंसिक विश्लेषण और असीम दास की ओर से दिए गए बयान में चौंकाने वाले आरोप लगाए गए हैं। इसके अनुसार महादेव सट्टेबाजी एप के प्रमोटर्स ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेश बघेल को अब तक लगभग 508 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। बघेल ने इन आरोपों को उनकी छवि खराब करने का प्रयास बताया था, जबकि कांग्रेस ने अपने तत्कालीन सीएम के खिलाफ इसे केंद्र की प्रतिशोध की राजनीति कहा था।

असीम दास ने बाद में रायपुर में विशेष अदालत के समक्ष कहा था कि उन्हें साजिश के तहत फंसाया गया है और उन्होंने कभी भी राजनेताओं को नकदी नहीं पहुंचाई है। दोनों प्रमोटर रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर छत्तीसगढ़ के भिलाई शहर के रहने वाले हैं और महादेव ऑनलाइन बुक बेटिंग एप्लिकेशन एक अंब्रेला सिंडिकेट है जो अवैध सट्टेबाजी वेबसाइट्स को सक्षम करने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की व्यवस्था करता है। ईडी ने महादेव ऑनलाइन बुक एप के जरिए कथित अवैध सट्टेबाजी और गेमिंग से जुड़े धनशोधन के एक मामले में रायपुर की एक विशेष अदालत के समक्ष नया आरोप पत्र दायर किया था। अधिकारियों ने बताया कि संघीय एजेंसी इस दूसरी अभियोजन शिकायत को दुबई में अधिकारियों के साथ साझा करेगी। ताकि, एप के दो मुख्य प्रमोटर्स रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर का प्रत्यर्पण सुनिश्चित किया जा सके।

## एमपी एमएलए कोर्ट ने जया प्रदा को भगौड़ा घोषित किया

नई दिल्ली। पूर्व सांसद और फिल्म अभिनेत्री जया प्रदा फिर चर्चा में हैं। यूपी की कोर्ट ने चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में जयाप्रदा को फरार घोषित किया है। उनके खिलाफ 5 साल पुराने आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं और दोनों मामलों की सुनवाई के दौरान वे हाजिर नहीं हुई हैं। सात बार गैर जमानती वारंट भी जारी हुए हैं। जिसके बाद एमपी एमएलए की विशेष अदालत ने जयाप्रदा को भगौड़ा घोषित किया है।

दरअसल 2019 में बीजेपी ने जयाप्रदा को लोकसभा चुनाव में अपना उम्मीदवार बनाया था। उनके सामने समाजवादी पार्टी से कैंडिडेट आजम खान थे। आरोप है कि प्रचार के दौरान जयाप्रदा ने आचार संहिता का उल्लंघन कर नूरपुर गांव में सड़क का उद्घाटन कर दिया था। मामले में जयाप्रदा के खिलाफ स्वार थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। इसी चुनाव प्रचार के दौरान जयाप्रदा जब पिपलिया मिश्र गांव में जनसभा को संबोधित कर एक आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी। यह मामला भी थाने पहुंचा था और एफआईआर दर्ज की गई।

यानी दोनों मामले 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित हैं। कैमरी और स्वार थाना पुलिस ने दोनों मामलों में जांच पूरी की और एमपी-एमएलए की स्पेशल कोर्ट में चार्जशीट दायर की थी। अभियोजन पक्ष की गवाही पूरी हो चुकी है और अब सीआरपीसी की धारा 313 के तहत जया प्रदा का बयान दर्ज किया जाना है। पिछली कई तारीखों पर सुनवाई हुई, लेकिन जयाप्रदा अदालत में नहीं पहुंचीं।

## केरल में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के बीच सीटों का बंटवारा

### कांग्रेस 20 में से 16 सीटों पर चुनाव लड़ेगी

तिरुवनंतपुरम। केरल में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने सीट बंटवारे पर चर्चा पूरी कर ली है। कांग्रेस 20 में से 16 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। आईयूएमएल (इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग) 2 सीटों (मलप्पुरम और पोन्नानी), रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी एक सीट (कोल्लम) और केरल कांग्रेस एक सीट (कोट्टायम) पर चुनाव लड़ेगी। मुस्लिम लीग ने एक अतिरिक्त सीट की मांग की थी और कांग्रेस उन्हें एक राज्यसभा सीट देने पर सहमत हो गई है। बता दें कि इंडिया ब्लॉक में शामिल सीपीआई ने केरल में कांग्रेस को कड़ी चुनौती दी है। केरल में सीपीआई अलग चुनाव लड़ने जा रही है। यहां अपने चार उम्मीवार भी घोषित कर चुकी है। वायनाड से राहुल गांधी और तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर के खिलाफ सीपीआई ने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है।

वामपंथी लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) में सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) की सहयोगी पार्टी सीपीआई इस साल 4 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जहां सीपीआई महासचिव डी राजा की पत्नी एनी राजा को वायनाड से उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं तिरुवनंतपुरम से पन्नियन रवींद्रन को प्रत्याशी घोषित किया है। इसके अलावा सीपीआई नेता वीएस सुनील कुमार त्रिशूर से और मावेलिकारा से अरुण कुमार चुनाव लड़ने वाले है।

फिलहाल, तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर और वायनाड से राहुल गांधी सांसद हैं। सीपीआई ने 2019 के लोकसभा चुनाव में भी केरल की इन चारों सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन कोई भी सीट नहीं जीत सकी थी। केरल में 20 लोकसभा सीटें हैं। इसमें 2019 में कांग्रेस को 15 सीटें, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग को 2 सीटें मिली थीं।

### सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को सीबीआई का नोटिस

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को अवैध खनन मामले में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन (सीबीआई) ने गवाह के तौर पर तलब किया है। उन्हें कल (29 फरवरी) को दिल्ली में सीबीआई के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया है। अखिलेश यादव को बतौर गवाह पेश होने के लिए कहा गया है। इसका खुलासा उन्होंने खुद ही राजधानी में एक खबरिया चैनल के कार्यक्रम में किया।

## डीएमके पर भड़के पीएम मोदी, झूठा क्रेडिट लेने की अब हद हो गई

### इसरो के विज्ञापन में रॉकेट में लगा दिया चीन का झंडा

चेन्नई। दक्षिण के दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु के तूतीकोरिन में 17,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। इस कार्यक्रम को बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्रालय, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग और रेल मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित कर सत्ताधारी डीएमके पर खूब प्रहार किया और उस पर केंद्र की योजनाओं का श्रेय लेने का आरोप लगाया।

पीएम मोदी ने सत्ताधारी द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) पर भी प्रहार करते हुए कहा, डीएमके एक ऐसी पार्टी है, जो काम करती नहीं, लेकिन झूठा क्रेडिट लेने के लिए आगे रहती है। ये लोग हमारी योजनाओं पर अपने स्टिकर चिपका देते हैं। अब डीएमके पार्टी ने हद कर दी, इन्होंने तमिलनाडु में इसरो लांच पैड का क्रेडिट लेने के लिए चीन का स्टिकर चिपका दिया है।

पीएम मोदी ने कहा, तमिलनाडु को प्रौद्योगिकी और नवाचार द्वारा परिभाषित किया गया है। यही बात तमिलनाडु को बीजेपी के करीब लाती हैज् सेवा का हमारा अभी तक का रिकॉर्ड लोगों को यह विश्वास दिलाता है कि केवल बीजेपी ही राज्य को सही भविष्य की ओर ले जा सकती है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और हम उन कुछ देशों में से एक हैं, जो नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा, बच्चे, बूढ़े, नौजवान, महिलाएं, गरीब और मिडिल क्लास, तमिलनाडु का हर वर्ग, हर समाज आज पूरे विश्वास के साथ बीजेपी के साथ आ रहा है। तमिलनाडु के लोग बीजेपी को बड़ी आशाओं से देख रहे हैं। लोग देख रहे हैं कि कैसे बीजेपी ने देश में संवेदनशीलता और सामाजिक न्याय की सकारात्मक राजनीति को आगे बढ़ाया है। तमिलनाडु का ये असीम प्रेम, ये विश्वास हमारे लिए एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी

## राज्यसभा चुनाव होते ही बदल गए सियासी समीकरण, एनडीए बहुमत के करीब पहुंची

नई दिल्ली। राज्यसभा के चुनाव होते ही सियासी समीकरण बदल गए हैं। क्योंकि अब एनडीए बहुमत से काफी नजदीक आ गई है। अप्रैल में खाली होने वाली 56 राज्यसभा सीटों में से बीजेपी ने मंगलवार को हुए चुनाव में 30 सीटों पर जीत हासिल की है। इनमें से पार्टी ने 20 पर निर्विरोध और 10 सीट पर वोटिंग के बाद जीत हासिल की है। इसके साथ ही राज्यसभा में बीजेपी की संख्या 97 हो जाएगी और भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडी की संख्या 117 हो जाएगी। सभी सदस्यों के शपथ लेने के बाद 240 सदस्यीय सदन में एनडीए बहुमत के आंकड़े 121 से केवल चार कदम दूर रह जाएगा। फिलहाल बीजेपी राज्यसभा में सबसे बड़ी पार्टी बनी हुई है। उसके पास राज्यसभा में 97 सदस्य हैं। इनमें 6 नामांकित सांसद भी शामिल हैं। बता दें कि राज्यसभा के 56 सदस्यों में से 41 सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं, जबकि 15 सीटों के लिए यूपी, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को मतदान हुआ। इधर बीजेपी ने उत्तर प्रदेश की 10 सीटों में से 8, कर्नाटक की 4 सीट में से 1 और हिमाचल प्रदेश की एक सीट पर जीत हासिल की। बताया जा रहा है कि बीजेपी के बाद कांग्रेस के पास राज्यसभा में सबसे ज्यादा सीटें हो जाएंगी।

## बिहार में फिर हो सकता है खेला, 4 विधायक बदल सकते हैं पार्टी

पटना। एक बार फिर बिहार में राजनीतिक उथल-पुथल के संकेत मिल रहे हैं। अबकी बार चार विधायकों के एनडीए में शामिल होने का दावा किया जा रहा है। हिंदुस्तान आवाम मोर्चा प्रमुख जीतन राम मांझी ने मंगलवार को कहा कि लगभग चार विधायक, जिनमें कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के दो-दो विधायक बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल हो सकते हैं। मांझी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि एक खेला हो चुका है। अभी बड़ा खेला होना बाकी है। आने वाले दिनों में लगभग चार विधायक, कांग्रेस और राजद के दो-दो, एनडीए में शामिल हो सकते हैं। हम प्रमुख मांझी ने आगे कहा कि नीतीश कुमार ने एनडीए में शामिल होकर अच्छा काम किया। वह पिछले कुछ दिनों से बहुत परेशान थे। उन्होंने बिहार में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति की ओर भी इशारा किया था। इसलिए, उन्होंने एनडीए के साथ हाथ मिला लिया और सरकार बनाई है। यह बिहार के लोगों के हित में किया गया काम है।

दरअसल नीतीश कुमार उस समय नाराज हो गए थे जब उन्हें इंडिया गठबंधन का संयोजक नहीं बनाया गया था, जो उनके प्रयासों से बना विपक्षी गुट था। उन्होंने 28 जनवरी को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, जो 18 महीने से भी कम समय में उनका दूसरा पलटवार था। सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले एनडीए ने बाद में अपने पक्ष में मतदान करने वाले 129 विधायकों के वोट हासिल करने के बाद आराम से फ्लोर टेस्ट पास कर लिया। राष्ट्रीय जनता दल के तीन विधायक- चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव राज्य विधानसभा में जाकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए में शामिल हो गए और कुनवा बढ़ गया।

## प्रधानमंत्री विश्व की पहली वैदिक घड़ी का करेंगे लोकार्पण

भोपाल। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल (29 फरवरी) को विश्व की पहली वैदिक घड़ी का लोकार्पण वर्चुअल रूप से करेंगे। यह वैदिक घड़ी उज्जैन शहर के के जीवाजी वेधशाला परिसर में स्थापित की गई है। वैदिक घड़ी की स्थापना नगर निगम द्वारा एक करोड़ 47 लाख रुपये खर्च कर बनाए टावर पर की गई है। वैदिक घड़ी, 30 मूहूर्त के साथ भारतीय मानक समय और ग्रीनविच मिन टाइम बताएगी। इसके बैकग्राउंड में देश-दुनिया के खूबसूरत पर्यटन स्थलों की तस्वीर दिखेगी। शहर के तापमान, हवा की गति, मौसम की जानकारी भी मिलेगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री यहां 6265 करोड़ के अन्य 689 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी करेंगे। मुख्य कार्यक्रम भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर होगा, जिसका



लाइव प्रसारण सभी जिला और नगरीय निकाय मुख्यालय पर होगा। मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव उपस्थित रहेंगे। सबसे खास बात ये है कि प्रस्तावित लोकार्पण एवं भूमिपूजन की सूची में पहली बार एक लाख रुपये तक के सड़क, नाली, शेड निर्माण जैसे अनेक कार्यों को भी शामिल किया गया है। उज्जैन-दक्षिण विधानसभा क्षेत्र, प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का विधानसभा क्षेत्र है। यहां 127 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और तीन निर्माण कार्यों (वैदिक घड़ी, संजीवनी क्लिनिक, होम्योपैथी औषधालय भवन) का लोकार्पण प्रस्तावित है। यहीं से विक्रम नगर रेलवे स्टेशन के समीप उज्जैन विकास प्राधिकरण की आकार लेने वाली टीडीएस-3 और टीडीएस-4 आवासीय योजना का भूमिपूजन भी किया जाएगा। उज्जैन-उत्तर विधानसभा क्षेत्र में जिला चिकित्सालय परिसर में बनाए आयुष विंग कार्यालय और वार्ड 33 के भिक्षुक गृह में बनाए संजीवनी पाली क्लिनिक भवन का लोकार्पण किया जाएगा। 18 भिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया जाएगा। इसी समय उज्जैन दक्षिण, घट्टिया, तराना, बड़नगर, खाचरौद में नर्मदा-गंभीर का पानी पहुंचाने के लिए 1462 करोड़ रुपये की नर्मदा-गंभीर समूह जल प्रदाय योजना का भूमि पूजन भी किया जाएगा। याद रहे कि वैदिक घड़ी का लोकार्पण पहले 1 मार्च को प्रस्तावित था। विक्रमोत्सव- 2024 के आमंत्रण पत्र में इसका लेख भी किया गया था।

सुदामा नरवरे/ 28 फरवरी 2024

# स्वच्छ भारत अभियान के तहत वार्डो को सफाई करने वाली नई गाड़ियां ही निकली खराब

## नगर पालिका ने बिना हैंडओवर लिये ही किया वापस, विपक्षीय पार्षदों ने किया था गाड़ियों को लेकर विरोध

**बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। नगर पालिका में उस समय विपक्षी पार्षदों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत वार्डों में सफाई करने लायी गयी गाड़ियों का विरोध कर दिया गया जब नगर पालिका द्वारा वार्डों की सफाई के लिए चार गाड़ियां खरीद कर नगर पालिका में बुलाई गई थी और जैसे ही इन नई गाड़ियों पर नेता प्रतिपक्ष योगराज लिल्हारे की नजर पड़ी तो उन्होंने सबसे पहले गाड़ियों को देखा और पाया कि जो नई गाड़ियां नगर पालिका में आयी है उन गाड़ियों की गुणवत्ता सही नहीं है, उनकी जो चादर लगी है उनमें सिर्फ पेंट कर दिया गया है, अंदर से अलग-अलग ट्रालियों में जोड़ लगे हुए हैं जबकि नई गाड़ियों में इस प्रकार के जोड़ नहीं होते, तब उन्होंने उन चारों गाड़ियों का विरोध किया और विरोध के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा यह सही पाया गया तो गाड़ियों को हैंडओवर लेने से पहले ही वापस भिजवा दिया गया। आपको बता दे कि बीते दिनों नगर पालिका में कांग्रेस के पार्षदों द्वारा अपने वार्डों में कचरा उठाने के लिए सफाई की गाड़ी बढ़ाने की मांग की गई थी किंतु नगर पालिका द्वारा कहा गया था कि जल्द ही नई गाड़ी खरीद कर वार्डों में गाड़ियां लगा दी जाएगी और उसके कुछ ही दिनों बाद 28 फरवरी को जब चार गाड़ियां नगर पालिका द्वारा खरीद कर बुलवाई गई तो उन गाड़ियों के आने पर नेता प्रतिपक्ष योगिराज लिल्हारे द्वारा जैसे ही गाड़ियों को देखा गया और कुछ कांग्रेसी पार्षद द्वारा उन गाड़ियों में देखने पर पाया गया कि जो कंपनी से नई गाड़ियां बुलवाई गई है, वह गाड़ियां अंदर से अलग-अलग जॉइंट की हुई है और महज बहार से पेट कर पुरानी गाड़ियों को ही सामने से नया कर भिजवा दिया गया है जिसका विरोध उन्होंने तत्काल ही नगर पालिका में दर्ज करवाया और विरोध दर्ज के बाद उन गाड़ियों को नगर पालिका ने तुरंत ही वापस करवा दिया।**



### तीनों गाड़ियों में लगे चादरों में सही गुणवत्ता नहीं है - योगराज लिल्हारे

नेता प्रतिपक्ष योगराज लिल्हारे द्वारा बताया गया कि उन्हें जैसे ही जानकारी लगी कि नगरपालिका ने चार नई गाड़ी मंगवाई है तो वह बहुत खुश हुए कि अब उनके वार्डो में कचरा उठाने के लिए गाड़ी मिल जाएगी किंतु जैसे ही उन्होंने गाड़ी देखा और पाया कि अंदर से गाड़ियों में जो चादर लगाई जाती है, वह चादर में कम से कम अनेक टुकड़े जोड़ कर नई गाड़ियों की चादर बनाई गई है ,जो की महज कुछ महीने में खराब हो जाएगी और फिर यह गड़ियां भी खराब होकर नगर पालिका में खड़ी रहेगी, जबकि उन्होंने बताया कि यह जब नई गाड़ियां हैं तो इन्हें टुकड़े युक्त चादर लगाने से क्या मतलब और एक ही नहीं बल्कि तीन-तीन गाड़ियों में लगे चादरों में सही गुणवत्ता नहीं पाई गई या यह कह सकते हैं कि जो गाड़ियां सही गुणवत्ता युक्त होना चाहिए, वह गुणवत्ता इन चारों गाड़ियों में नजर नहीं आ रही थी, इसलिए उन्होंने कहा कि वह जनता की इस गाड़ी कमाई के टैक्स को इस प्रकार से दुरुपयोग नहीं होने देंगे और वह इन गाड़ियों को लेकर नगर पालिका से मांग करेंगे कि इन्हें तत्काल वापस किया जाए।

### 2 घंटे में गाड़ियां हुई वापस -

विपक्षी पार्षदों द्वारा इन गाड़ियों का जैसे ही विरोध किया गया और इसकी चर्चा नगर पालिका में फैलने लगी, सभी आकर इन गाड़ियों को देखने लगे और कहने लगे कि यह किस प्रकार की नई गाड़ी, नगर पालिका ने मंगवाई है ,हर कोई इन गाड़ियों में खामियां निकलने लगा और हर कोई गाड़ी में लगे चादरों के जोड़ को देख-देख कर वीडियो बनाकर इधर-उधर वायरल करने लगे, जिसकी जानकारी जैसे ही नगर पालिका प्रशासन को लगी तो उन्होंने भी गाड़ी को देखा और उन गाड़ियों को वापस करवा दिया।

### चारों गाड़ियों को वापस कर दिया गया है - निशांत श्रीवास्तव

जब हमारे द्वारा इस पूरे विषय को लेकर नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशांत कुमार श्रीवास्तव से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि उन्हें भी जानकारी लगी कि नगर पालिका की जो कचरा गाड़ियां मंगाई गई है वह गाड़ी ठीक नहीं है और उन चारों गाड़ियों को नगर पालिका द्वारा बिना हैंडओवर लिए ही कंपनी को वापस करवा दिया गया क्योंकि उनका कहना था कि वह जब पूरा पैसा देंगे तो ,क्यों खराब चीज लेंगे।

# तेजराम, पुरु, अमीलाल, नीलेश सरीके 3 लाख से अधिक किसानों के खातों में आयी 16 वीं किसान सम्मान निधि

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को देश के किसानों के बैंक खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 16 वीं किस्त जारी की है। पीएम श्री मोदी ने महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से देश के 9 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 21 हजार करोड़ रुपये की राशि अंतरित की है। इसमें बालाघाट जिले के 303047 किसान भी शामिल है। कलेक्टर कार्यालय स्थित सभागृह में यवतमाल से प्रसारित कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखा गया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने किसानों को सांकेतिक तौर पर चैक प्रदान किये गए। 16 वीं पाने के बाद किरनापुर में नक्सी के मदनलाल और किरनापुर के ही सैय्यद अकबर अली ने पीएम किसान सम्मान निधि प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री की कुशल नीति और किसानों के हित मे कार्य करने के लिए धन्यवाद दिया। स्थानीय कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर व एसडीएम एमआर कोल, राजीव रंजन पांडे, अधीक्षक भू-अभिलेख स्मिता देशमुख, तहसीलदार भूपेंद्र अहिरवार, नायब तहसीलदार वंदना कुशराम सहित जनपद उपाध्यक्ष शंकरलाल बिसेन व किसान उपस्थित रहे।



## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग बालाघाट

**// भवन नामांतरण हेतु आम सूचना//**

कार्यालय, संपत्ति प्रबंधक, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल वृत्त जबलपुर के कार्यालयीन आदेश क्र. 7247 दिनांक 10/06/1982 के द्वारा प्रेमनगर कॉलोनी बालाघाट में भवन कमॉक एल.आई.जी.-27 श्री एस.सी. बेदी पिता श्री राममोहन बेदी को भाड़ाक्रय आधार पर आवंटित किया गया था। उक्त भवन की सेलडीड दिनांक 23/01/2001 को निष्पादित है। मूल आवंटी की मृत्यु दिनांक 19/08/2022 को हो गई है। मूल आवंटी द्वारा पुत्र श्री राजेश बेदी को नामिनी बनाया गया है। नामिनी श्री राजेश बेदी पिता स्व0 श्री एस.सी. बेदी द्वारा दिनांक 21/02/2024 को उक्त भवन अपने नाम नामांतरण करने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

नामिनी द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करते हुये उक्त संपत्ति श्री राजेश बेदी पिता स्व0 श्री एस.सी. बेदी के नाम से नामांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेज के आधार पर उक्त संपत्ति का नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**(एलआर. कुशरे)**
**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग बालाघाट**

# गर्मी के मौसम में जल जीवन मिशन से गाँवो में पानी देने के लिए समीक्षा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं के माध्यम से गर्मी के मौसम में पानी उपलब्ध कराने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और सम्बंधित ठेकेदारों के साथ बैठक की। इस बैठक में 30 दिसम्बर को आयोजित हुई बैठक के बाद हुई प्रगति, नवीन स्वीकृत योजनाओं और 75 से 100 प्रतिशत तक पूर्ण बताई गई योजनाओं को समीक्षा में शामिल किया। पिछली बैठक के कार्यवाही विवरण के साथ एक-एक उपयंत्री और सम्बंधित ठेकेदारों से वर्तमान में योजना की वस्तुस्थिति के बारे में जाना। 30 दिसम्बर के बाद 27 फरवरी तक कि स्थिति में विभाग ने 14 से अधिक योजना पूर्ण होने और करीब 10 योजनाएं 1 सप्ताह में पूर्ण करने तथा 5 योजनाओं को 15 दिनों में पूर्ण करने के लिए समय मांगा गया है। समीक्षा बैठक में कई ठेकेदारों ने ग्राम पंचायतों से सम्बंधित समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही कई योजनाओं में बिजली कनेक्शन, बिल नही भरने तथा स्थानीय समस्याएं बताई गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने 3 से 4 मार्च को सम्बंधित सरपंच सचिवों की प्रथक से बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए है। बैठक में पीएचई के कार्यपालन यंत्री बीएल उइके सहित विभाग के एसडीओ व उपयंत्री उपस्थित रहें।



### लापरवाही करने वाले उपयंत्रियों सहित सरपंच सचिवों से भी स्पष्टिकरण लिया जाएगा

कलेक्टर डॉ.मिश्रा ने 2 माह से अधिक समय मे भी पर्याप्त प्रगति नही देने वाले उपयंत्रियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। साथ ही जल जीवन मिशन योजनाओं में स्थानीय समस्याओं के निराकरण नही किये जाने से हैंड ओवर में देरी होने से सरपंच सचिवों से भी जवाब मांगा जाएगा। इसमें लखनवाड़ा गांव की योजना में सहायक यंत्री और उपयंत्री द्वारा प्रगति नही देने पर नोटिस जारी किया जाएगा। ऐसे ही लांजी विकासखण्ड में स्वीकृत नवीन योजनाओं के कार्य अप्रारंभ होने पर सब इंजीनियर और ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उपयंत्री बीएल उद्दे को 07 अवैतनिक करने किरनापुर के उपयंत्री श्री रविंद्र हट्टेवार की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए है। वहीं 25 सरपंच सचिवों को नोटिस जारी करते हुए प्रस्तावित बैठक में बुलाया जाएगा।

# ग्राम पचपेड़ी में चक्रवर्ती राजाभोज का लोकार्पण कार्यक्रम आज

चांगोटोला(पद्मेश न्यूज)। पावर क्षत्रिय सर्कल समिति परिक्षेत्र नगरवाड़ा के तत्वाधान में 29 फरवरी को प्रात: 8ः00 बजे राजा भोज चौक ग्राम पंचायत पचपेड़ी में चक्रवर्ती राजा भोज का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रात: 9ः00 बजे रैली निकाली जाएगी एवं 11ः00 बजे दीप प्रज्वलित एवं अनावरण किया जाएगा। 29 फरवरी को आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुरलीधर टेम्भरे अध्यक्ष अखिल भारतीय पवार महासभा नागपुर होंगे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपचंद ठाकरे अध्यक्ष पवार क्षत्रीय सर्किल समिति नगरवाड़ा द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथियों में गौरी शंकर बिसेन पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन ,विश्वेश्वर भगत पूर्व सांसद बालाघाट ,मधु भगत विधायक परसवाड़ा, गौरव पारधी विधायक कटंगी, विवेक पटेल विधायक वारासिवनी, बौधसिह भगत पूर्व सांसद बालाघाट ,ओमकार बिसेन पूर्व विधायक वारासिवनी, श्रीमती आभा जितेंद्रराहंगडाले जिला पंचायत अध्यक्ष बरघाट होंगे विशेष अतिथियों में - हरकचंद टेम्भरे अध्यक्ष जिला पवार समाज सिवनी, ललित पटेल अध्यक्ष पवार राम मंदिर ट्रस्ट बैहर, गेंदलाल ठाकरे उपाध्यक्ष पवार राम मंदिर ट्रस्ट बैहर, तीरथ लाल राहंगडाले सदस्य पवार राम मंदिर ट्रस्ट बैहर, तामेश्वर पटेल जिला पंचायत सदस्य परसवाड़ा ,मुन्ना ठाकरे जिला पंचायत सदस्य, रामेश्वर कटरे समाजसेवी, हेमंत राहंगडाले(अ यु का सिवनी), डॉक्टर शंकर बिसेन जनपद उपाध्यक्ष बालाघाट ,वैभव पवार समाजसेवी, शेषराम राहंगडाले समाजसेवी होंगे वहीं आमंत्रित अतिथियों में श्रीमती धनवंता ठाकरे जनपद पंचायत सदस्य, श्रीमती संगीता राहंगडाले सरपंच ग्राम पंचायत पचपेड़ी, प्रमोद ठाकरे सरपंच ग्राम पंचायत चांगोटोला ,हुकुमचंद बिसेन सरपंच ग्राम पंचायत घुना ?ी, श्रीमती अर्चना राहंगडाले सरपंच ग्राम पंचायत नगरवाड़ा, संगीता हरीनखेडे सरपंच ग्राम पंचायत बटुआ, श्रीमती पुष्पा राहंगडाले सरपंच ग्राम पंचायत कुकड़ा ,श्रीमती नम्रता हरिनखेडे सरपंच ग्राम पंचायत चमरवाही होंगे। पवार क्षत्रीय सर्कल समिति परिक्षेत्र नगर वाड़ा के समस्त पदाधिकारी ने क्षेत्र के सभी स्वजातीय बन्धुओ से इस कार्यक्रम में सह परिवार अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी श्री सुनील कुमार ब्रम्हे पिता फोगल ब्रम्हे जाति गढ़वाल निवासी ग्राम कुरेण्डा तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट के स्वामित्व एवं कब्जे की भूमि मौजा कुरेण्डा प0ह0नं0 16 रा.नि.मं. परसवाड़ा तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट में स्थित खसरा नंबर 169/1/4/1 रकबा 0.0920 हेक्ट (आवासीय परिवर्तित) भूमि पर 15,00,000/-रू (पन्द्रह लाख रूपये) का संपत्ति के विरूद्ध ऋण म.प्र.ग्रामीण बैंक शाखा परसवाड़ा द्वारा दिनांक-27/02/2024 को स्वीकृत किया गया है एवं भूमिस्वामी की उक्त दर्शित भूमि को म.प्र. ग्रामीण बैंक शाखा परसवाड़ा के पहा में 15,00,000/-रू (पन्द्रह लाख रूपये) के ऋण हेतु संपत्ति के विरूद्ध शीघ्र ही साधारण बंधक का पंजीयन उपपंजीयक कार्यालय बैहर में किया जावेगा। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को, वित्तीय संस्था, बैंक या उक्त भूमि में हित रखने वाले को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर मेरे अधोलिखित पते पर मय मूल कागजात सहित दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित समयावधि के पश्चात की गयी कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

बैहर
दिनांक-28.02.2024

**जी.एल.गौतम अधिवक्ता वार्ड नं0 04 नरसिंगटोला बैहर तह. बैहर जिला बालाघाट मो.नं.- 9993882366**

## कार्यालय ग्राम पंचायत जाम जनपद पंचायत लालबर्रा, जिला बालाघाट

क्रमांक / क्यू- २०२४-२५   दिनांक २७/०२/२०२४

**बैठकी बाजार- मवेशी पंजीयन नीलामी सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जाम के अंतर्गत बैठकी बाजार एवं मवेशी पंजीयन की नीलामी वर्ष २०२४-२५ अर्थात अवधि ०१ अप्रैल २०२४ से ३१ मार्च २०२५ तक १ वर्ष के लिए पंचायत राज अधिनियम (फीस संग्रहण पट्टा) १९९५ नियम एवं नीलामी शर्तों के अध्याधीन रहते हुए नीलामी किया जाना है, साप्ताहिक बैठकी बाजार की अमानत राशि १८४८७ रूपये एवं मवेशी पंजीयन नीलामी की अमानत राशि २७५० रूपये जमा कर बोली लगा सकेंगे। बकायादार को प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से बोली लगाने का अधिकार नही रहेगा। साथ ही पंचायत के पदाधिकारियों को बोली लगाने का अधिकार नही रहेगा। यह नीलामी दिनांक ०७/०३/२०२४ दिन गुरूवार को दोपहर १२ बजे से ग्राम पंचायत भवन कार्यालय में की जायेगी एवं उक्त तिथि को अपरिहार्य कारणों से नीलामी न होने पर दिनांक ०९/०३/२०२४ दिन शनिवार को पुनः नीलामी निर्धारित समय पर की जायेगी। भारतीय स्टाम्प अधिनियम १८९९ के तहत स्टाम्प ड्युटी (मुद्रांक शुल्क) नीलामी की राशि पर देय होगा। टीप : नीलामी कार्यवाही से संबधित सभी नियम व शर्तें कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत कार्यालय के सुचना फलक पर देखी जा सकती हैं।

**सुरेंद्र बलोने** सरपंच   **श्रीमती रक्खी नगपुरे** उपसरपंच   **रविंद्र पटले** सचिव

**ओमप्रकाश कौशल - पंचायत समन्वयक**   **एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत जाम (लालबर्रा)।**

# विकसित भारत के लिये स्वदेशी तकनीक थीम पर मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट में बुधवार को विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक थीम पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में विद्यालय की प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर की अध्यक्षता में मॉ सरस्वती के छायाचित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के पश्चात छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत गाकर किया गया। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम के प्रथम दिन छात्राओं को डॉ. सीवी रमन के नोबल पुरूस्कार पर आधारित फिल्म छात्राओं को दिखाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की 130 छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, क्रीडा अधिकारी, कार्यालयीन कर्मचारी, जनभागीदारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




# चलित प्रयोगशाला द्वारा जाँचे पनीर व दही में पायी वसा की कमी, फिर दल ने लिए लीगल नमूने

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मप्र शासन के मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत बुधवार को वारासिवनी नगर में चलित प्रयोगशाला वाहन द्वारा दूध व दूध से बने पदार्थो की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री योगेश डोंगरे ने जानकारी देते हुए बताया कि चलित वाहन द्वारा प्रतीक डेरी से लिए गए सेम्पल में जांच में पनीर व दही में वसा की मात्रा कम पायी गई। इसके बाद टीम द्वारा उसी पनीर व दही से लीगल नमूने लेकर जांच के लिए स्टेट लेबोरेटरी भोपाल भेजें गए है। कलेक्टर ?ॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार मिलावट से मुक्ति अभियान में प्रभावी कार्यवाही के लिए लगातार जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से नमूने जाँचे जाने लगे है। बुधवार को वारासिवनी में प्रतीक डेरी के अलावा सुलाखे, राजपुरोहित मिस्ठान भंडार और जैन डेरी से करीब 30 नमूने एकत्रित किये गए। जबकि टीम द्वारा कुल 19 लीगल नमूने लिए गए है। चलित प्रयोगशाला वाहन में कोई भी नागरिक अपने खाद्य पदार्थो की जांच 10 रुपये का शुल्क देकर करवा सकता है।



## कार्याय प्राचार्य शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट

क्र.. /2024   बालाघाट दिनांक 26.02.2024

**ई निविदा सूचना**

महाविद्यालय के कम्पयूटर प्रयोगशाला में लगने वाले डेस्कटॉप कम्पयुटर को GEM के माध्यम से क्रय हेतु ई-निविदा अधिकृत फर्मों से आमंत्रित की जाती है, निम्न लिखित विवरणानुसार निविदा के शर्तों आदि की विस्तृत जानकारी ऑनलाईन GEM portal पर देखी जा सकती है।


| SN. | Description of Items (Detailspecification, Quantity etc. Mentioned on Gem Bid.) | Bid No./ Date | Bid End Date,Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Desktop computer | GEM/ 2024B4660355 Dt. 26-02-2024 | 19-03-2024 2.00PM |

**प्राचार्य**
**शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट**


लामता में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोनः- 07632-243531
मोः- 8989976858, 9425139998

# आंगनबाड़ी केंद्रों में लटके रहे ताले

## आंगनबाड़ी नर्सरी स्कूल शिक्षका सहायिका एकता संघ ने किया धरना प्रदर्शन, केंद्र सरकार पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप, नगर में रैली निकालकर कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। वर्षों से लंबीत अपनी विभिन्न मांगे पूरी न होने से आंगनबाड़ी नर्सरी स्कूल शिक्षिका सहायिका एकता संघ, केंद्र सरकार से खासा नाराज है। जिन्होंने अपनी विभिन्न सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार 28 फरवरी को एक दिवसीय काम बंद कर हड़ताल की । नगर के बस स्टैंड में की गई इस एक दिवसीय हड़ताल के चलते विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में ताले लटके रहे, तो वही बस स्टैंड में हड़ताल पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ,सहायिकाओं और मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। तो वहीं उन्होंने वर्षों से लंबित अपनी विभिन्न मांगों का उल्लेख करते हुए उन मांगो को जल्द से जल्द पूरा किए जाने की गुहार लगाई ।जहां संघ द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के उपरांत नगर में रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौपा गया। जिसमें संघ ने लोकसभा चुनाव के पूर्व उनकी समस्त 7 सूत्रीय मांगों को पूरा किए जाने की गुहार लगाई, तो वहीं उन्होंने मांग पूरी न होने पर लोकसभा चुनाव में इसका परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है।**

### रैली निकालकर की जमकर नारेबाजी, सौंपा ज्ञापन

नगर के बस स्टैंड में आयोजित इस एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के दौरान आंगनबाड़ी नर्सरी स्कूल शिक्षिका सहायिका एकता संघ से जुड़ी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने बारी-बारी से मंचासीन होकर अपने अपने विचार व्यक्त किए । जिसमें उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पूर्व में किए गए वादों को दोहराते हुए सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया तो वहीं उन्होंने मांगे लंबित होने से उन्हें हो रही विभिन्न परेशानियों का बखान किया। इसके उपरांत हड़ताल पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं और मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने नगर के बस स्टैंड से रैली निकाली। यहां रैली बस स्टैंड से रानी अवंती बाई चौक, वहां से काली पुतली चौक, वहां से पीजी कॉलेज होती हुई ,पीजी कालेज के सामने से आंबेडकर चौक पहुंची। जहां से यहां रैली एलआईसी के सामने से डॉ विश्वेश्वरैया चौक होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची जहां संघ द्वारा वर्षों से लंबित अपनी 07 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा गया। जहां उन्होंने लोकसभा चुनाव के पूर्व इन सभी मांगों को पूरा किए जाने की गुहार लगाई है।



### इन मांगों को लेकर सौपा ज्ञापन

केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2019 से मानदेय मे वृद्धि नहीं की गई है मानदेय में वृद्धि किए जाने,केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2019 में 1500 व 750 रुपए मानदेय में वृद्धि की गई थी। जिसका भुगतान राज्य सरकार द्वारा गत वर्ष तक नहीं किया गया है जिसका एरियर सहित भुगतान करने,मिनी आंगनवाड़ी केन्द्रों को पूर्ण आंगनवाड़ी केन्द्रों का दर्जा प्रदान कर मिनी कार्यकर्ताओं को अन्य कार्यकर्ताओं की तरह मानदेय दिए जाने,हरियाणा राज्य की तरह कार्यकर्ता और सहायिकाओं को नियमित कर शिक्षिका, सहायिका के पद पर नियमित किया जाने ।महिला बाल विकास विभाग को भ्रष्टाचार व शोषण मुक्त किए जाने और दो माह के मानदेय का भुगतान एकमुश्त किए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर एक दिवसीय काम बंद हड़ताल कर ज्ञापन सौपा गया है।

### तो केन्द्र सरकार को चुनाव में विपरीत परिणाम भुगतना पड़ेगा-इकबाल

काम बंद एकदिवसीय हड़ताल को लेकर की गई चर्चा के दौरान कर्मचारी नेता इकबाल कुरैशी ने बताया कि आंगनवाड़ी नर्सरी स्कूल शिक्षिका सहायिका एकता संघ द्वारा केन्द्र और राज्य सरकार को लगातार ज्ञापन प्रेषित कर अपने वैधानिक व जायज मांगो को पूर्ण किए जाने की गुहार लगाई जा रही है बावजूद इसके भी केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा मांगे पूर्ण नहीं किया जा रहा है। जिससे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है ।जिसको लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओ ने एक दिवसीय काम बंद हड़ताल कर वर्षों से लंबित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा है ।उन्होंने बताया कि इसके पूर्व सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं का मनादेय बढ़ाए जाने की बात कही गई थी ,लेकिन वह मानदेय आज तक नहीं बढ़ा है। समान कार्य का सामान भुगतान नहीं दिया जा रहा है। मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अब तक पूर्ण आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का दर्जा देकर पूर्ण मानदेय नहीं दिया जा रहा है, जबकि वह भी उतना ही काम करती है जितना आंगनबाड़ी की कार्यकर्ताएं करती हैं इसके अलावा सरकार द्वारा सुपरवाइजर की सीधी भर्ती की जा रही है जबकि सुपरवाइजर की भर्ती अनुभव के आधार पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से की जानी चाहिए लेकिन सरकार द्वारा ऐसा नहीं किया जा रहा है इसके अलावा ग्रेविटी का लाभ नहीं मिल रहा है। जबकि ऐसी कई मांगे हैं जिनका पूरा करने का सरकार ने आश्वासन दिया था बावजूद इसके भी आज तक मांगे पूरी नहीं हो पाई है जिसके चलते आज सांकेतिक तौर पर एक दिवसीय काम बंद हड़ताल कर धरना प्रदर्शन किया गया है और ज्ञापन सौपा गया है यदि इसके बाद भी हमारी मांगे पूरी नहीं की जाती तो संघ द्वारा उग्र प्रदर्शन किया

# तिरोड़ी पुलिस ने 17 पशुओं को महाराष्ट्र के कत्ल खान जाने से बचाए

## पशुओं को ले जाने वाले दो व्यक्ति गिरफ्तार न्यायिक अभिरक्षा में भेजे गए जेल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। तिरोड़ी पुलिस ने 17 नग पशुओ को महाराष्ट्र के कत्ल खाने जाने से बचा लिए। इन मवेशियों को सुरक्षा की दृष्टि से गौशाला कटेदरा के हवाले कर इन पशुओं को मारपीटते कत्ल खाने पहुंच रहे दो पशु तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पशु तस्कर ईश्वरी पिता बृजलाल पटले 51 वर्ष इन और सुखचंद पिता टेकचंद पटले 50 वर्ष ग्राम सीताखोह थाना कटंगी निवासी को कटंगी की अदालत में पेश कर दिया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में वारासिवनी जेल भिजवा दिया गया है। तिरोड़ी पुलिस के मुताबिक 27 फरवरी को उप निरीक्षक अनिल सिंह गोरिया के साथ सहायक उप निरीक्षक सतीश गेडाम देहात गश्त पर निकले थे। इस दौरान सूचना मिली कि मिरगपुर से रानीमोहगांव के रास्ते से दो व्यक्ति बैलो को क्रूरता पूर्वक मारते-पीटते कत्ल के उद्देश्य से महाराष्ट्र राज्य के कत्ल खाने लेकर जा रहे हैं ।इस सूचना पर थाना प्रभारी सेमलिया गहलोत के मार्गदर्शन में रात्रि 8ः00 मिरगपुर से रानीमोहगांव रोड पहुंचे जहां दो व्यक्ति मिरगपुर के तरफ से रानीमोहगांव रोड से होते हुए महाराष्ट्र की और कुछ बैलों को रस्सी में बांधकर क्रूरता पूर्वक मारते पीटते हुए लेकर आ रहे थे। पुलिस को देखकर दोनों लोग मौके का फायदा उठाकर भागने लगे। जिन्हें घेराबंदी कर ग्रामीणों की मदद से पकड़े। पूछताछ करने पर दोनों व्यक्ति ने अपना नाम जिनमें एक व्यक्ति ने ईश्वरी पिता बृजलाल पटले 51 वर्ष ग्राम सीताखोह थाना कटंगी दूसरे ने अपना नाम सुखचंद पिता टेकचंद पटले 50 वर्ष ग्राम सिताखोह थाना कटंगी निवासी बताया। उन्होंने इन मवेशी को मोहगांव बाजार से खरीदना और कुछ मवेशी को स्वयं का होना बताएं। इन दोनों व्यक्ति ने मवेशी के क्रय विक्रय संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। पुनःशक्ति से पूछताछ करने पर दोनों ने मवेशियों को मोहगांव बाजार से खरीद कर कत्ल खाना ले जाना बताया गया। दोनों व्यक्ति के पास 17 मवेशी बैल पाए गए ।जिनकी कीमत 2 लाख 10 हजार रुपये में बताई गई है ।दोनों व्यक्ति के पास से पाए गए 17 नग मवेशी बैलों को गौशाला कटेदरा में सुरक्षार्थ रखा गया है। सहायक उप निरीक्षक सतीश गेडाम ने इस मामले में दोनों व्यक्ति के विरुद्ध धारा 4 6 9 मध्य प्रदेश को वश वध प्रतिषेध अधिनियम और धारा 11(घ)पशुक्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर दोनों व्यक्ति को इस अपराध में गिरफ्तार करके कटंगी की विद्वान अदालत में पेश कर दिया गया। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में वारासिवनी जेल भिजवा दिया गया है।

# नगर पालिका के अमले ने गुजरी बाजार में की 180 दुकानों पर नापजोख की कार्यवाही

## जल्द ही गुजरी बाजार में बनाया जाएगा सब्जी कॉम्प्लेक्स

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)।बालाघाट नगर पालिका द्वारा गुजरी बाजार में सब्जी व्यवसायी की व्यवस्था बनाने के लिए नापजोख की कार्वाई की गई और साथ ही गुजरी बाजार में अवस्थित रूप से सब्जी का व्यापार करने वाले व्यापारियों को व्यवस्थित बिठाया गया एवं जिन लोगों के द्वारा टिन सेट एवं अतिक्रमण गुजरी की पार्किंग में किया गया था, उस अतिक्रमण को हटाते हुए नगर पालिका द्वारा कार्रवाई की गई है, दुकानदारों व फुटकर विक्रेताओं को समझाइश देकर सही नियम अनुसार दुकान लगाने के निर्देश दिए गए हैं। आपको बता दे की एक दिन पहले ही बालाघाट नगर पालिका के विधायक प्रतिनिधि शफकत खान द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत ठाकुर को ज्ञापन दिया गया था, जिसमें उन्होंने शहरी क्षेत्र में फुटकर सब्जी विक्रेता के लिए सब्जी मार्केट की क्या स्थिति है, और जो मार्केट फुटकर सब्जी विक्रेताओं के लिए बनाया गया है, वहां पर सब्जी दुकान क्यों नहीं लग रही और वे रोड पर बैठकर व्यवसाय कर रहे हैं, उनकी चालानी कार्रवाई की जा रही है ,इन सब विषय को लेकर नगर पालिका से सवाल कर वस्तु स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा गया था, जिस पर नगर पालिका द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 28 फरवरी को गुजरी बाजार में जाकर सब्जी व्यवसाईयों की स्थिति को देखा गया और जो लोग अनावश्यक सड़कों पर दुकान लगा रहे थे ,एवं अतिक्रमण कर गुजरी में काम कर रहे थे, उन्हें हिदायत देकर और अतिक्रमण हटाकर सब्जी व्यवसाईयों को निर्देशित किया गया और साथ में गुजरी बाजार में लगभग 180 दुकानों का नापजोख की कार्रवाई की गई और नगर पालिका अब गुजरी बाजार में सब्जी कॉम्प्लेक्स बनाने की योजना बना रही है, जिसके चलते वह गुजरी बाजार में सब्जी दुकानों के साथ-साथ अन्य व्यवसाय करने वाले व्यापारियों की दुकानों का भी नापजोख कर रही है और परिसर बनने के बाद जिन सब्जी व्यापारियों और जो नगर पालिका की दुकान हैं उन्हें प्राथमिकता से दुकान वितरित की जाएगी, इसके लिए अभी से ही खाखा तैयार करना शुरू कर दिया गया है, जिसमें आज नगर पालिका की टीम द्वारा गुजरी बाजार में लगभग 180 दुकानों को नापजोख करते हुए अपने रिकॉर्ड में लिया गया है और इस पर अब जल्द ही रूपरेखा बनाकर नगर पालिका काम करेगी।




### पहले से ही गुजरी बाजार के लिए योजना बनायी जा चुकी है - भारती सुरजीत ठाकुर

इस विषय को लेकर जब हमारे द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत ठाकुर से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि उन्होंने पहले से ही गुजरी बाजार के लिए योजना बना रखी थी , इस योजना को अब जल्द ही प्रक्रिया में लाया जा रहा है, गुजरी बाजार में एक परिसर बनाया जाएगा , जिसमें आसपास व्यवसाय करने वाले सभी व्यवसाईयों को नगर पालिका दुकान बनाकर देगी , इसके लिए अभी नगर पालिका की टीम द्वारा सभी की दुकानों का नापजोख किया जा रहा है , ताकि बाद में कोई भी व्यापारी यह ना कह सके की उन्हें इस परिसर में दुकान नहीं मिल रही है , अभी जिस प्रकार से नापजोख किया जा रहा है उसी प्रकार से उन्हें परिसर में दुकान दी जाएगी , जिसको लेकर आज नगर पालिका द्वारा गुजरी बाजार में नापजोख की कार्रवाई की गई है।

# पंचायत द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की कराई जाए जांच

## बबरिया के ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय में सौंपा ज्ञापन, सरपंच, सचिव, मेट पर लगाया शासकीय राशि गबन का आरोप

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बबरिया में पंचायत द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की जांच कराने और दोषियों पर कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत बाबरिया के पंच सहित अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने फर्जी मस्टररोल में हाजिरी भरकर शासकीय राशि का गबन किए जाने, गुणवत्ताहीन निर्माण करने, बिना काम कराए ही शासकीय राशी निकालने, सहित अन्य आरोप लगाते हुए, गांव के सरपंच, सचिव और मेट की शिकायत की है ।जिन्होंने धारा 40 की कार्यवाही कर सरपंच, सचिव और रोजगार मेट को पद से पृथक किए जाने की मांग की है।



### आपसी साठगांठ से शासकीय राशि का किया है गबन

उक्त मांग को लेकर सौंपे गए ज्ञापन में ग्राम बबरिया निवासी ग्रामीण व पंचों ने इस बात का उल्लेख किया कि उनके गांव में नाला सफाई, सड़क ,नाली निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्यों को लेकर स्टीमेट बनाकर राशि स्वीकृत कराई गई। जिसमें मनरेगा के तहत काम कर स्थानीय लोगों को रोजगार दिए जाने की बात कही गई थी। लेकिन जितने भी कार्य पंचायत द्वारा कराए गए हैं वह अधूरे हैं कई जगह सड़क, नाली, का काम अधूरा है, नाला की सफाई सहित अन्य निर्माण कार्य नहीं हुए है बावजूद इसके भी सरपंच सचिव और मेट द्वारा आपसी साठगांठ कर राशि का आहरण कर लिया गया है ।वहीं सरपंच सचिव द्वारा मस्टोल में फर्जी हाजिरी भर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया गया है उन्होंने ज्ञापन में ऐसे कई बिंदु दिए हैं जिसमें उन्होंने शासकीय राशि का दुरुपयोग कर गबन किए जाने का आरोप लगाया है। जहा सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कराकर उन्हें पद से पृथक कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### संरक्षण करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों पर भी कार्यवाही होनी चाहिए- भूपेंद्र विश्वकर्मा

इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान ग्राम बबरिया निवासी ग्रामीण भूपेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि गांव में विकास कार्य के लिए नाले, नाली खेल मैदान, उपवन, सड़क सहित अन्य कार्य के लिए राशि स्वीकृत हुई थी ।यह सभी कार्य सिर्फ कागजों में किए गए हैं, जबकि जमीनी हकीकत में कुछ भी काम नहीं हुआ है। बावजूद इसके भी कागजों में काम पूर्ण दर्शाकर आपसी साठगांठ कर करोड रुपए की शासकीय राशि का गबन किया गया है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों व पंचों द्वारा कई बार करने पर भी आज तक जांच नहीं हुई। इसके पूर्व एक अधिकारी जांच में आए थे लेकिन उन्होंने भी कोई कार्रवाई नहीं कि, हमारी मांग है कि ऐसे लोगों पर वैधानिक कार्रवाई की जानी चाहिए। धारा 40 के तहत सरपंच को पद से हटाया जाना चाहिए और जो भी अधिकारी कर्मचारी सरपंच का संरक्षण कर रहे हैं उन पर भी कार्यवाही होनी चाहिए।

# ग्राम झालीवाड़ा के पंचों ने जिला पंचायत में सौंपा ज्ञापन

## शिकायत की जांच में पाए गए दोषियों पर कार्यवाही की करी मांग

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)।जनपद पंचायत वारासिवनी के अंतर्गत आने वाले ग्राम झालीवाड़ा में पंचों द्वारा गांव की सरपंच, सरपंच पति और ग्राम सचिव पर शासकीय कार्य में अनियमिता कर भ्रष्टाचार किए जाने, शासकीय राशि का गबन किए जाने और विरोध करने पर ग्राम पंचों के साथ गाली गलौज किए जाने की शिकायत जनपद पंचायत और जिला पंचायत कार्यालय में की गई थी। जहां पंचगणों द्वारा की गई शिकायत पर हुई विभागीय जांच में, जांच टीम को सरपंच, सरपंच पति और सचिव द्वारा भारी लापरवाही और भ्रष्टाचार किए जाने की जानकारी सामने आई थी। जहां जांच के उपरांत जल जीवन मिशन के तहत बनाई जा रही पानी की टंकी, गांव से मेहंदीवाड़ा का माता मंदिर तक सड़क का निर्माण, शौचालय निर्माण सहित अन्य कार्यों में खामियां मिली थी। जिसकी जांच पूरी कर विभिन्न मामलों में सरपंच, सरपंच पति और सचिव को दोषी पाया गया था ।जिसका प्रतिवेदन भी जांच टीम द्वारा जिला पंचायत में सौपा जा चुका है। लेकिन इस मामले में अब तक जिला पंचायत स्तर से कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। जिस पर अपनी नाराजगी जताते हुए ग्राम पंचायत झालीवाड़ा के पंचों ने बुधवार को जिला पंचायत कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौपा है। जहां सौपे गए ज्ञापन में उन्होंने पंचों द्वारा की गई शिकायत और जांच प्रतिवेदन के आधार पर दोषी पाए जाने वाले सरपंच, सरपंच पति और सचिव के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही किए जाने की मांग की है। जहां उन्होंने अपने इस ज्ञापन को अंतिम ज्ञापन बताते हुए यथाशीघ्र मांग पूरी ना होने और दोषियो के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही न होने पर ग्राम पंचायत झालीवाड़ा के समस्त पंचों द्वारा सामूहिक रूप से अपना इस्तीफा दिए जाने की चेतावनी दी है।



### तो सामूहिक रूप से सभी पांच इस्तीफा दे देंगे- संदीप पटले

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान ग्राम पंचायत झालीवाडा पंच संदीप पटले ने बताया कि हमने काफी दिनों पहले नल जल योजना सहित अन्य कार्यों की शिकायत किए थे जिसकी जांच हुई जांच प्रतिवेदन में धुर्वे सर ने सरपंच श्रीमती अनुसूया शरणागत, सरपंच पति अशोक शरणागत और सचिव रमेश सिंदूरकर को दोषी पाया है। इसका प्रतिवेदन 3 अक्टूबर 2023 को जिला पंचायत में जमा किया गया है। उसके बाद भी इन पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। हमने कई बार इसकी शिकायत की, फिर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई, अधिकारी लोग बोलते हैं कि अन्य बिंदुओं की शिकायतों पर प्रतिवेदन आना बाकी है ।लेकिन मुख्यता तीन बिंदु जिसमें सरपंच पति द्वारा पंचों को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई थी, नल जल योजना में जो भ्रष्टाचार किया गया है और नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सर्विस का जो गलत उपयोग किया गया है उसमें यह तीनों दोषी पाए गए हैं ।सचिव को जनपद में अटैच कर दिया गया है ।लेकिन तीनो पर वैधानिक कार्यवाही नही हुई। हम चाहते हैं कि ऐसे लोगों पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए, इसीलिए आज हमने आखिरी बार जिला पंचायत में ज्ञापन सौपा है इसके बाद भी यदि कोई कार्रवाई नहीं होती तो हम ग्राम झालीवाड़ा के समस्त पंच सामूहिक तौर पर अपना इस्तीफा सौप देंगे।

# एक लड़की को धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करके फरार आरोपी गिरफ्तार

## शेखू को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया बैहर जेल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)।बिरसा थाने की सालेटेकरी पुलिस चौकी क्षेत्र में रहने वाली एक 20 वर्षीय लड़की ने अपने गांव के एक युवक के विरुद्ध जबरदस्ती भगा कर ले जाने और बलात्कार करने का आरोप लगाई। लड़की द्वारा की गई रिपोर्ट पर, इस लड़की के साथ बलात्कार और उसे जान से मार डालने की धमकी देने के आरोप में युवक शेखू उर्फ थनेश पिता हरीलाल श्रीवास 23 वर्ष ग्राम लोरमी निवासी को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे न्यायिक अभिरक्षा में बैहर जेल भिजवा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह लड़की कक्षा 12वीं तक पड़ी है। 11 फरवरी को यह लड़की अपनी मौसी के घर ग्राम सिंघनपुरी उनके बच्चों की शादी की तैयारी करने के लिए गई थी। 18 फरवरी को शादी थी। रात्रि करीब 11 बजे जब यह लड़की पंडाल में खाना खाने के लिए जा रही थी। तभी शेखू उर्फ थनेश पीछे से आया और इस लड़की को जबरदस्ती पकड़ कर और मुंह गमझे से बंद कर दिया। शेखू ने इस लड़की को जान से मार डालने की धमकी देते हुए उसे अपनी मोटरसाइकिल में बैठ कर बालाघाट लाया और दूसरे दिन सुबह 9 फरवरी को बालाघाट से बैहर रोड बंजारी मंदिर में ले जाकर शेखू ने इस लड़की के गले में जयमाला डालकर शादी किया ।उसके बाद से शेखू ने इस लड़की को अपने घर लोरमी ले गया । रात्रि में शेखू ने इस लड़की के साथ उसकी मर्जी के विरुद्ध जबरदस्ती दुष्कर्म किया। 20 फरवरी को सुबह इस लड़की ने पड़ोसी को उसके घर वालों को खबर करने के लिए बोली। खबर मिलते ही इस लड़की के माता-पिता आए और उसे अपने साथ घर ले गए।। शेखू द्वारा जान से खत्म करने की धमकी देने के कारण रिपोर्ट नहीं की गई थी। इस लड़की के परिवार के लोग रिपोर्ट करने के लिए डर रहे थे।किंतु 25 फरवरी को यह लड़कीअपने परिवार के साथ रिपोर्ट करने के लिए बिरसा थाना पहुंची। बिरसा पुलिस ने इस लड़की द्वारा की गई रिपोर्ट पर शेखू उर्फ थनेश श्रीवास के विरुद्ध धारा 366 376 506 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया। घटना के बाद से आरोपी शेखू उर्फ थनेश श्रीवास फरार था ।इस मामले की जांच सालेटेकरी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक धनसिंह धुर्वे की जिन्होंने जांच दौरान इस लड़की को जान से मार की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करके फरार आरोपी शेखू उर्फ थनेश श्रीवास को गिरफ्तार करके बैहर की अदालत में पेश कर दिए। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया गया है।

# वन्य प्राणी सांभर का शिकार करने के आरोप में रामसिंह को 2 वर्ष का सश्रम कारावास और 3 हजार रुपये अर्थदंड

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। न्यायिक दंडाधिकारी अनुराग खरे की बैहर की अदालत में वन्य प्राणी सांभर का शिकार करने के आरोप में आरोपी राम सिंह पिता सुकल सिह मरकाम 35 वर्ष ग्राम चिचरिंगपुर थाना बैहर निवासी को 2 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई। विद्वान न्यायालय ने इस आरोपी को 2 वर्ष का सश्रम कारावास के अलावा 3000 रुपये अर्थदंड से भी दंडित किए हैं। अभियोजन के अनुसार वन परिक्षेत्र मुक्की के कर्मचारियों को 8 अक्टूबर 2014 को गस्ती के दौरान कान्हा टाइगर रिजर्व मंडला के कोर प्रतिबंध मुक्की परिक्षेत्र के अंतर्गत व्रत मुक्की बीट परसाटोला वन कक्ष क्रमांक 64 राहरउमर नाला पगडंडी नामक स्थान पर गस्ती के दौरान रामसिंह को वन्य प्राणी सांभर के बच्चे का शिकार कर ले जाते हुए पड़े थे। आरोपी राम सिंह से पूछताछ करने पर उसके द्वारा मृत नर बच्चे को छिपाने के स्पष्ट साक्ष्य झाड़ियां में सांभर के कुछ बाल मिले थे। आरोपी राम सिंह के पास से वन्य प्राणी सांभर का मृत बच्चा, एक नग कुल्हाड़ी, बैट सहित एवं चौकडी लुंगी वनरक्षक प्रेम नारायण पदम द्वारा जप्त की गई थी ।तत्पश्चात वन अपराध कारित किए जाने की पुष्टि होना दर्शित होने से अभियुक्त राम सिंह के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी रामसिंह को गिरफ्तार करके विद्वान अदालत में पेश किया गया था एवं विवेचना उपरांत अभियोग पत्र विद्वान अदालत में पेश किया गया था। यह मामला हाल ही में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी अनुराग खरे की बैहर की अदालत में चला। विद्वान अदालत ने विचारण के दौरान आई साक्ष्य के आधार पर तथा अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर आरोपी राम सिंह को धारा2(35), 9, 27, 35(8), 31, 39, 48(क),50,51 वन प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध में 2 वर्ष का सश्रम कारावास और 3 हजार रुपयेअर्थदंड से दंडित किये। इस मामले में अभियोजन की ओर से पर भी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी विमल सिंह द्वारा की गई थी।

# भारत एपीएस 20-20-0-13 एवं डीएपी खाद नहीं घुलने से किसान परेशान

## किसानों की शिकायत पर विधायक अनुभा मुंजारे ने निलजी सोसायटी का किया निरीक्षण , प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना भारत एपीएस के २०-२०-०-१३ एवं डीएपी खाद पर उठ रहे सवाल, जांच की मांग








लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ८ किमी. दूर ग्राम पंचायत निलजी के सेवा सहकारी समिति के माध्यम से क्षेत्रीय किसानों ने प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना का भारत एपीएस २०-२०-०-१३, डीएपी खाद फसल में छिंडकाव करने के लिए लेकर गये है। जिसे किसानों ने धान की फसल में छिंडकाव भी किया है परन्तु फसल में खाद डालने के बाद वह घुल नही पाया है यानि की प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना भारत का डीएपी खाद फसल में डालने के १५ दिन बीत जाने के बाद भी जैसा का तैसा ही खेतों में दिखाई दे रहा है जिससे किसान खासा परेशान है और उनकी फसल प्रभावित हो रही है। जबकि किसानों ने फसल उत्पादन अधिक लेने के लिए खाद फसल में डाले है परन्तु उसका लाभ किसानों को नही मिल रहा है जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं किसानों ने शासन-प्रशासन पर आरोप लगाया है कि नकली खाद का वितरण सोसायटी के माध्यम से कर किसानों के साथ छलावा किया जा रहा है। जिसकी शिकायत किसानों ने बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे एवं कृषि विभाग के उच्चाधिकारियों से की है। ग्राम पंचायत निलजी के किसानों की शिकायत पर बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे मंगलवार को निलजी स्थित सोसायटी पहुंचकर गोदाम में रखे खाद का निरीक्षण किया और किसानों से मुलाकात की। इस दौरान किसानों ने श्रीमती मुंजारे को बताया कि हम लोगों ने धान की फसल में खाद डालने के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना का भारत एपीएस २०-२०-०-१३ एवं डीएपी खाद सोसायटी से लेकर गये थे और फसल में डाले है परन्तु १५ दिन बीत जाने के बाद भी वह घुल नही पाया है जिससे किसान खासा परेशान है। जिस पर समिति के प्रबंधक एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने संतुष्टजनक जवाब नही दे पाये और कहा कि पूर्व में यहां खाद घुल जाता था परन्तु इस बार किसान बता रहे है कि नही घुल रहा है इसलिए खेतों का निरीक्षण कर २०-२०-०-१३ एवं डीएपी उर्वरकों की जांच हेतु सैंपल एकत्रित कर लेंब भेजा गया है। लैंब से जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा कि किस कारण से खाद पानी में नही घुल रहा है। वहीं विधायक श्रीमती मुंजारे ने कहा कि डीएपी एवं अन्य खाद घुलनशील होती है वह पानी के संपर्क में आने से घुल जाती है परन्तु निलजी सहित अन्य ग्रामों के किसान बता दे रहे है कि २०-२०-०-१३ एवं डीएपी खाद खेत में डालने के १५ दिन बाद भी नही घुल पाया है जिससे ऐसा लग रहा है कि किसानों को नकली खाद वितरण कर भ्रष्टाचार किया गया है। जिसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई है और हमारा बालाघाट जिला किसान प्रधान जिला है अधिक मात्रा में खाद आई होगी। जिससे किसानों को बेची जा रही है जो गलत है इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना का भारत एपीएस २०-२०-०-१३ एवं डीएपी खाद का सैंपल लेकर जांच करवाये कि खाद नकली तो नही है। वहीं कृषि विभाग के उपसंचालक राजेशकुमार खोब्रागढ़े से दूरभाष पर निलजी सोसायटी से किसानों को प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना का भारत एपीएस २०-२०-०-१३, डीएपी खाद का वितरण किया गया है जिसे फसल में डालने के १५ दिन बाद भी नही घुलने एवं खाद के संबंध में चर्चा करने का प्रयास किया गया परन्तु संपर्क नही हो पाया। इस निरीक्षण के दौरान विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के साथ उनके समर्थक एवं किसान उपस्थित रहे।

### खाद में हुआ है भारी भ्रष्टाचार - अनुभा

विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने बताया कि निलजी सोसायटी के अंतर्गत किसानों को रबी की फसल के लिये डीएपी खाद, अमोनिया फास्फेड सल्फेड, २०-२०-०-१३ दिया गया है जिसके छिंडकाव के बाद कुछ आश्चर्यजनक परिणाम किसानों को देखने में मिले है जिसकी शिकायत किसानों के द्वारा मुझसे की गई थी और किसानों ने बताया कि जो डीएपी खाद सोसायटी के माध्यम से मिली है वह घुल नहीं रही है। जबकि डीएपी की खाद घुलनशील होती है वह पानी के संपर्क में आने से घुल जाती है, लेकिन किसानों के द्वारा जब इस डीएपी खाद का छिंडकाव अपने खेतों में किया तो यह खाद घुल नहीं रही है बल्कि जमीन में जाकर बैठ गई है। वहीं २०-२०-०-१३ खाद वह पानी में ऊपर तैर रही है, स्थिर नहीं रह पा रही है। जिससे ऐसा लग रहा है कि यह खाद असली नही है बल्कि किसानों को नकली खाद देकर भारी भ्रष्टाचार किया गया है। श्रीमती मुंजारे ने बताया कि किसान बड़ी राशि देकर खाद खरीदे है लेकिन इसके परिणाम से वे डर गये है जिसकी शिकायत किसानों ने सोसायटी प्रबंधक एवं कृषि विभाग के उच्चाधिकारियों से की है और मेरे द्वारा संबंधित अधिकारी से चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि एक जांच दल गठित किया गया है जिनके द्वारा खेतों में पहुंचकर निरीक्षण किया जा रहा है एवं खाद के सेम्पल जांच के लिए भेजा गया है। साथ ही यह भी बताया कि बालाघाट जिला कृषि प्रधान जिला है और प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना का भारत एपीएस २०-२०-०-१३, डीएपी एवं अन्य खाद बड़ी मात्रा में आई होगी एवं सभी किसानों को यही खाद बेची गई होगी। इस तरह से किसानों को मिलने वाली नकली खाद की आड़ में करोड़ो रूपये का घोटाला होता दिखाई दे रहा है एवं इस तरह का पूरा मामला प्रदेश स्तर पर भी हो रहा होगा इसलिए हमारी मांग है कि संबंधित विभाग व अधिकारी-कर्मचारियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए जो नकली खाद सोसायटी में भेजकर किसानों को बेच रहे है।

### विधानसभा में उठाया जायेगा खाद का मुद्दा

श्रीमती मुंजारे ने बताया कि इस खाद के मामले को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया जायेगा उसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होती है तो हमारे द्वारा किसानों को न्याय दिलवाने के लिए सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। साथ ही यह भी बताया कि वहीं विभाग का कहना है कि किसानों के पास जो बची हुई खाद है उसे वापस लेकर दुसरी खाद दिये जायेगें कहा जा रहा है परन्तु जिन किसानों ने पुरी खाद का उपयोग कर लिये है उन्हे राशि वापस होना चाहिए। प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना का भारत एपीएस २०-२०-०-१३ डालने से किसान अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे है और जो सैंपल लिये गये है उसकी रिपोर्ट १५ दिनों के बाद आयेगी जबकि किसानों की फसल में वर्तमान में पोषण व खाद की जरूरत है। यदि समय पर पोषण व खाद नही मिलेगा तो उनकी फसल प्रभावित होगी जिससे किसानों को आर्थिक परेशानियों से जुझना पड़ेगा इसलिए खाद की जांच कर जिम्मेदारों पर वैधानिक कार्यवाही होनी चाहिए।

# तेज आंधी-तूफान में बिजली तार टूट जाने से दिनभर रही बिजली गुल

## लोगों को हुई परेशानी, विद्युत विभाग ने विद्युत तार को दुरूस्त कर प्रदाय की बिजली

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गत दिवस से अचानक मौसम परिवर्तन होने के साथ ही शाम के समय लगातार दो दिनों से बारिश हो रही है और मंगलवार की रात में तेज आंधी-तुफान के साथ ही झमाझम बारिश हुई थी। जिसके चलते नगर मुख्यालय के हाई स्कूल मार्ग स्थित विद्युत पोल पर लगे विद्युत तार टूट जाने के कारण बुधवार को दिनभर बिजली गुल रही। जिससे विद्युत उपकरण से चलने वाले व्यापार प्रभावित हुए वहीं आमजनों को भी कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा। आंधी-तुफान में टूटे विद्युत तार को दुरूस्त करने का काम विद्युत विभाग के द्वारा बुधवार को शाम ५ बजे तक किया गया जिसके बाद बिजली प्रदाय की गई। बुधवार को दिनभर बिजली गुल रहने के कारण बैंक, ऑनलाईन सेंटर, आटा चक्की, धान पिसाई मशीन सहित विद्युत उपकरण से चलने वाले दुकानों में लोगों की खासी भीड़ नजर आई और वे परेशान होते रहे। आपकों बता दे कि लालबर्रा मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गत दो दिवस से अचानक मौसम परिवर्तन होने एवं शाम के समय तेज आंधी-तुफान एवं बादल गर्जन के साथ एक से दो घंटे तक बारिश हो रही है और खेतों में लगी चना, लखोड़ी, अलसी सहित अन्य दलहन फसल प्रभावित हो रही है। जिससे किसान परेशान है एवं गेंहू की फसल के लिए यह बारिश लाभ दायक है परन्तु तेज आंधी-तुफान के साथ ही तेज बारिश व ओले गिरते है तो गेंहू, चना सहित दलहन फसलों को काफी नुकसान हो सकता है जिसको लेकर किसान काफी चिंतित नजर आ रहे है। वहीं तेज आंधी-तुफान चलने के कारण रात्रि के समय बार-बार बिजली गुल हो रही है जिसके कारण सबसे अधिक परेशानी छात्र-छात्राओं को रही है क्योंकि बोर्ड कक्षाओं की परीक्षा के साथ ही स्थानीय कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा जारी है जिन्हे रात्रि के समय पढ़ाई करने में परेशानी होती है। साथ ही किसानों के द्वारा खेतों में रबी सीजन में धान की फसल लगाई जा रही है जिसमें पानी की अति आवश्यकता पड़ती है परन्तु बिजली कटौती होने से खेतों में मोटरपंप नही चला पा रहे है इसलिए क्षेत्रीयजनों ने विद्युत विभाग से विद्युत पोल एवं ट्रासफार्मर में तकनीकी खराबी है तो उसमें सुधार कर नियमित रूप से बिजली प्रदाय करने की मांग की है।



# पंचायत परिसर एवं अन्य स्थानों की सफाई कर स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को किया गया जागरूक

## धरपीवाड़ा में महाविद्यालय के एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर जारी


लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा की एनएसएस इकाई के द्वारा थीम ' स्वास्थ्य, जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य' पर २७ फरवरी से ग्राम पंचायत धरपीवाड़ा में ७ दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार खण्डायत के द्वारा हरी झंडी दिखाकर शिविर दल को महाविद्यालय प्रांगण से शिविर स्थल ग्राम पंचायत भवन धरपीवाड़ा के लिए रवाना किया गया। जिसके साथ ही ७ दिवसीय एनएसएस इकाई के विशेष शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एस. के. खण्डायत की अध्यक्षता, डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व, ग्राम पंचायत धरपीवाड़ा के संरपच संजय कटरे के मुख्य आतिथ्य, जगदीश शाडिल्य पंचायत सचिव एवं शिवेन्द्र डहरवाल सहायक सचिव के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती, स्वामी विवेकानंद, डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर एवं महात्मा गांधी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। अतिथियों के स्वागत के पश्चात स्वयं सेवक मितेश शिववंशी द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीपकुमार भिमटे के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं लक्ष्य तथा शिविर कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। सरपंच संजय कटरे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर ग्राम पंचायत धरपीवाड़ा में लगना हमारे लिए गौरव की बात है तथा हम शिविरार्थियों को यथासंभव सहयोग करेंगे। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. संगीता मेश्राम ने राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिविर में स्वयं सेवक अनुशासन में रहकर कार्य करें एवं समाज तथा देश सेवा करते हुए एक श्रेष्ठ उदाहरण बने। प्राचार्य डॉ. एस.के. खण्डायत ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के अनुरूप हमारे स्वयं सेवक समाज सेवा कार्य करने उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते है तथा मिलजुल कर कार्य करने की भावना का विकास करते है। कार्यक्रम का संचालन शिविर नायक विद्यार्थी गौरव उइके एवं आभार प्रदर्शन डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे द्वारा किया गया तत्पश्चात स्वयं सेवकों के दलो का गठन किया। जिसमें शिवाजी महाराज दल, सावित्री बाई फुले दल, रानी लक्ष्मी बाई दल एवं महाराणा प्रताप दल बनाये गये एवं दलो को आगामी कार्य योजना की महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। शिविर के दुसरे दिन २८ फरवरी को "जल संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता" विषय पर प्रात: ७ बजे से स्वयं सेवकों की सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मनीष शिवहरे के नेतृत्व में प्रभात फेरी एवं नारे लगाते हुए गांव का भ्रमण शिविरार्थी स्वयं सेवकों द्वारा किया गया एवं ग्रामीण जनों को पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया गया। वहीं स्वयं सेवकों ने अनुशासन में रहकर परियोजना कार्य में संलग्न होकर नालियों की साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति ग्रामीणजनों को जागरूक किया। जल संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता विषय पर शिविर में अपरान्ह में विशेष व्याख्यान माला बौध्दिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुशील बर्मन जिला समन्वयक जन अभियान परिषद द्वारा विद्यार्थियों को जल संरक्षण के उपाय एवं पर्यावरण को बचाये रखने हेतु प्रेरित किया। विषिष्ट अतिथि महेन्द्र पटले वन विभाग लालबर्रा ने पर्यावरण एवं वन संरक्षण संबंधी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर चन्द्रकुमार बसेने समाजिक कार्यकर्ता, श्रीमती सीता उइके समन्वयक जन अभियान परिषद विकासखण्ड लालबर्रा, मनीष शिवहरे , डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे सहित ग्रामीणजन एवं एनएसएस के शिविरार्थी उपस्थित रहे।



# विधायक श्रीमती मुंजारे के निरीक्षण के बाद जागा प्रशासन

## क्षतिग्रस्त पुल स्थल का प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के तहसील कार्यालय के समीप से होकर गुजरे लालबर्रा से बोरी पहुंच मार्ग पर सर्राटी नदी में विगत वर्ष पूर्व लाखों रूपयों की लागत से पुल का निर्माण किया गया था परन्तु निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन होने के कारण ६ माह पूर्व सर्राटी नदी में बाढ़ आने से पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसके कारण आने-जाने वालों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और उक्त समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए विगत दिवस बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में समाचार प्रकाशित किया गया था। अखबार में समाचार प्रकाशन के बाद गत दिवस बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के द्वारा सर्राटी नदी पर बने क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण कर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के महाप्रबंधक से चर्चा कर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अस्थाई मार्ग एवं मरम्मत कार्य करवाने के लिए निर्देशित किया गया था। जिसके बाद २८ फरवरी को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर उपयंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ क्षतिग्रस्त पुल स्थल का निरीक्षण किया और जल्द ही क्षतिग्रस्त स्थान पर पाईप लगाकर मार्ग को चालू करवाने के लिए अस्थाई मार्ग बनाने की बात कही है। क्षतिग्रस्त पुल का मरम्मत कार्य के साथ ही अस्थाई मार्ग बन जाने से लोगों को आने-जाने में हो रही परेशानियों से निजात मिल जायेगी। वहीं राहगीर एवं ग्रामीणजनों ने बताया कि पुल का घटिया निर्माण होने के कारण निर्माण के कुछ साल बाद ही पुल क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिसके कारण इस पुल से आने वाले दर्जनों ग्रामों के ग्रामीणजनों को आने-जाने में बेहद ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और प्रशासन के द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अस्थाई मार्ग का निर्माण किया जा रहा है परन्तु बरसात के पुर्व नवीन पुल का निर्माण नही किया गया तो समस्या जस की तस हो जायेगी इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि नवीन पुल का निर्माण जल्द करवाये। इस दौरान ग्राम पंचायत पांढरवानी सरपंच अनीस खान, शैलेष केकती, डीपी सिलेकर, रेखचंद बिसेन सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।





### नवीन पुल का किया जाये निर्माण - रेखचंद

रेखचंद बिसेन ने बताया कि लालबर्रा से बोरी पहुंच मार्ग पर सर्राटी नदी में बना पुल का निर्माण बहुत ही घटिया तरीके एवं गुणवत्तापूर्ण नही किया गया था जिसके कारण पिछले वर्ष की तेज बारिश में पुल क्षतिग्रस्त हो चुका है और पुल क्षतिग्रस्त होने से दर्जनों ग्रामों के ग्रामीणजन एवं छात्र-छात्राओं को आने-जाने में बेहद ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस तरह से गुणवत्ताहीन पुल का निर्माण कर शासन की राशि का दुरूपयोग किया गया है। श्री बिसेन ने बताया कि आज क्षतिग्रस्त पुल का विभागीय अधिकारियों ने निरीक्षण किया है और वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अस्थाई मार्ग बनाने वाले है ताकि आवागमन शुरू हो सके। साथ ही यह भी बताया कि यह कुछ दिनों के लिए ठीक है परन्तु बरसात के पूर्व नवीन पुल का निर्माण नही किया गया तो समस्या जस की तस हो जायेगी इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि जल्द नवीन पुल का निर्माण करवाये।



### जल्द मरम्मत कार्य किया जायेगा प्रारंभ - अखिलेश

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के उपयंत्री अखिलेश बुरडे ने बताया कि पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण ग्रामीणजन एवं छात्र-छात्राओं को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अस्थाई मार्ग का निर्माण किया जायेगा ताकि आवागमन चालू हो सके जिसका कार्य जल्द प्रारंभ कर दिया जायेगा। साथ ही यह भी बताया कि शासन से राशि स्वीकृत होने के बाद पुल कर मरम्मत (एप्रोज) कार्य करवाया जायेगा।



# नेवरगांव ला. स्कूल में मनाया गया स्काउड गाइड के जनक बेडेन पावेल का जन्मदिवस

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ९ किमी. दूर ग्राम पंचायत नेवरगांव ला. स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गत दिवस स्काऊट गाडड के जनक बेडेन पावेल का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने स्काउड गाइड के जनक बेडेन पावेल के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर उन्हे याद किया। इस अवसर पर प्रात: १०.३० बजे फ्लेग होस्टिंग भावना तिलकर, दोपहर १२.३० बजे से टेंट निर्माण, दोपहर १ बजे से भोजन, दोपहर २ बजे से ३ बजे तक सर्व धर्म प्रार्थना, दोपहर ३.३० बजे से शाम ४ बजे तक उद्बोधक एवं प्रसादी वितरण का कार्य किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य आर.एस. मर्सकोले के द्वारा स्काउट गाइड एवं बेडेन पावेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुशासित होकर आत्मनिर्भर बनने की बात कही। शिक्षक प्रवीण बिसेन के द्वारा छात्र-छात्राओं को बेडेन पावेल द्वारा दी गई शिक्षा जिसमें प्रकृति एक महान शिक्षक, प्रेरणा और आजीवन अनुभवों का स्तोत्र है और आखिरकार स्काउटिंग ७५ आउटिंग हैं एवं शिविर में एक सप्ताह के सबसे अच्छे दिनों में से एक है, बाहर रहकर एक सप्ताह बिताने की बात कही। इस अवसर पर स्काउट मास्टर पवन सपाटे, गाइड केतन श्रीमती उमा मार्को ने भी बेडेन पावेल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में स्काउट गाइड सर्वप्रथम १९१३ में बेडेन पावेल द्वारा प्रारम्भ करवाया गया। इस अवसर पर स्काउट में नवीन दुधारे, गौरव गिरि, अमित पंचेश्वर, अंकित ठाकरे, तिलकर, गाईड अर्पिता बिसेन, वीयिका मानेश्वर, भावना तिलकर निलम चौधरी, नीतु मानेश्वर,, चेतना रामानंदी सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



कंजई में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# मुझे अनावश्यक रूप से फॅसाने का प्रयास किया जा रहा है-मनोज लिल्हारे

## अज्ञात लोगों के द्वारा घर में घुसकर तलाशी लेने पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश



**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरमाली के सरपंच मनोज लिल्हारे के निवास पर मंगलवार की रात्रि में करीब १२ बजे अज्ञात लोगो के द्वारा जबरन घर में घुसकर और तलाशी लिये जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। बताया जा रहा है कि रात्रि में करीब ४ महिलायें और ८ पुरूषों के द्वारा घर की तलाशी ली गई। जिससे डोंगरमाली सरपंच मनोज लिल्हारे के परिवार भयभीत स्थिति में देखा जा रहा है। जिसकी शिकायत सरपंच मनोज लिल्हारे के बडे भाई खेमेन्द्र लिल्हारे के द्वारा रामपायली थाने में जाकर लिखित शिकायत देकर जांच की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार २८ फरवरी की रात्रि लगभग १२ बजे तीन गाडियों में ४ महिलायें और ८ पुरूषों की टीम डोंगरमाली सरपंच मनोज लिल्हारे के भाई खेमेन्द्र लिल्हारे के मकान में घुसे और घर की तलाशी लेने लगे। इस दौरान खेमेन्द्र लिल्हारे के परिजन ग्राम के ही पूर्व सरपंच अशोक लिल्हारे के यहां शादी समारोह में गये हुए थे और घर में खेमेन्द्र लिल्हारे की पत्नि श्रीमती शीला लिल्हारे अकेली थी। घर में घुसे और घर की तलाशी ले रहे लोगों से शीला लिल्हारे ने पूछा की आप कौन हो और क्यों आये हो तब उन्होने कहा कि हम अपना काम कर रहे है आप चुप रहो। इसी बीच पडोसी एवं अन्य ग्रामीणजन आने लगे तो वह जल्दी चलो जल्दी चलो कह कर चले गये। इसकी जानकारी शीला लिल्हारे के द्वारा परिजनो को दी और परिजन घर वापस आयें इस दौरान वहां अनेक ग्रामीणजनों की भीड लग गई। और कुछ गाड़ियों से आये महिला और पुरूष भाग गये।**

### मेरी राजनीतिक छवि एवं प्रतिष्ठा धूमिल करने यह साजिश रची जा रही है-मनोज लिल्हारे


डोंगरमाली सरपंच मनोज लिल्हारे ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि गत रात्रि ३ गाडियों से ४ महिला और ८ पुरूष मेरे घर में घुस गये और घर की तलाशी लेने लगे। इस दौरान घर के सभी लोग ग्राम के पूर्व सरपंच अशोक लिल्हारे के यहां शादी समारोह में गये हुए थे घर में सिर्फ हमारी भाभी शीला लिल्हारे थी। श्री लिल्हारे ने बताया कि भाभी ने घर में घुसे लोगो से पूछा की आप लोग बिना पूछे घर में घुस गये और घर की तलाशी क्यों ले रहे है आप लोग कौन हो और कहां से आये हो। घर में कोई नही है और आप लोग यहां सब क्या कर रहो। तब उन्होने कहा कि हम बालाघाट पुलिस से है आप शांत रहे। इस के बाद भाभी ने हमारे घर वालो को इसकी जानकारी दी तब हमारे परिजन दौडते हुए घर आयें। घर वाले एवं ग्रामीणजनों को इकट्ठा होते देख वह लोग भाग गये। मेरा कहना है कि बिना किसी सर्च वारंट एवं रामपायली थाने को बिना सूचना दिये आधी रात को जब हमारे घर में कोई नही था तब घर में कैसे घुसे और तलाशी क्यों ली। अगर आप लीगल थे और सही थे तो तलाशी की प्रक्रिया का पालन करते हुए सबके सामने सारा विषय और कारण बताते और तलाशी लेते। श्री लिल्हारे ने बताया कि



इसके बाद हमारे बडे भाई खेमेन्द्र लिल्हारे ने तत्काल रामपायली थाना जाकर उक्त घटना की लिखित शिकायत देकर जांच की मांग की है। शिकायत में १० से १२ लोग, १२ बजकर १० मिनट में आने की सीसीटीवी फुटेज है और १२ बजकर २० मिनट में चले गये। इससे पूर्व भी हमारे साथ दो बार ऐसी घटनाऐं हो चुकी है। मुझे अनावश्यक फॅसाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसकी जानकारी मैने तत्कालीन समय में राज्यपाल महोदय, कलेक्टर सहित सभी उच्च अधिकारियों को लिखित में दी है। रात्रि में १२ बजकर २० मिनट में मेरे घर से गये और १२ बजकर २७ मिनट में एक अज्ञात नंबर से मेरे पुराने नंबर के अकाउंट में १५ हजार रूपये डाला गया। यह सब मुझे फसाने की साजिश रची जा रही है। अगर तलाशी लेने वाले स्वयं कुछ रख देते और मुझे फसा देते तो इसका जिम्मेदार कौन रहता। मेरी मांग है कि घटना की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जायें। श्री लिल्हारे ने कहा कि मैं जनप्रतिनिधि हूँ मैने विधानसभा चुनाव में विधायक का चुनाव लड़ा है मेरी राजनीतिक छवि एवं प्रतिष्ठा धूमिल करने के लिए यह साजिश रची जा रही है।

### मैने देखा मनोज लिल्हारे के घर कुछ अज्ञात लोग आये थे-नेतलाल लिल्हारे

पड़ोसी नेतलाल लिल्हारे ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि मैं रात्रि में पेशाब करने उठा तो मैने देखा की कुछ गाडियां सरपंच मनोज लिल्हारे के घर के सामने खडी है। तब मैने जाकर देखा की मेरे पड़ोस में १० लोग है मैने वहां जाकर देखा और पूछा की आप लोग कौन हो तो उन्होने कहा कि तुम्हारा यहां क्या काम है जाओं यहां से फिर भी मैं वहां खड़ा रहा।




### अज्ञात लोग बिना बतायें घर में घुसे और तलाशी लिये- शीला लिल्हारे

श्रीमती शीला लिल्हारे ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि मैं घर में अकेली थी लगभग सवा १२ बजे, १० लोग घर में घुस आये और घर की तलाशी लेने लगे। घर की पाटन, अलमारी, पेटी सब खोल खोलकर देखने लगे। तब मैने पूछा की आप लोग कौन हो और यह सब क्या कर रहे हो तो उन्होने कहा कि हम अपना काम कर रहे है। तुम चुप रहो इतने में गांव के कुछ लोग आ गये और उनसे पूछने लगे तो वह जल्दी चलो जल्दी चलो कहकर चले गयें।



# वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र की १९ पंचायतों के विकास कार्यों का भूमिपुजन आज

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र की १९ पंचायतों के २२ बड़े विकास कार्यो का भूमिपुजन आज किया जायेगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल पंचायत एवं ग्रामीण विकास, सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के अथक प्रयासो से सीसी सडक,कांपेलक्स निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, बाउड्री वाल, ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, पुलिया निर्माण, खेल मैदान, स्टाप डेम निर्माण जैसे करोड़ो रूपये की राशि से विकास कार्यो का भूमिपुजन किया जायेग। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने चर्चा कर बताया की पंचायत राज संचालनालय म.प्र के द्वारा प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा भोपाल के पत्र द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अधोसरंचना योजना प्राप्त प्रस्तावो पर प्रमुख अभियंता ग्रामीण यात्रिकी सेवा भोपाल के द्वारा विकास निर्माण कार्यो की प्रदत्त तकनीकी स्वीकृति के अनुसार निम्नानुसार कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। श्री जायसवाल ने बताया कि वारासिवनी के तहसील कार्यालय के सामुदायिक भवन में गुरूवार की दोपहर में जनपद पंचायत व नगर पालिका परिषद के अंतर्गत विकास कार्यो का भूमिपुजन एक साथ वर्चुअल रूप से किया जा रहा है। जिसमें ग्राम पंचायत शेरपार में पंचायत भवन निर्माण लागत २५ लाख, झालीवाड़ा में फ ेकटूलाल मेश्राम के खेत के पास स्लेब पुलिया निर्माण लागत २०.६१ लाख रूपये,सिर्रा में हाईस्कूल हेतू बाउंड्रीवाल निर्माण लागत २० लाख रूपये, मेंढ़की में



खेल मैदान लागत २० लाख, सिंगोडी में पाईप पुलिया निर्माण १९.९१ लाख रूपये, देवंगाम में सामुदायिक भवन निर्माण १५ लाख, तुमाड़ी में सामुदायिक भवन लागत १५ लाख,कासपुर में माध्यमिक शाला की बाउंड्रीवाल निर्माण लागत १५ लाख, बोटेझरी में सामुदायिक भवन १५ लाख, गटापायली सामुदायिक भवन १५ लाख, सिंगोडी स्टाप डेम निर्माण लागत १४.९१ लाख, झालीवाड़ा बालक छात्रावास की बाउंड्रीवाल निर्माण लागत १० लाख, लड़सड़ा के बाजार चौक में सीमेंटीकरण एवं पेवर ब्लाक लागत १५ लाख,खैरलांजी ब्लाक के घोटी में सीसी सड़क निर्माण २५ लाख, भेंडारा में कांपलेक्स निर्माण २५ लाख, लावनी में सामुदायिक भवन २५ लाख, साकड़ी में बाउंड्रीवाल निर्माण २५ लाख, बेनी में सामुदायिक भवन २५ लाख, सतोना में सामुदायिक भवन लागत २५ लाख,सेलवटपार में सामुदायिक भवन २४ लाख, पिंडेकपार में सामुदायिक भवन लागत २१.९१ लाख,सेलवटपार में सभामंच लागत ३ लाख रूपये की राशि से भूमीपूजन संयूक्त रूप से किया जायेगा। श्री जायसवाल ने कहा की इन ग्राम पंचायतो के अलावा भी विधानसभा क्षेत्र की शेष बची ग्राम पंचायतो में इसी तरह विकास की बडी बडी सौगात देने का कार्य प्रगतिशील है। प्रक्रिया प्रारंभ है शेष बची ग्राम पंचायतो में भी करोड़ो रूपये की राशि के विकास कार्य किया जायेग।

# ग्राम सिकन्द्रा में राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर प्रांरभ

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज)। कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में कार्यरत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सत्र २०२३-२४ का विशेष शिविर ग्राम पंचायत भवन सिकन्द्रा में सुशील बर्मन के द्वारा माँ सरस्वती एवं प्रतीक पुरूष स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। स्वंय सेविका कुमारी भूमिका सोनकुसरे एवं कुमारी श्रुति गौतम के द्वारा माँ सरस्वती की वंदना के गायन के उपरांत अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं पुष्प हार से स्वागत किया गया। संस्था के प्राचार्य निरंजन बिसेन के द्वारा शिविर में संपन्न की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि जन स्वास्थ्य जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य के उद्देश्य से सम्पन्न होने वाले इस शिविर में परियोजनात्मक कार्य के अतिरिक्त जो बौद्धिक कार्यक्रम सम्पन्न होगें। उनमे महिलाओं के विकास से संबंधित जानकारियां सफलता का सत्र एवं वर्तमान परिवेश में धर्म एवं अध्यात्म के प्रति आस्था पशु मेला पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास कार्यक्रम एवं योगाभ्यास सहित योग एवं स्वास्थ्य समाज पर व्याख्यान माला का आयोजन किया जावेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी इसी आयोजन में सम्मिलित होगा। इस दौरान सतेन्द्र सिंह शरणागत, कन्हैया खैरवार ,श्रीमती अल्का ठाकर ,थानेन्द्र नगपुरे ,नामदेव राऊत मौजूद रहे। वहीं सुशील बर्मन के द्वारा शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की अपेक्षा शिवरार्थीयों से की गई। समारोह का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया।

# पिपरिया में भागवत महापुराण सम्पन्न

## भागवत महापुराण में शामिल हुए विधायक पटेल

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया में २१ फरवरी से






श्री संगीतमय श्री भागवत महापुराण का आयोजन किया गया। जो २८ फरवरी को समापन हुआ। समापन के अवसर पर विधायक विवेक पटले ने कथा वाचक आचार्य देवीशरण दीक्षित महाराज का आर्शीवाद प्राप्त किया। वहीं कथा वाचक आचार्य देवीशरण दीक्षित महाराज ने भगवान श्री कृष्ण के बारे में विस्तार से श्रद्धांलुओं को बताया। वहीं श्रद्धांलुगण भी धार्मिक भजनो पर नृत्य करते रहें। जिसके बाद भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद सजीव झाँकिया भी सजाई गई जो आकर्षण का केंद्र रही। वहीं विधायक विवेक पटेल ने कहा की यह सौभाग्य का विषय है की यहां की युवा पीढ़ी के द्वारा कई वर्षो से यहां भागवत महापुराण पुराण का आयोजन किया जा रहा है। भागवत जीवन जीने की एक शैली है सभी को भागवत सुनना चाहिए। ग्राम में ऐसे भागवत कार्यक्रम के करवाने से ग्राम में शांति और सभी लोगो में एकता बनी रहती है। इस दौरान सरपंच छबिलाल माहुले,पीतेंद्र बिसेन,दयानंद पटले, बंटी पगरवार, आशीष मंगलकर, दुगेंद्र बिसेन, आलोक बिसेन, आकाश मर्सकोले, रंजीत बिसेन,अतुल बिसेन, परमेश मसखरे, प्रेम हनवत, मलखन हनवत, मेघराज हनवत, संजय मंगलकर,मुन्ना हनवत, आशीष हनवत, मानिक बघेले सहित अन्य ग्रामीणजन मौजूद रहें।

# केशव इंग्लिश स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन






वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। केशव इंग्लिश स्कूल में २८ फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। भौतिकी के क्षेत्र में नोबल पुरस्कार विजेता भारतीय वैज्ञानिक सीवीमन की खोज ,रमन प्रभाव को याद करने के लिए इस दिन को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी आर एस मर्सकोले की उपस्थित में प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक सत्यम सोनी ने किया। जिसमें उन्होंने भारतीय वैज्ञानिक सीवी मन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विज्ञान में उनकी रुचि और उनके अनुसंधान के बारे में जानकारी दी। वहीं आर एस मर्सकोले के द्वारा छात्र छात्राओं को विज्ञान और भाषाओं के अध्ययन पर जानकारी दी। समिति के सचिव संजय मांधाता ने बच्चों को बताया कि जीवन में हर तरफ में विज्ञान है हमारा गणवेश,हमारी प्रार्थना सब तरफ विज्ञान है। उसके बाद सभी ने प्रदर्शनी का भ्रमण किया। बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी की और बहुत ही उत्साह के साथ विभिन्न प्रकार के कार्यशील मॉडल तैयार किए। निर्णायक मंडल में विद्यालय समिति की सदस्यां श्रीमती चेतना देवरस, भौतिकी के शिक्षक हर्षित कटरे ,रसायन के शिक्षक विवेक शुक्ला शामिल रहे। प्रदर्शन और प्रस्तुति के आधार पर छात्र छात्राओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान दिया जाएगा। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी छात्र छात्राऐं अपने आप में विजयी हैं। क्योंकि सभी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया और बेहतरीन प्रयास किया जो एक विजेता की निशानी है।

# निगमित सामाजिक दायित्व योजना अंतर्गत कुकर एवं धुंआ रहित चूल्हे का किया गया वितरण

लामता(पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम लिमिटेड लामता परियोजना मंडल बालाघाट परिक्षेत्र लामता के अंतर्गत वन समिति खैरा के तत्वाधान में निगत सामाजिक दायित्व योजना के अंतर्गत ग्राम खैरा के 16 गरीब आदिवासी परिवार को कुकर एवं धुआ रहित चूल्हा का वितरण किया गया। अमित कुमार सिंह चौहान मंडल प्रबंधक ने बताया कि वनों से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से ग्रामीण जनों को बताया एवं अवैध कटाई से होने वाली हानियां से मानव जीवन मे क्या क्या परेशानियां होती है तथा पर्यावरण को संतुलित बनाएं रखने के लिये वनों का होना प्रमुख बताया है ,वन समिति अध्यक्ष एवं समस्त सदस्यों एवँ ग्रामीणजनों से वनों को आग से बचाने ,एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए सुझाव दिया गया , वन विभाग के द्वारा ग्रामीण जनों को कुकर एवँ धुंआ रहित चूल्हा प्रदान कर उसकी विशेषता भी बताया गया। ग्राम पंचायत लामता सरपंच श्री हुलासमल कोचर ने वन विभाग की इस पहल की तारीफ करते हुए ग्रामीणों को धुंआ रहित चूल्हा का फायदा बताया गया ,धुंआ से मानव को जो बीमारी होती है उससे निजात के लिए कारगर बताया। यह कार्यक्रम वन विकास निगम परियोजना परिक्षेत्र लामता के ग्राम खैरा में आयोजित किया गया था ,इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत लामता के सरपंच हुलासमल कोचर ,मंडल प्रबन्धक अमित कुमार सिंह चौहान ,सहायक मंडल प्रबंधक सुरेंद्र कुमार शेंडे ,वन परिक्षेत्र अधिकारी विजय कुमरे, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी प्रदीप चौधरी , वन परिक्षेत्र अधिकारी उकवा रवि गेडाम , शीतल दुबे वनरक्षक ,सरवन उइके वन रक्षक, लामता वन समिति अध्यक्ष शत्रुघ्न असाटी खैरा वन समिति अध्यक्ष आँसू लाल उइके ,समस्त ग्राम वन समिति के सदस्यगण ,वन विकास निगम के समस्त सुरक्षाकर्मी एवं समस्त ग्रामीणजन के उपस्तिथि में सामग्री वितरण किया गया।



खैरलांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# उपभोग की व्याख्या : घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण

बीते शनिवार को देर रात जारी एक असामान्य विज्ञप्ति में, सांख्यिकी मंत्रालय ने अगस्त 2022 और जुलाई 2023 के बीच किए गए घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के व्यापक निष्कर्षों को पेश किया। यह बेहद महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि यह 2011-12 के बाद जारी किया गया पहला ऐसा प्रमुख सर्वेक्षण-आधारित डेटा है, जो घरेलू स्तर पर जमीनी हकीकत को दर्शाता है। खासतौर पर, उस स्थिति में जब 2021 से बकाया दशकीय जनगणना की दूर-दूर तक कोई भी संभावना नजर नहीं आ रही है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) द्वारा हर पांच साल में घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण कराया जाता है। वर्ष 2017-18 में कराये गये पिछले ऐसे उपभोग सर्वेक्षण और इसी किस्म के रोजगार सर्वेक्षण के नतीजों को डेटा में 卐गुणवत्ता संबंधी समस्या卐 का हवाला देते हुए सरकार द्वारा खारिज कर दिया गया था। उस डेटा को संभवत: उसमें दर्शाई गई बुरी खबरों की एक व्यंजना के बतौर देखा जा सकता था। अगर 2017-18 के सर्वेक्षण को इसलिए तिलांजलि दे दी गई थी क्योंकि उसमें देश की अनौपचारिक अर्थव्यवस्था पर 2016 के अंत में किए गए उच्च मूल्य के नोटों के विमुद्रीकरण और उसके बाद वस्तु एवं सेवा कर की शुरुआत के व्यापक हानिकारक प्रभावों को दर्शाया गया था, तो 2022-23 के सर्वेक्षण की व्याख्या भी सख्त अंदाज में करने की जरुरत है।

क्योंकि, यह संभवत: दो साल की महामारी-प्रेरित प्रतिबंधों और आमदनी में नुकसान के बाद उपभोग में देखी गई तेजी – जिसे अर्थशास्त्री दबी हुई मांग का प्रकटीकरण कहते हैं – को बढ़ा-चढ़ाकर दिखा सकता है।

साफ तौर पर, यह सर्वेक्षण उपभोग पैटर्न में आए कुछ दिलचस्प बदलावों की ओर इशारा करता है और गहन विश्लेषण को संभव बनाने के लिए इसके संपूर्ण निष्कर्षों को तत्काल प्रकाशित किया जाना चाहिए। शहरों में परिवारों का औसत मासिक प्रति व्यक्ति उपभोक्ता व्यय (एमपीसीई) 2011-12 से 33.5 फीसदी बढ़कर 3,510 रूपये तक जा पहुंचा है और ग्रामीण भारत में 40.4 फीसदी बढ़कर 2,008 रुपये हो गया है। सरकार ने इसे बढ़ती आमदनी, असमानता कम होने और गरीबी के स्तर में तेज गिरावट के संकेत के रूप में चित्रित करने की कोशिश की है। लेकिन इसका मतलब यह है कि 11 सालों में ग्रामीण खर्च में जहां 3.5 फीसदी की चक्रवृद्धि सालाना वृद्धि हुई है, वहीं शहरी परिवारों के खर्च में ऐसी तीन फीसदी की बढ़ोतरी हुई है – जो इस अवधि में मुद्रास्फीति और सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर से काफी कम है। हैरानी की बात यह है कि पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी अनगिनत कल्याणकारी योजनाओं के जरिए हासिल मुफ्त वस्तुओं के अनुमानित मूल्यों को जोड़ने के बाद भी, औसत एमपीसीई ग्रामीण परिवारों के लिए सिर्फ 2,054 रुपये और शहरी परिवारों के लिए 3,544 रुपये तक ही बढ़ा। ग्रामीण घरों में भोजन पर मासिक खर्च का अनुपात 50 फीसदी से नीचे (46.4 फीसदी) और शहरी घरों में 40 फीसदी से कम हो जाना उल्लेखनीय है। अनाज पर होने वाले मासिक खर्च में सबसे तेज गिरावट देखी गई है। और अगर इसका इस्तेमाल उपभोक्ता मूल्य सूचकांक भार में फेरबदल करने के लिए किया जाए, तो मुद्रास्फीति का रुझान कम हो सकता है। हालांकि, यह याद रखना सही होगा कि खाद्य मुद्रास्फीति पिछले जून में इस सर्वेक्षण के पूरा होने से ठीक पहले बढ़ना शुरू हो गई थी और तब से ऊंची ही बनी हुई है। लिहाजा, आनुपातिक खर्च संभवत: बदल गया होगा। इस जुलाई में समाप्त होने वाले ताजा सर्वेक्षण से दबी हुई मांग और मुद्रास्फीति के उतार-चढ़ाव भरे प्रभावों से रहित एक साफ तस्वीर सामने आने की उम्मीद है। इसलिए, गरीबी, मुद्रास्फीति या जीडीपी गणना को नए सिरे से परिभाषित करने की किसी भी कवायद को उन नतीजों के संकलित व जारी होने तक इंतजार करना चाहिए।

# सीएए नागरिकता देने का कानून है, न कि छीनने का

नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए को लेकर पूरे देश में एक बार फिर से चर्चा तेज हो गई है। इससे पहले भी नागरिकता संशोधन कानून को लेकर कई बार विवाद देखने को मिल चुके हैं। इसकी लंबे समय से प्रतीक्षा थी कि नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए कब अमल में आएगा। क्योंकि जनवरी 2020 में राष्ट्रपति की मुहर लगने के साथ यह कानून अस्तित्व में आ गया था। सीएए कानून को लेकर उस वक्त देशभर में खूब विरोध प्रदर्शन हुआ था। विशेषकर पूर्वोत्तर के राज्यों में सीएए का सबसे ज्यादा विरोध देखने को मिला था। पूर्वोत्तर के सात राज्य सीएए कानून से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। वहां तोड़फोड़ की कारण करोड़ों की संपत्ति का नुकसान हुआ था। चार वर्ष की देरी के बाद यह प्रतीक्षा पूरी होने जा रही है। दरअसल, बीते दिनों कई अवसरों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बयान दिया है कि कि लोकसभा चुनाव से पहले सीएए को देश में लागू कर दिया जाएगा।

यह कानून मुख्य रूप से गैर मुस्लिम देशों में प्रताड़ित होकर भारत आने वाले नागरिकों को भारत की नागरिकता प्रदान करेगा। इस कानून के लागू होने से भारत के तीन पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए उन लोगों को भारत की नागरिकता मिलेगी, जो दिसंबर 2014 तक अपने देशों में किसी न किसी प्रताड़ना का शिकार होकर भारत आ गए हैं। इन लोगों में गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यक हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई शामिल हैं। दरअसल, ये लोग उन देशों में अल्पसंख्यक हैं। जाने किस त्रास या संकट में उन्हें उन देशों को छोड़ कर आना पड़ा। यहां के नागरिक न होते हुए भी दिक्कतों, मुसीबतों को गले लगाकर यहां जीवन बिताना पड़ रहा है। इसलिए इन सबको नागरिकता देकर यहां यानी भारत में सम्मान दिए जाने के इरादे से यह कानून लाया जा रहा है।

ऐसे में अब प्रश्न उठता है कि यह कानून भलाई के रूप में सामने लाया जा रहा है तो अब तक इसे टाला क्यों जाता रहा? इसका विरोध क्यों किया जा रहा है? या विरोध कर कौन रहा है? दरअसल, पूर्वोत्तर के राज्य इसका विरोध इसलिए कर कर रहे हैं क्योंकि उनका तर्क है कि इन बाहर के लोगों को नागरिकता देने से उनके राज्य में भीड़ बढ़ जाएगी और उनकी परंपराएं, संस्कृति और तमाम रीति-रिवाजों पर बड़ा फर्क पड़ेगा। वे सब बिखर जाएंगे। वहीं सीएए का विरोध मुस्लिम समुदाय भी कर रहा है। वास्तव में, इस कानून में इन तीन देशों से आए मुसलमानों को नागरिकता देने से बाहर रखा




गया है। कई आलोचकों का मानना है कि इस कानून से मुसलमानों से भेदभाव हो रहा है और ये भारत में समानता की संवैधानिक गारंटी का उल्लंघन करता है।

विपक्ष का सबसे बड़ा विरोध यह है कि इसमें खासतौर पर मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाया गया है। उनका तर्क है कि यह संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है जो समानता के अधिकार की बात करता है। बता दें कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में एक बड़े वर्ग का कहना है कि अगर नागरिकता संशोधन कानून 2019 को लागू किया जाता है तो पूर्वोत्तर के मूल लोगों के सामने पहचान और आजीविका का संकट पैदा हो जाएगा। जानकारों की मानें तो इस कानून में किसी भी भारतीय, चाहे वह किसी मजहब का हो, की नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है। भारत के मुस्लिमों या किसी भी धर्म और समुदाय के लोगों की नागरिकता को इस कानून से कोई खतरा नहीं है।

यह कानून उन लोगों पर लागू होगा, जो 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से भारत आए थे। इसमें प्रवासियों को वह अवधि साबित करनी होगी कि वे इतने समय में भारत में रह चुके हैं। उन्हें यह भी साबित करना होगा कि वे अपने देशों से धार्मिक उत्पीड़न की वजह से भारत आए हैं। वे लोग उन भाषाओं को बोलते हैं, जो संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हैं। उन्हें नागरिक कानून 1955 की तीसरी सूची की अनिवार्यताओं को भी पूरा करना होगा। इसके बाद ही प्रवासी आवेदन के पात्र होंगे। लंबे समय से भारत में शरण लेने वालों को इससे बड़ी राहत मिलेगी।

जहां तक विपक्ष के विरोध का सवाल है उसका कहना है कि इस कानून में मुस्लिमों को वंचित क्यों रखा गया? यह समानता के कानून का उपहास उड़ाने की तरह है। सरकार का कहना है कि जिन देशों के शरणार्थियों को नागरिकता देने का प्रावधान किया जा रहा है, वहां मुस्लिम अल्पसंख्यक नहीं, बल्कि बहुसंख्यक हैं। इसलिए उन्हें इस देश में यानी भारत में नागरिकता देने का कोई मतलब नहीं है। वो उनके देश हैं, वे वहां खुशी से रहें। भारत सरकार वंचितों की मदद करना चाहती है, इसलिए इन तीनों देशों के वे गैर मुस्लिम नागरिक जो वर्षों पहले यहां आ गए थे उन्हें सम्मान दिया जा रहा है। इसमें गलत क्या है? लेकिन अब विपक्ष के इस विरोध में ज्यादा दम नहीं रहा। यही वजह है कि जल्द ही इस कानून को लागू करने की कवायद की जा रही है। हो सकता है इसी महीने।

संसद ने दिसंबर 2019 में संबंधित विधेयक को मंजूरी दी थी और बाद में राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद इसके विरोध में देश के कुछ हिस्सों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए थे। सीएए को लेकर देश में तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिली थीं। कई राजनीतिक दलों ने भी इसका विरोध किया था। इस वजह से सरकार ने रूल?स फ्रेम करने में देरी की थी पर अब सीएए रूल?स का नोटिफिकेशन होम मिनिस्ट्री ने जारी करने की पूरी तैयारी कर ली है।

सीएए बिल के संसद के दोनों सदनों से पास होने के बाद 4 राज्य इसके विरोध में विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर चुके हैं। सबसे पहले केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने दिसंबर 2019 में सीएए के खिलाफ प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि यह धर्मनिरपेक्ष नजरिए और देश के ताने-बाने के खिलाफ है। इसमें नागरिकता देने से धर्म के आधार पर भेदभाव होगा। इसके बाद पंजाब और राजस्थान की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने विधानसभा में सीएए के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया। चौथा राज्य पश्चिम बंगाल था, जहां इस बिल के विरोध में प्रस्ताव पारित किया गया। 2019 में संसद द्वारा पारित सीएए का ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी विरोध कर रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा था- बंगाल में हम सीएए, एनपीआर और एनआरसी की अनुमति नहीं देंगे।

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दिसंबर 2021 में राज्यसभा में बताया था कि वर्ष 2018, 2019, 2020 और 2021 के दौरान पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए कुल 3,117 अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता दी गई। हालांकि आवेदन 8,244 मिले थे। वहीं गृह मंत्रालय की 2021-22 की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल-दिसंबर 2021 में कुल 1,414 विदेशियों को भारतीय नागरिकता दी गई।

मीडिया से मिल रही जानकारी के अनुसार नियम तैयार हैं और ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार है, क्योंकि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। आवेदकों को वह वर्ष बताना होगा, जब उन्होंने यात्रा दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किया था. आवेदकों से कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा।सीएए को लागू करने का वादा पश्चिम बंगाल में पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में भाजपा का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा था। अच्छा होता कि यह काम और पहले कर दिया जाता, क्योंकि बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के जो अल्पसंख्यक जान बचाकर भारत आने में सफल रहे, वे यहां की नागरिकता पाने का इंतजार कर रहे हैं। उनकी संख्या अच्छी-खासी है। वे अल्पसंख्यक होने के कारण ही इन तीनों देशों में प्रताड़ित किए गए। उनके पास प्रताड़ना से बचने के लिए भारत आने के अलावा और कोई उपाय नहीं था। इस मुद्दे पर राजनीति होना दुर्भागयपूर्ण ही कहा जाएगा। आखिरकार यहां प्रश्न उन हजारों लोगों की जिंदगियों का है जो भारत की नागरिकता लेकर सुख शांति से जिंदगी बिताना चाहते हैं।

**-आशीष वशिष्ठ**
**(स्वतंत्र पत्रकार)**

# 'ट्रैक्टर' नीति पर भी दोहरा मापदंड ?



एक बार फिर देश किसान आंदोलन का सामना कर रहा है। हर बार की तरह इस बार भी किसानों ने ट्रैक्टर को ही अपना 'सारथी' चुना है। दरअसल आंदोलन के दौरान ट्रैक्टर व उससे जुड़ी ट्रॉली केवल किसानों को उनके आंदोलन स्थल तक लाने ले जाने का ही काम नहीं करता। बल्कि आंदोलन स्थल पर किसान इसे अपने चलते फिरते घरों की तरह भी इस्तेमाल करते हैं। आंदोलन लंबा खिंचने की स्थिति में यही ट्रैक्टर और उनमें लगी ट्राली उनके अस्थाई घर और गोदाम के रूप में भी काम करती है। राशन से लेकर कपड़ा कंबल ईंधन आदि सभी सामग्री इन चलते फिरते 'डिपो' में रखी जाती है। किसान हमेशा से ही ट्रैक्टर को अपनी खेती किसानी के सबसे मुख्य साधन के रूप में प्रयोग करता आ रहा है। इसी ट्रैक्टर से किसान अपनी फ़सल बाज़ार में पहुंचता है। खाद बीज आदि इसी पर लाद कर लाता ले जाता है। जुताई बुवाई के अलावा भी खेतों में इसके और भी कई काम होते हैं। चूँकि ट्रैक्टर किसानों व कृषि के मुख्य साधन की श्रेणी में आता है इसलिए सरकार ने यातायात के क़ानूनों में इसके लिये अनेक अलग प्रावधान किये हैं। इसे कृषि प्रसाधन की श्रेणी में रखा गया है न कि यातायात के वाहन की श्रेणी में। इसीलिए इससे सम्बंधित यातायात नियमों व यातयायत शुल्क, मार्ग कर आदि में कई तरह की विशेष छूट भी दी गयी है।

बावजूद इसके कि ट्रैक्टर यातायात के वाहनों की श्रेणी में नहीं आता फिर भी क्या नेता तो क्या प्रशासन,क्या किसान तो क्या आम लोग सभी इसका उपयोग अपनी सुविधानुसार करते हैं। देश का कोई भी चुनाव बिना ट्रैक्टर ट्रॉली का इस्तेमाल किये संभव ही नहीं। नेताओं की चुनावी रैलियों में भीड़ इकट्ठी करने से लेकर उनके चुनावी जुलूसों की लम्बाई बढ़ाने में,चुनाव प्रचार में और अंत में मतदाताओं को घरों से निकाल कर पोलिंग स्टेशन तक पहुँचाने और बाद में उनके विजय जुलूस तक में ट्रैक्टर ट्रॉली जमकर इस्तेमाल की जाती है। राजस्थान व पंजाब जैसे राज्यों में तो कई जगह ट्रैक्टर की इन्हीं ट्रॉलियों को आपस में जोड़कर बड़ी से बड़ी स्टेज बना दी जाती है जिनपर मुख्यमंत्री स्तर के नेता तक भाषण देते हैं। उस समय शायद प्रशासन अपनी आँखें मूंदे रहता है। उस समय उसे यह नहीं नज़र आता कि ट्रैक्टर सिर्फ़ खेती का साधन है यातायात या राजनैतिक इस्तेमाल का नहीं। इसी तरह गांव के शादी ब्याह आदि किसी भी समारोह में ट्रैक्टर का इस्तेमाल परिवार के लोगों व सामानों को लाने ले जाने में खूब किया जाता है।

इसी तरह देश के अनेक राज्यों में ट्रैक्टर का प्रयोग धार्मिक समागम या तीर्थ स्थलों की यात्रा करने या वहां होने वाले समागमों में भाग लेने के लिये खुले तौर पर किया जाता है। कई धार्मिक मेले व समागम तो इतने विशाल होते हैं कि सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर विशेष बसें चलाने के बावजूद तीर्थयात्रियों का सुगम आवागमन संभव नहीं हो पाता। उस समय केवल ट्रैक्टर ट्रॉलियां ही इस अंतर को पूरा कर पाती हैं। पंजाब व हरियाणा के होला मोहल्ला और कपाल मोचन जैसे प्रमुख मेलों की तो ट्रैक्टर ट्रॉली के इस्तेमाल के बिना कल्पना ही नहीं की जा सकती। किसान को प्राय: खुद अपनी पारिवारिक ज़रूरतों के लिये भी ट्रैक्टर ट्रॉली का इस्तेमाल करना पड़ता है। लेकिन उस समय कभी भी सरकार द्वारा न तो ट्रैक्टर के चालान किये जाते हैं न ही उन्हें यातायात के क़ानून याद दिलाये जाते हैं।

परन्तु जब जब किसानों द्वारा इन्हीं ट्रैक्टर ट्रॉलीज़ का प्रयोग किसान आंदोलन में अपने आने जाने व सामान आदि रखने या इसमें विश्राम करने की ग़रज़ से किया जाता है केवल उसी समय सरकार को किसानों को ट्रैक्टर ट्रॉली सम्बन्धी नियमों की याद आती है। सोचने का विषय है जो किसान नेताओं के जुलूस रैलियों से लेकर चुनाव संपन्न करने तक व धर्मस्थलों से लेकर बड़े बड़े धार्मिक व राजनैतिक समागमों में अपने इस कृषि संसाधन का प्रयोग करने के लिये लोगों को उपलब्ध करता हो वही किसान अपने कृषि किसानी के अस्तित्व की रक्षा के लिये चलाये जाने वाले आंदोलनों में इसका प्रयोग क्यों नहीं कर सकता ? पिछले दिनों हरियाणा पंजाब की सीमा पर लगते शम्भू व खनोरी बॉर्डर पर पंजाब से दिल्ली जाने वाले किसानों के क़ाफ़िले को पुलिस द्वारा रोका गया। उस समय कुछ दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं भी घटीं। इसी दौरान पुलिस की एक उच्चाधिकारी ओर से किसानों को सम्बोधित एक वीडिओ जारी कर यही कहा गया कि उच्च न्यायालय व उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार पुलिस किसानों को ट्रैक्टर ट्रॉलियों का इस्तेमाल मुख्य मार्ग पर यातायात के साधन के रूप में नहीं करने देगी। इसका मतलब तो साफ़ है कि सरकार हर जगह तो ट्रैक्टर सम्बन्धी यातायात नियमों की अनदेखी कर सकती है परन्तु किसान आंदोलन में किसानों को वही क़ानून याद दिलाये जाते है ? 'ट्रैक्टर' नीति पर अपनाये जाने वाले इस दोहरे मापदंड का मतलब साफ़ है कि सरकार किसानों के इस संसाधन से डरती और घबराती है ? शायद यही वजह है कि प्रशासन को सिर्फ़ किसान आंदोलन के समय ही ट्रैक्टर सम्बन्धी यातायात क़ानून आते हैं।

**-निर्मल रानी**



# राजस्थान : सार्वजनिक मंचो पर दिखने लगी भाजपा की कलह

राजस्थान में भाजपा नेताओं के बीच चल रही आपसी कलह खुलकर मंचो पर दिखने लगी हैं। अनुशासन के लिये जानी जाने वाली भाजपा की राजस्थान में सरकार तो बन गयी हैं। मगर विधानसभा चुनावो से पूर्व गुटो में बंटी भाजपा के नेताओं में व्याप्त गुटबाजी अभी तक समाप्त नहीं हो पायी हैं। पार्टी नेताओं को जब भी मौका मिलता है एक दूसरे की टांग खिंचाई करने से नहीं चूकते हैं।

हाल ही में अजमेर में भाजपा की लोकसभा चुनाव को लेकर हो रही बैठक में अजमेर दक्षिण विधायक व पूर्व मंत्री अनिता भदेल नाराज होकर चली गई। इस दौरान उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी सहित भाजपा नेताओं ने उन्हें रोकने की भी कोशिश भी की। लेकिन वह यह कहते हुए वहां से निकल गई कि अब संगठन से बात करूंगी।

जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक में चार विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को बुलाया गया था। सभी अपना परिचय दे रहे थे तभी जिला उपाध्यक्ष घीसू गढ़वाल को देखकर अनीता भदेल गुस्सा हो गई। इस पर विधायक ने मंच पर बैठे प्रभारी भिरम सिंह से कहा कि जब उत्तर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी से बगावत और खिलाफत करने वालों पर कार्रवाई हो गई तो फिर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के बगावत करने वालों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई ?

अगर हराने वाले ही बैठक में मौजूद रहेंगे तो यहां मेरा क्या काम है। यह कहते हुए पूर्व मंत्री भदेल सभा कक्ष बाहर निकल गई। भाजपा विधायक शत्रुघ्न गौतम ने उन्हें रोकने के लिए आवाज भी लगाई। लेकिन वे नाराज होकर वहां से रवाना हो गई। इसी दौरान मीडिया कर्मियों ने उनसे नाराजगी का कारण पूछा तो उन्होंने कहा कि वह अपनी बात संगठन स्तर पर रखेंगी। माना जा रहा है की उनकी नाराजगी का कारण उनको मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया जाना है।

ऐसे ही जोधपुर में शेरगढ़ से भाजपा विधायक बाबूसिंह राठौड़ ने मंच से ही केंद्रीय मंत्री व जोधपुर सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत पर जमकर हमला बोला। शेरगढ़ के एक कार्यक्रम में विधायक बाबूसिंह राठौड़ ने शेखावत की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि हम भोले-भाले लोगों से ये झूठे वादे कर चले जाते हैं और हमारा काम नहीं करते हैं। सैनिक स्कूल हो या शेरगढ में अस्पताल का मामला सिर्फ आश्वासन दिया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि हमें पता है आप सीकर जिले के महरोली गांव के रहने वाले हो लेकिन सांसद जोधपुर की लोकसभा सीट से बने हो। इस लोकसभा में सैनिक स्कूल नहीं खुलवाया, भूंगरा त्रासदी के पीड़ितों को संविदा पर नौकरी लगाने का आश्वासन दिया वह भी नहीं किया।




शेरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सेतरावा गांव में वीर शिरोमणि राव श्री देवराज राठौड़ की 662वीं जयंती पर समारोह का आयोजन हुआ था। इस आयोजन में विधायक बाबूसिंह राठौड़, महंत प्रतापपुरी व केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी मौजूद थे। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जैसे ही जलशक्ति मंत्री शेखावत वहां से निकले तो विधायक बाबू सिंह राठौड़ ने मंच से शेखावत पर अपनी नाराजगी जाहिर की और उनकी कार्यशैली पर सवाल उठाया। राठौड़ ने जनता से यह तक कहा कि इस बार आप सब तैयार रहना, सड़कों पर संघर्ष करना पड़ेगा। नहीं तो ऐसे लोग आएंगे और चिकनी चुपड़ी बातें करके चले जाएंगे।

शेरगढ़ विधायक ने कहा कि केंद्रीय मंत्री के सामने ईसीएचएस अस्पताल खोलने की मांग रखी गई थी। शेखावत ने कहा कि उनकी वित मंत्री निर्मला सीतामरण से बात हो गई। अस्पताल स्वीकृत हो गया है और सैनिक स्कूल भी खुल जाएगा। लेकिन हमें स्वीकृति का आदेश नहीं मिला। जबकि विधायक बनने के बाद मैं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के पास जाकर उनसे निवेदन किया। दूसरे दिन बालेसर में ईसीएचएस अस्पताल स्वीकृत होने का आदेश आ गया। समझ नहीं आता वो सीधे-साधे लोगों को क्यों गुमराह करते हैं।

विधायक ने कहा कि भूंगरा गैस त्रासदी में उन्होंने स्वंय 50 लाख रुपए की मदद की घोषणा, संविदा पर नौकरी लगाने व पीएम कोष से राहत बढ़ाने का वादा किया था। वह भी पूरा नहीं हुआ। शेरगढ़ में बरसों से केंद्रीय विद्यालय की मांग थी। गत वर्ष राजनाथ सिंह के सामने उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत हो चुका है। लेकिन आज दिन तक यहां स्कूल नहीं खुला और ना ही आदेश मिला है। राजस्थान में 56 केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत हुए हैं लेकिन शेरगढ में नहीं। जबकि तिंवरी और पाली में खुल गया है। अब राज्य सरकार से प्रस्ताव भिजवाने का कह रहे हैं।

राठौड़ ने कहा कि शेखावत सीकर-झुंझुनू में सैनिक स्कूल बनवाने की बात करते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हमें पता है आप वहां के हो। लेकिन सांसद जोधपुर लोकसभा के हो। जोधपुर के चैपासनी में जो सैनिक स्कूल खुला वह राजनाथ सिंह के प्रयास से हुआ। राठौड़ ने कहा कि ईआरसीपी के लिए वहां के लोगों ने आंदोलन किए और प्रयास किए। हमारी डब्ल्यूआरसीपी की मांग है उसको ही पूरी करवा दो।

केन्द्रीय कानून राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल, केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चैधरी के खिलाफ भी उनके संसदीय क्षेत्रों के लोगों में भारी नाराजगी व्याप्त हो रही है। दोनो नेता मंत्री बनने के बाद क्षेत्र में कम व दिल्ली में ज्यादा रहने के कारण अपने मतदाताओं से दूर हो गये। जिसके कारण मतदाताओं के काम नहीं होने से वो नाराज हैं। अगले लोकसभा चुनावो में इनका जीतना भी मुश्किल लग रहा है।

कुछ दिन पूर्व भाजपा सांसद जसकौर मीणा अपने दौसा संसदीय क्षेत्र में लालसोट के डिडवाना गांव में एक कार्यक्रम में बैनर पर अपनी ही पार्टी की सरकार में कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की तस्वीर देखकर भड़क गईं। गांव के सामुदायिक भवन में ब्लॉक स्तरीय शक्ति वंदन सखी पुरस्कार कार्यक्रम में सांसद जसकौर मीणा मुख्य अतिथि बनकर पहुंचीं थी। कार्यक्रम के लिए मंच पर जो बैनर लगाया गया था। उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की फोटो लगी थी।

अपने संसदीय क्षेत्र के कार्यक्रम में बैनर पर खुद की और लालसोट विधायक रामबिलास की तस्वीर न पाकर सांसद उखड़ गईं। उन्होंने मंच से ही राजीविका मिशन अधिकारी को फोन पर भड़ास निकालते हुए कहा कि पोस्टर में ना तो विधायक रामबिलास का फोटो है न मेरा है। इसमें किरोड़ी का लगा रखा है। उसका यहां क्या लेना-देना है। इस पर अधिकारी ने सफाई देते हुये कहा बैनर का डिजाइन राज्य स्तर पर पूरे राजस्थान के लिए एक जैसा तैयार हुआ है।

बार- बार बुलाने के उपरांत भी पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पार्टी संगठन के कार्यक्रमों में शामिल नहीं होती हैं। वसुंधरा समर्थक विधायकों को मंत्री नहीं बनाये जाने से नाराज हैं। लोकसभा चुनावो में वसुंधरा समर्थक सांसदो के टिकट कटने पर भाजपा में गुटबाजी और बढ़ सकती हैं। बहुत से मौजूदा सांसदो के खिलाफ जनता में नाराजगी है। दूसरे दलों से पार्टी में आने वाले लोगों को महत्व मिलने से पार्टी का मूल काडर नाराज हो रहा हैं।

पार्टी में आपसी गुटबाजी के चलते ही राजेन्द्र राठौड़, सतीश पूनिया, नरपत सिंह राजवी, सांसद भागीरथ चौधरी, देवजी पटेल, नरेन्द्र कुमार पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा जैसे बड़े नेता विधानसभा चुनाव हार गये थे। राजस्थान में सरकार बनने के बाद भाजपा में जिस तरह की गुटबाजी दिख रही है। उसे यदि समय रहते रोका नहीं गया तो आने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इस तरह की घटनायें पार्टी के लिये शुभ संकेत नहीं हैं।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**
**-रमेश सर्राफ धमोरा**

## इन्दौर सराफा बाजार -

इन्दौर । बुधवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार सामान्य से अधिक नहीं रहा। दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार नरमी के रहे। भाव इस प्रकार रहे :-

चाँदी (9999) 71000, चाँदी (99) 70900, टंच 70100, सिक्का 800, सोना 10 ग्राम 63600,

## इन्दौर बाजार भाव -

इन्दौर। निचले भावों पर माँग से बुधवार को अनाज मंडी में मसूर बाजार सुधार पर रहे। चना 5900-5950 रू. प्रति क्विंटल पर मजबूत रहा। खाद्य तेलों में मामूली सुधार रहा। तिलहनों में टिकाव रहा। किराना जिंसों में शक्कर व सौंफ में मजबूती रही।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार मसूर में लेवाली के चलते बाजार 25-50 रू. प्रति क्विंटल से सुधर गये। मसूर बढ़िया मालों में 5700-5725 रू. प्रति क्विंटल पर आ गयी। चना 5900-5950 रू. प्रति क्विंटल पर मजबूत देखा गया। खाद्य तेलों में मामूली सुधार देखा गया। तिलहनों में टिकाव रहा। उधर, किराना जिंसों में शक्कर बाजार मजबूत नज़र आये। वहीं सौंफ में पूछपरख रही। भाव इस प्रकार रहे :-

किराना :- शक्कर 3770-3810, खोपरा गोला 115-125, खोपरा बूरा 2450-4450 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 460-480, ऊंझा हल्का 475-500, बेस्ट 580-600, हल्दी निजामाबाद 150-200, सांगली 260-270, साबूदाना हल्का 7300-7500, मीडियम 7500-7700, बेस्ट 7900-8000, सच्चा मोती 7350, सौंफ मोटी 95-125, मीडियम 175-225, बेस्ट 225-250, सौंफ बारिक 350-400, बेस्ट 450, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 675-690, गरबल 635-655, मटर दाना 700-715, खसखस अनक्लीन 600-1000, क्लीन 1200-1250, दालचीनी 240-245, बेस्ट 250-260, जायफल 580-650, बेस्ट 700, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1900-1950, केसर 145-190, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 850-900, बेस्ट 950-1000, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 810-850, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 1850-1900, मीडियम 2100-2300, बोल्ड 2400-2500, एक्ट्रा बोल्ड 2550-2600, पानबार 2150, बड़ी इलायची 1050-1150, बेस्ट 1200-1450, तरबूज मगज 860-900, काजू (240) 750-825, काजू (320) 700-720, काजू डब्ल्यू वन 650-675, एस. डब्ल्यू 625-650, एस.एस. डब्ल्यू 600-630, टुकड़ी 590-610, बादाम मगज 600-650, सिंगापुरी 600-620, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 650-950, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1560-1570, मैदा कट्टा 1590-1600, रवा कट्टा 1670-1680, बेसन 3950 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1400-1450, (160) 1400-1500, (200) 1400-1500, (250) 1650-1750

तेल :- सींगदाना 1520-1530, मुम्बई 1530, राजकोट तेलिया 2380, सोया साल्वेंट 895-900, सोया रिफाइंड 935-940, कपास्या 905, धूलिया 910, कड़ी 905,

रात की धारणा :- गुजरात लुज 1500, मुम्बई पाम 870, मुम्बई सोया 950,

खली :- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1825, देवास-उज्जैन 1825, खंडवा-बुरहानपुर 1800, अकोला 2850 (प्रति क्विंटल)

तिलहन :- सरसो 5900-6000, रायडा 4100-4400, सोयाबीन 4350-4400, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

दलहन :- चना कांटेवाला बेस्ट 5900-5950, एवरेज 5750-5800, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 5700-5725, एवरेज 5600-5625, मूंग देशी 9000-9100, पाला 9100-9200, चमकी 9200-9300, नायलोन 9300-9400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 9400-9500, एवरेज 9200-9300, हल्की 8600-8700, तुअर महाराष्ट्र 10000-10100, उड़द बेस्ट 9400-9500, एवरेज 9200-9300, हल्की 9000-9100, शंकर 9200-9400,

दाल :- चना दाल एवरेज 7500-7600, मीडियम 7700-7800, बेस्ट 7900-8000, तुअर दाल सवा नं. 12800-12900, तुअर दाल फूल 13600-13700, तुअर दाल बोल्ड 14600-14700, मसूर दाल एवरेज 7100-7200, बेस्ट 7300-7400, मूंग दाल 10500-10600, बोल्ड 10700-10800, मूंग मोगर 11200-11300, बोल्ड 11400-11500, उड़द दाल 10700-10800, बोल्ड 10900-11000, मोगर 10800-10900, बोल्ड 11000-11100,

अनाज :- गेहूं मिल क्वालिटी 2150-2200, (147) 2250-2300, बेस्ट 2300-2350, लोकवन 2500-2550, बेस्ट 2550-2600, चन्द्रोसी 3100-3800, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2150-2200, गज्जर 2100-2150,

चावल :- चावल हंसा सफेद 2500-2700, सेला 2900-3100, परमल 2800-3000, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8500-9000, मीनी दुबार 7500-8000, मोगरा 4200-6500, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 11500-12500, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4300-4800,

मावा :- इन्दौर 300, उज्जैन 240, रतलाम 230 रू. प्रति किलो।

## वोल्वो बाजार में बेचेगी कुल ब्रिकी की एक तिहाई इलेक्ट्रिक कार

नई दिल्ली। वोल्वो कार इंडिया कुल ब्रिकी की एक तिहाई कार बाजार में बेचने का लक्ष्य बना रही है। कंपनी ने अनुमान जताया है कि वर्ष 2024 में उसकी कुल बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का योगदान एक-तिहाई होगा। 2023 में लक्जरी कार निर्माता ने 2,423 वाहनों की बिक्री की थी। 2023 में उसकी कुल बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों का योगदान 28 प्रतिशत रहा। ईवी मॉडलों में एक्ससी40 और सी40 ने 510 और 180 वाहनों की बिक्री दर्ज की थी। वोल्वो ने वर्ष 2030 तक संपूर्ण रूप से इलेक्ट्रिक कार निर्माता बनने का लक्ष्य रखा है। भारत में इस समय इलेक्ट्रिक वाहन बाजार के लक्जरी सेगमेंट के अंतर्गत वोल्वो 24 प्रतिशत भागीदारी के साथ दूसरे स्थान पर है।

## आज का राशिफल



मेष राशि-आज का दिन आपके लिए मेहनत और लगन से काम करने के लिए रहेगा। आपको धन उधार लेने से बचना होगा नहीं तो आपको उसे उतारने में मुश्किल होगी। आवश्यक कामों में ढील ना दें, नहीं तो वह लंबे लटक सकते हैं। आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के प्रयास आपके रंग लाएंगे और कार्यक्षेत्र में आप अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे। आपका कोई मित्र आपके लिए किसी निवेश संबंधित योजना के बारे में बता सकता है।

वृषभ राशि- आज का दिन व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहेगा। आप अपनों के साथ कुछ पुरानी यादें ताजा करेंगे और कामकाज के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है। मित्रों से आपका मेलजोल ओर बढ़ेगा। कला कौशल में सुधार आएगा। आपका आत्मविश्वास बढ़ाने से आपकी खुशी का का ठिकाना नहीं रहेगा।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए आवश्यक कार्य को समय रहते पूरा करने के लिए रहेगा। आप बड़े सदस्यों से किसी बात को लेकर जिद ना दिखाएं। घर में आपके करीबियों से आपका मेलजोल बढ़ेगा और आप कोई निर्णय लेने से बचें। किसी नए वाहन की खरीदारी करना आपके लिए अच्छा रहेगा।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए मन मुताबिक लाभ दिलाने वाले वाला रहेगा। आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलती रहेगी और आपको अपने आलस्य को त्याग कर आगे बढ़ना होगा। मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के कामों में वृद्धि हो सकती है, जिससे उनके ऊपर काम का बोझ अधिक रहेगा। आपको यदि कोई महत्वपूर्ण सूचना सुनने को मिले, तो आप उसे तुरंत आगे ना बढ़ाएं।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी धन संपत्ति में वृद्धि होगी और संतान को संस्कारों परंपराओं को बल मिलेगा। श्रेष्ठ कार्य को आप समय देंगे। आप अपनी वाणी और व्यवहार में सौम्यता बनाए रखें। आपके चारों ओर का वातावरण आनंदमय रहेगी। यदि आपने किसी से कोई वादा किया है, तो आपको उसे समय रहते पूरा करना होगा। संग्रह में आपकी पूरे रुचि रहेगी और आप किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी सम्मिलित हो सकते हैं।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में आप वरिष्ठ सदस्यों से बातचीत अवश्य करें। भावनात्मक रूप से आप मजबूत रहेंगे और विदेशी कामों पर आपका पूरा फोकस रहेगा। आपकी आय तो सीमित रहेगी, लेकिन आपके खर्च बढ़ सकते हैं। आप सबको साथ लेकर चलने की पूरी कोशिश करेंगे और करियर में आपको अच्छा उछाल देखने को मिलेगा।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। कारोबार में आपको सावधान रहने की आवश्यकता है। लेनदेन के मामले में ढील ना दें और किसी कानूनी मामले में आप आगे रहेंगे। आवश्यक कार्य को आप धैर्य रखकर निपटाएंगे, तो आपके लिए अच्छा रहेगा। बिजनेस में आपको स्मार्ट नीतियों को अपना सकते हैं। विदेशों से व्यापार कर रहे लोगों को किसी डील को सूझबूझ दिखाकर फाइनल करना होगा।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए साख और सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको मामा पक्ष से धन लाभ मिलता दिख रहा है। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन अच्छा रहेगा। आप सभी का भरोसा आसानी से जीत पाएंगे और आप अपने कामों में मेहनत से आगे बढ़े, तो आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको छुटपुट लाभ के अवसरों पर पूरा ध्यान देना होगा, तभी आप उनका लाभ ले पाएंगे।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको पारिवारिक समस्याओं को लेकर वरिष्ठ सदस्यों से बातचीत करनी होगी, तभी वह दूर होती दिख रही है और बड़ों के प्रति आदर व सम्मान बनाए रखें। आपको किसी को धन उधार देने से बचना होगा और कुछ श्रेष्ठजनों से आपकी मुलाकात होगी। विभिन्न कार्यों में आप धैर्य से आगे बढ़ेंगे। किसी परिजन की सलाह आपका खूब काम आएगी।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको संतान की ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। घर परिवार में लोग आपकी बातों का पूरा मान रखेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सावधान रहने की आवश्यकता है। धार्मिक कार्य के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी और जन कल्याण के कार्यों में आप आगे रहेंगे।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए लेनदेन के मामलों में सावधान रहने के लिए रहेगा। आपको अपने डेली रूटीन को बनाए रखना होगा और स्वास्थ्य समस्याओं में आप डील ना दें, नहीं तो बाद में वह बढ़ सकती हैं। आप परिजनों की सलाह पर चलकर अपने कामों को आसानी से पूरा कर पाएंगे। आपने यदि कामों में लापरवाही दिखाई, तो आपके काम लटक सकते हैं। आपको किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने का मौका मिल सकता है।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप नौकरी में टीमवर्क के जरिए काम करके किसी काम को समय से पहले पूरा कर पाएंगे। आपका किसी भूमि या भवन आदि की खरीदारी करने की इच्छा आज प्रबल होगी और आपके विविध प्रयासों में तेजी आएगी। नेतृत्व क्षमता को बल मिलेगा। आप सबको जोड़कर चलने की कोशिश में कामयाब रहेंगे। महत्वपूर्ण कामों में आपको ढील देने से बचना होगा। साझेदारी में किसी काम को करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आप यदि संतान की नौकरी को लेकर परेशान चल रहे थे, तो उन्हें किसी अच्छी नौकरी की प्राप्ति हो सकती है।

## शब्दजाल- 7464

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | प | रे | दा | मि | ज | ब | न | र | ट |
| दा | रा | यू | न | आ | स्र | वै | द | इ | ह | मे |
| सिं | व | ना | पू | ग | खा | थ | दि | ग | क | सो |
| धु | ची | न | ते | र्व | ज | का | म | क | त | पो |
| घा | त | र | दा | री | लं | ग | गो | ग | व | टा |
| टी | अ | म | सु | य | अ | पू | न | रो | र | मि |
| ती | जं | सी | मे | हि | प | नु | श | म | ज | या |
| क | ल | ग | रि | वि | व | नी | प | ल | न | ण |
| ने | ब | म | य | या | चि | त्या | री | म | प | क |
| ज | ग | त | न | ज | ज | त्र | दा | जी | र्य | त |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | ज | र | वा | त | थ |

शब्दजाल में 'दुनिया की प्राचीन 10 सभ्यताए' ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

मिस्र, मेसोपोटामिया, सुमेरियन, असीरिया, यूनान, बेबीलोनिया, रोम, चीन, सिंधु घाटी, वैदिक

### शब्दजाल - 7463 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | अ | र | क्षा | बं | ध | न | झ | क | श |
| ना | वै | र | ह | र | म | त | द | हो | ली | त |
| ग | र | शा | झ | श | शि | हा | र | ल | ल | त्रा |
| पं | म | द | खी | श | मी | डो | शि | श | रा | क |
| च | र | द | ष | व | मि | री | श | व | र | ट |
| मी | ह | प | न | पे | पू | ह | न | शि | रा | ती |
| शं | र | म | अं | प | स | थ | दी | ल | बिं | त्रि |
| ब | रा | व | ल | ध | ड़ | क | पा | कां | ज | दू |
| ग | ण | गौ | र | जी | ल | ड़ी | व | गो | र | द |
| र | ल | प | चा | गैं | ब | ल | ली | री | रु | थो |
| ग | णे | श | च | तु | र्थी | ब | श | त्रु | घ्न | ट |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6408

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | 8 | | | |
| ■ | 9 | | ■ | 10 | | | ■ | ■ | |
| 11 | | ■ | 12 | | ■ | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | ■ | | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | 19 | 20 | ■ | 21 |
| ■ | 22 | | | ■ | 23 | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | ■ | 27 | ■ | | | | ■ | | ■ |
| 28 | | | | ■ | | ■ | 29 | | |
| | ■ | | ■ | 30 | | | ■ | | ■ |

### बायें से दायें:-

१. 'ये तारा वो तारा' गीत वाली आशुतोष गोवारीकर की फिल्म-३
३. 'तुम्हें अपना बनाने की' गीत वाली संजयदत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
५. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली जतिन ग्रेवाल, नेहा की फिल्म-३
८. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'रामजी की निरली सवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली ऋषिकपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१०. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'कन्हैया कन्हैया तुझे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली अमिताभ, रवीना, नंदिता की फिल्म-२
१२. अमिताभ, जीनत की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'दिन सारा गुजारा' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'वो शाम कुछ अजीब थी' गीत वाली राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
१९. आमिर, जूही, ममता की 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'रिफ्यूजी' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-३
२४. अक्षयकुमार, करीना की 'दिल ले गया परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'बहारों फूल बरसाओ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२८. किशोरकुमार की 'एक चतुर नार करके सिंगार' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'फिर वही चांद वही गम' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-३
३०. डिनो, बिपाशा की 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली फिल्म-३

### ऊपर से नीचे:-

१. 'कैसे कटे दिन कैसे' गीत वाली राजेश, गोविंदा, जूही की फिल्म-२
२. अमिताभ, जयाप्रदा की 'मंजिलें अपनी जगह हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'तेरे नाम' में नायक कौन था-४,२
४. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
५. काहे कोयल शोर, मचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
६. जीतेंद्र, लीना चंदावरकार की 'तूने तूने ओ सनम' गीत वाली फिल्म-४
९. 'है मुबारक आज का' गीत वाली मिथुन चक्रवर्ती, रति की फिल्म-३
११. संजय दत्त, अनिता की 'तुन्ना तुन्ना तक तक तुन्ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'हम तुम को निगाहो' गीत वाली सलमान, अरबाज, शिल्पा की फिल्म-२
१६. राजकपूर, वहीदा रहमान की 'सजन रे झूठ मत बोलो' गीत वाली फिल्म-३,३
१८. फिल्म 'मिस ४२०' में नायिका कौन थी-२
२०. सनी देओल, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'तू धरती पे चाहे जहाँ' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-२
२३. अजय देवगन, अमीषा पटेल की 'प्यार तो होता है प्यार' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'मेरे अंगने में तुम्हारा' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
२६. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की 'एक बगिया में रहती है' गीत वाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 6407

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 7932

### बाएँ से दाएँ

1. सरस्वती-3
3. किनारा,तट-3
5. मूल्य,कीमत-2
6. उस समय-2
8. प्रबंध,व्यवस्था-4
10. नमक-3
11. अधीन,मातहत-3
12. संज्ञा,संबोधन-2
13. मार्ग,रास्ता-2
14. तीर्थ,धार्मिक यात्रा-3
16. धुन,आसक्ति-3
18. जमानत-4
20. रहस्य-2
22. पुत्र,तनय-2
23. मुलायम-3
24. गंवार,अनपढ़-3

### ऊपर से नीचे

1. संध्या,सांझ-2
2. असुर,दैत्य-3
3. शोरबा,रसा-3
4. बुरी आदत-2
5. प्रवेश,एडमिट-3
7. वर यात्रा,दूल्हे का जुलूस-3
8. प्रियतम,साजन-4
9. अनाज-2
11. सनसनी,रोमांच-4
14. तृतीय-3
15. सच्चाई,सत्य-2
17. जिसकी नाक कटी हो, वादा फरामोश-3
18. मुंशी,दीवान-3
19. रवैया,तरीका-3
21. आम जनता-2
22. लता,लतिका-2

### शब्द पहेली - 7931 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**29 फरवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.09 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मेष | 08.40 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 10.20 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.18 बजे से |
| गुरु | मेष में | कर्क | 14.31 बजे से |
| शुक्र | मकर में | सिंह | 16.47 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.59 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 21.10 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 23.25 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.41 बजे से |
| 1.30 से 3.00 | | मकर | 03.46 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 05.32 बजे से |

**गुरुवार** 2024 वर्ष का 60 वां दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2080
**शक संवत्** 1945
**मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** पंचमी अहोरात्र।
**नक्षत्र** चित्रा 10.22 बजे को समाप्त।
**योग** वृद्धि 17.56 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 17.24 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 19.1 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 07° 52'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871904
**जूलियन दिन** 2460369.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सावान
**तारीख** 18

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक | |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक | |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक | |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक | |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक | |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक | |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: ईश्वर की खोज

एक सेठ के पास अपार धन-संपत्ति थी, पर उसका मन हमेशा अशांत रहता था। एक बार उसके शहर में एक सिद्ध महात्मा आए। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि परमात्मा को पाने पर ही सच्ची खुशी एवं पूर्ण शांति मिल सकती है। इसलिए ईश्वर की खोज करो और अपने जीवन को सार्थक करो। यह सुनकर सेठ ईश्वर की खोज में लग गया। वह इधर-उधर भटकने लगा। ऐसा करते हुए दो वर्ष बीत गए किंतु ईश्वर की प्राप्ति नहीं हुई। वह निराश होकर घर की ओर लौट पड़ा। रास्ते में उसे एक चिर-परिचित आवाज सुनाई पड़ी। उसे कोई बुला रहा था। उसने पीछे मुड़कर देखा तो पाया कि उसके पीछे वही सिद्ध महात्मा खड़े हैं, जिन्होंने ईश्वर को ढूंढने की बात कही थी। सेठ उनके पैरों में गिरकर बोला, 'बाबा, मैं अनेक स्थानों पर भटका किंतु मुझे अभी तक ईश्वर नहीं मिले। आखिर मेरी खोज कब पूरी होगी? आप ने ही कहा था कि सच्ची खुशी ईश्वर के साथ मिल सकती है।' उसकी बात पर महात्मा मुस्कराए और उन्होंने उसे उठाते हुए कहा, 'पुत्र, मैंने सही कहा था। यदि तुमने ठीक ढंग से ईश्वर की खोज की होती तो अब तक तुम उन्हें पा चुके होते।' यह सुनकर सेठ हैरान रह गया और बोला, 'कैसे बाबा?' महात्मा बोले, 'पुत्र, ईश्वर किसी दूर-दराज के क्षेत्र में नहीं तुम्हारे अपने भीतर ही है। तुम अच्छे कर्म करोगे और नेक राह पर चलोगे तो वह स्वयं तुम्हें मिल जाएगा। तुम्हें उसे कहीं खोजने नहीं जाना पड़ेगा। हां, उसे पाने के लिए ईश्वर का नेक बंदा अवश्य बनना होगा।' यह सुनकर सेठ महात्मा के प्रति नतमस्तक हो गया और वापस अपने घर चला आया। घर आने के बाद उसने पाठशालाएं खुलवाईं, लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराया, गरीब कन्याओं के विवाह कराए और अपने पास आने वाले हर जरूरतमंद की समस्या का समाधान किया। कुछ ही समय बाद उसके भीतर की अशांति जाती रही और उसने अपने भीतर नई स्फूर्ति महसूस की।

## सूडोकु नवताल- 6717

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6716 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

# वोडाफोन आइडिया इक्विटी के जरिये जुटाएगी 45,000 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया इक्विटी के जरिये 45,000 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी कर रही है। इससे 4जी सेवा का दायरा बढ़ाने के साथ 5जी नेटवर्क तैयार करने में मदद मिलेगी। वहीं बोर्ड की इस मंजूरी से शेयर बाजार में कंपनी के शेयर 6 फीसदी बढ़ गए हैं। ताजा जानकारी के अनुसार कंपनी के निदेशक मंडल ने कर्ज और इक्विटी के जरिये 45,000 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव को आज मंजूरी दे दी। कंपनी इस पैसे का इस्तेमाल अपनी 4जी सेवा का दायरा बढ़ाने, 5जी नेटवर्क तैयार करने तथा क्षमता विस्तार पर करेगी। कंपनी ने जारी एक बयान में कहा कि अगली तिमाही तक नया निवेश लाकर इक्विटी और, या इक्विटी से जुड़े दूसरे साधनों के जरिये 20,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की उसकी योजना है। जानकारों की मानें तो बाहरी निवेशक से पूंजी जुटाने पर बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है मगर इसके बारे में ज्यादा खुलासा नहीं किया है। बोर्ड ने पूंजी जुटाने की योजना को अमली जामा पहनाने के लिए कंपनी को बैंकर, वकील और सलाहकार नियुक्त करने की जिम्मेदारी दे दी है।

कंपनी ने कहा कि इक्विटी पूंजी बॉन्ड, परिवर्तनीय डिबेंचर, वारंट, ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसीट, अमेरिकन डिपॉजिटरी रिसीट या विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बॉन्ड के सार्वजनिक निर्गम, निजी नियोजन, तरजीही निर्गम अथवा पात्र संस्थागत नियोजन जैसे किसी भी माध्यम से जुटाई जा सकती है। 2 अप्रैल को शेयरधारकों की बैठक बुलाई जाएगी और इक्विटी पूंजी जुटाने के प्रस्ताव पर उनसे मंजूरी ली जाएगी। इक्विटी जुटाने के प्रस्तावित अभियान में प्रवर्तक भी भागीदारी करेंगे। वोडाफोन आइडिया में आदित्य बिड़ला समूह की 18.1 फीसदी, केंद्र सरकार की 33 फीसदी और ब्रिटेन के वोडाफोन ग्रुप की 32.3 फीसदी हिस्सेदारी है। अतीत में वोडाफोन समूह ने भारतीय इकाई में और पूंजी लगाने से इनकार कर दिया था। मंजूरी की इस खबर का असर वोडा-आइडिया के शेयर पर भी दिखा।

बंबई स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी का शेयर आज 6 फीसदी चढ़कर 16 रुपये पर बंद हुआ, जिससे कंपनी का कुल बाजार मूल्य 77,254 करोड़ रुपये रहा।

## अडानी समूह ने विदेशी रोड शो की सीरीज शुरू की, निवेशकों का विश्वास बढ़ाने

नई दिल्ली। अडानी समूह ने अपने नए बॉन्ड की बिक्री से पहले अपने कारोबार में निवेशकों का विश्वास बढ़ाने के लिए और बॉन्डधारकों के लिए विदेशी रोड शो की सीरीज शुरू की है। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने कहा कि वह 18 साल की डोर-टू-डोर अवधि के साथ बांड के माध्यम से 409 मिलियन डॉलर जुटाने की योजना बना रही है। रोड शो के द्वारा समूह निवेशकों को अपने विवेकपूर्ण वित्तीय योजना, परिचालन दक्षता और अपने लोन की देनदारी को पूरा करने की क्षमता के बारे में आश्वस्त करने का प्रयासों कर रहा है।

अदाणी समूह रिन्युएबल एनर्जी, पोर्ट, एयरपोर्ट और इंफ्रास्ट्रक्चर सहित कई क्षेत्रों में अपनी विस्तार योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने में लगा है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुम्बई। घरेलू शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट भारी मुनाफावसूली से आई है। इसके अलावा दुनिया भर के बाजारों से प्राप्त मिलेजुले संकेतों से भी बाजार पर दबाव पड़ा। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 790.34 अंक नीचे आकर 72,304.88 अंक पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 247.20 अंक नीचे आकर 21,951.15 अंक पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज , आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड, मारुति सुजुकी, महिंद्रा ऐंड महिंद्रा ,एचडीएसफसी बैंक और एलएंडटी के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। इसके अलावा सरकारी बैंकों , वाहन क्षेत्र सेक्टर और तेल व प्राकृतिक गैस कंपनियों के शेयरों में करीब 2 फीसदी से लेकर 3.5 फीसदी तक की गिरावट आई। इससे बाजार पर नकारात्मक प्रभाव हुआ। इसके साथ ही

बीएसई मिडकैप इंडेक्स में भी 1.8 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.9 फीसदी की गिरावट से भी बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। आज कारोबार के दौरान हिंदुस्तान यूनिलिवर, इंफोसिस, टाटा कंसल्टैंसी और टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल के शेयरों में तेजी आई। वहीं पावर ग्रिड , इंडसइंड बैंक, मारुति, विप्रो, टाटा स्टील, जेएसडब्यू स्टील, एशियन पेंट, महिन्द्रा एंड महिन्द्रा व रिलायंस और अल्ट्राटेक के शेयरों में गिरावट रही। एशियाई बाजारों में सियोल का बाजार ऊपर आया। वहीं टोक्यो , शंघाई और होंगकांग के बाजार में गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में भी अधिकतर गिरावट देखी गयी। वहीं गत दिवस अमेरिकी बाजार बढ़त पर बंद हुए थे। वहीं गत दिवस विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 1,509.16 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची थी।

इससे पहले आज सुबह बाजार हल्की तेजी के साथ खुला। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिश्रित संकेतों के बीच ही तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 26.42 अंक करीब 0.04 फीसदी बढ़कर 73,121.64 जबकि पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 8.00 अंक तकरीबन 0.04 फीसदी बढ़कर 22,206.30 पर दिख रहा है। कारोबार के दौरान करीब 1519 शेयर उछले हैं जबकि 770 शेयर टूटे हैं। इसके अलावा 125 शेयरों में कोई बदलाव नहीं आया है। कारोबार के दौरान भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, टाटा कंज्यूमर, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, हीरो मोटोकॉर्प के शेयर बढ़े जबकि विप्रो, अपोलो हॉस्पिटल्स, पावर ग्रिड कॉर्प, अल्ट्राटेक सीमेंट और बीपीसीएल के शेयर नीचे आये। वहीं गिफ्ट निफ्टी हल्की बढ़त के साथ ही 22200 के ऊपर कारोबार कर रहा था

# डबल मनी मामले में पुलिस ने युवराज पंचाले को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

## युवराज पंचाले के जीजा ने ही दर्ज करवाया था अपराध

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी सहित बालाघाट जिले का बहुचर्चित डबल मनी काण्ड में लांजी पुलिस लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी कर रही है साथ ही रोजना एक नये आरोपी का नाम भी सामने आ रहा है जिसके खिलाफ लांजी पुलिस मुकदमे दर्ज कर रही है। इसके अतिरिक्त जिन शिकायत कर्ताओं के द्वारा डबल मनी मामले में अपराध दर्ज करवाया गया है और वे आरोपी फरार थे उन्हे लांजी पुलिस दबोच रही है। लांजी पुलिस के द्वारो विगत 1 जुलाई 2023 को आरोपी युवराज पंचाले के विरूद्ध डबल मनी मामले में अपराध दर्ज किया गया था जो कि युवराज पंचाले के ही जीजा ने अपराध दर्ज करवाया था। दर्ज अपराध के अनुसार प्रार्थी रमेश कुमार मराठे पिता अनन्त राम मराठे उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 3 केसी कालोनी भरवेली ने लांजी



पुलिस थाना पंहुचकर बताया कि ग्राम पीपलगांव खुर्द मेरी ससुराल है। युवराज पंचाले मेरा साला है वर्ष 2022 की बात है मेरा साला युवराज पंचाले मुझे बोला की डबल मनी का काम करता हूँ रूपये 6 माह में डबल करके दे देता हूँ। मैने सोचा सही समय है फिर मैने उसी दिन युवराज को 1 लाख 40 हजार रूपये नगद जमा किया जिसके बदले मे युवराज ने अपने नाम को चेक 2 लाख 80 हजार को चेक प्रदान किया जिसकी मैच्यूरिटी दिनांक 12 सितंबर 2022 की है और मेरे सामने ही चेक पर अपने हस्ताक्षर किया था। मैच्यूरिटी होने पर जब पैसे मांगने गया तो युवराज मुझे टाल मटोल करने लगा और मेरे पैसे मुझे नही दे रहा था जिस पर प्रार्थी जीजा रमेश मराठे ने 1 जुलाई 2023 को पुलिस थाना लांजी आकर युवराज पंचाले के विरूद्ध डबल मनी काण्ड में अपराध क्रमांक 178/23 धारा 420, 406 तथा अनियमित जमा योजना अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। अपराध पंजीबद्ध दिनांक से ही युवराज फरार च रहा था जिसमे लांजी पुलिस लगातार तलाश कर रही थी मुखबिर की सूचना के आधार पर लांजी पुलिस के द्वारा फरार आरोपी युवराज पंचाले को धर दबोचा तथा आवश्यक कानूनी कार्यवाही पूर्ण कर जिला न्यायालय में 28 फरवरी को पेश किया गया तथा पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

# जु जित्सु मार्शल आर्ट में तोषराम कनोजे बने नेशनल चैंपियन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। देहरादून उत्तराखंड में 24 व 25 फरवरी 2024 को आयोजित जु जित्सु मार्शल आर्ट सीनियर नेशनल चैंपियनशिप के 69 किलोग्राम भार वर्ग में लांजी क्षेत्र के ग्राम थानेगांव निवासी तोषराम कनोजे जो कि वर्तमान में जिला खेल प्रशिक्षक कराते खेल विभाग रीवा मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए नेवाजा इवेंट में गोल्ड मेडल जीत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा ऑल इंडिया नेशनल चैंपियन बने। तोषराम कनोजे की इस उपलब्धि पर जु जित्सु संघ के राष्टीय अध्यक्ष विनय जोशी सचिव, अमित अरोड़ा, मध्य प्रदेश संघ अध्यक्ष विजेंद्र खरसोरिया, सचिव सुश्री रोहिणी कलाम तथा खेल विभाग एवं मध्य प्रदेश टीम के सभी सदस्यों ने बहुत बधाई दी है। यह खेल भारत सरकार खेल मंत्रालय ओलंपिक काउंसिल ऑफ़ एशिया तथा खेल विभाग मध्य प्रदेश से मान्यता प्राप्त है जो एशियन गेम्स वर्ल्ड गेम्स, इंडोर एशियन मार्शल आर्ट गेम्स, बीच गेम्स तथा अनेक बड़े खेलों में शामिल है। इस सफलता के साथ तोषराम कनोजे आगामी आने वाली बड़ी प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई हुए। तोषराम कनोजे की इस सफलता पर क्षेत्र के खेल प्रेमियों, इष्ट मित्रों ने बधाई दी।




# 12 वर्षीय बालक की सर्प दंश से मौत

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्र के ग्राम पौसेरा में दिवेश पिता उलासराम कावरे उम्र 12 वर्ष निवासी पौसेरा की सर्प दंश से मृत्यू हो गई। घटना के संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 फरवरी के शाम 4 बजे बालक



दिवेश स्कूल से आने के बाद अपने घर में जहां पर मोबाइल चार्जिंग में लगा हुआ था मोबाईल निकालने के लिये गया तो मोबाईल नीचे गिर गया जहां मोबाईल गिरा वहां निकालने गया तो उस स्थान पर नाग सर्प होगा सर्प ने बालक दिवेश के हाथ के अंगूठे मे डस लिया जिससे बालक की हालत खराब हो गई। बालक दिवेश ने अपने दादा दादी को बताया कि मुझे किसी जीव जन्तु ने काटा है, बालक के अंगूठे से खुन भी निकल रहा था, इस दौरान घर पर कोई व्यक्ति नही होने से आस पास के लोगो को सूचना दी तभी कुछ पडोसियों ने बालक को लांजी सिविल अस्पताल लाया जा रहा था लेकिन बालक ने रास्ते ही दम तोड़ दिया जिसे वापस ग्राम ले जाया गया तथा सुबह 28 फरवरी को पुलिस को सूचना देने के पश्चात पोस्टमार्टम के लिये सिविल अस्पताल लाया गया। बतादे कि बालक दिवेश कावरे छंटवी कक्षा का छात्र था जिसके माता पिता दोनो ही हैदराबाद मजदूरी के लिये गये हुये थे। खबर लगते ही दोनो लांजी आये और पुलिस थाना लांजी में बालक के मृत्यू के संबंध में मर्ग कायम करवाया। लांजी पुलिस ने मर्ग क्रमांक 06/24 धारा 174 जाफौ के तहत मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# सी एम राइज हॉयर सेकेण्डरी स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया


लांजी (पद्मेश न्यूज)। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विज्ञान से होने वाले लाभों के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच पैदा करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में प्रति वर्ष 28 फरवरी को भारत में मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस रमन प्रभाव की खोज के कारण मनाया जाता है। इस खोज की घोषणा भारतीय वैज्ञानिक सर चन्द्रशेखर वेंकटरमन ने 28 फरवरी सन 1928 को की थी। इसी खोज के लिये उन्हे 1930 में नोबल पुरस्कार दिया गया था।राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित व प्रेरित करना तथा जनसाधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है। विज्ञान के बिना विकास की राह में तीव्रता से आगे नहीं बढ़ा जा सकता है। विज्ञान से गलत धारणा और अंधविश्वासों का विनाश होता है। विज्ञान और तकनीक को प्रसिद्ध करने के साथ ही देश के नागरिकों को इस क्षेत्र मौका देकर नई ऊँचाइयों को हासिल करना भी इसका मुख्य उद्देश्य है। विद्यालय में संस्था प्रमुख की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती एवं सर चन्द्रशेखर वेंकटरमन के छायाचित्र पर पुष्प माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने विज्ञान विषय में जागरूकता बड़ाने के लिए



अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन कक्षा ग्यारहवीं के छात्र छात्राओं के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य बी आर गुरदे एवं उप प्राचार्य प्रवीण चंद्र साहू एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं रमेश धारणे, चंद्रकला घरते, दुर्गा हरडे, एल सी घोरमारे, सरोज कुमार पटले, संजय कुमार मेश्राम, एफ एल रिन्हायत, मुकेश पांचे, युवराज कुशले, कैलाश वैरागड़े, रविप्रकाश शहारे, गोपाल कृष्ण तुरकर, सत्यप्रकाश डहरवाल, बुद्धवर्धन उके, रत्नाकर गणवीर, सुरेश मेश्राम, नंदकिशोर बाहेश्वर, रोशन लाल खोबरागड़े, उषा नगपुरे, अनिता बिसेन, विमलेश्वरी उइके, ममता पिल्लारे, चंचला मेश्राम, प्रहलाद गोखले एवं सहायक स्टॉफ और समस्त छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ने मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट में बुधवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। आयोजन में प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रमन के द्वारा प्रतिपादित रमन प्रभाव की स्मृति में विद्यालय में वैज्ञानिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। आयोजन में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार जैन द्वारा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, शोध की प्रवृत्ति बढ़ाने , भारतीय वैज्ञानिक ज्ञान एवं सिद्धांतों को कैसे भविष्य में विकसित राष्ट्र की संकल्पना के साथ संयोजित किया जा सकता है इससे अवगत कराया गया। कार्यक्रम में प्राकृतिक चिकित्सा से संबंधित प्रतीक राणे द्वारा अपने उद्बोधन में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ के लिये किये गए छोटे-छोटे प्रयोग एवं घरेलू उपचार शिक्षकों




और विद्यार्थियों को बताए गए। वहीं राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिये चयनित कक्षा नवमी ब के छात्र क्षितिज पवार एवं अन्वेष लिल्हारे ने अपनी प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों की उपस्थिति रही ।

# पूर्व जनपद सदस्य जानकी बाई मिसारे पंचतत्व में विलीन



लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम मोहझरी निवासी पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती जानकीबाई भुनेश्वर मिसारे का लगभग 70 वर्ष की उम्र में 27 फरवरी को रात्रि लगभग 11 बजे निधन हो गया।इनका अंतिम संस्कार 28 फरवरी को स्थानीय मोक्षधाम मोहझरी में किया गया। आप अपने पीछे 2 बेटे व 2 बेटी का भरा पूरा परिवार छोड़ स्वर्ग सिधार गई। इनके अंतिम यात्रा में नाते रिश्तेदारों, समाज के प्रबुद्धजनों एवं ग्रामीणों ने शामिल होकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार को दु:ख सहन करने परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की।

प्लॉट बेचना है
गोंगलई मे गोंदिया रोड़ से लगा हुआ प.ह.नं. 19 मे रकबा 0.0023 हे. 39म 65X2535 वर्गफीट डायवर्सन युक्त प्लॉट बेचना है।
संपर्क करें 9993754780

# पंचायतों से निर्माण कार्यो की उठी मांग, पहुँची सीएम हॉउस तक

बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुरुवार को विकसित भारत-विकसित मप्र के अंतर्गत 17555 करोड़ की 39 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत बालाघाट जिले के कुल 168 निर्माण कार्यो का शिलान्यास सांसद ढाल सिंह बिसेन, विधायक गौरव पारधी व राजकुमार कर्राहे द्वारा ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। ज्ञात हो कि ये कार्य वे है जो समय-समय पर पंचायतों या गाँवो से मांग की जाती रही हैं। लेकिन किसी योजना में शामिल नही हो सकें। आखिरकार सांसद डॉ. बिसेन ने सीधे सीएम डॉ. मोहन यादव के संज्ञान में लाकर इनकी सीएम हाउस से स्वीकृति प्राप्त की। ये सभी कार्य सांसद डॉ. बिसेन के संसदीय क्षेत्र व लांजी और कटंगी विधानसभा से सम्बंधित है। कुल 168 कार्यो की लागत 3787.89 लाख रुपये है। स्वीकृत कार्यो को लोक निर्माण विभाग और ग्रामीण विकास विभाग दोनों अनुभागों द्वारा निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाएगा। इसमें लोक निर्माण विभाग द्वारा 23. 85 किमी. की 11 नवीन सड़कें बनाई जाएंगी। इसके अलावा आरईएस विभाग द्वारा गाँवो की अंदरूनी सीसी रोड़, कलवर्ट स्लैब, स्कूल बाउंड्रीवाल, स्टेट लाइट विद्युतीकरण, सभा मंच, सामुदायिक भवन, खेल मैदान, स्टॉप डेम, नाली निर्माण, पुलिया स्लैब आदि कई कार्य है जो ग्रामीण नागरिकों के लिए सुविधाजनक साबित होंगे।

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# गौवंश तस्करों की जमानत याचिका निरस्त

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। गोवंश की तस्करी करने के आरोपियों की माननीय व्यवहार न्यायालय कटंगी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री सुधा पाण्डेय ने जमानत याचिका निरस्त करते हुए जेल भेज दिया है. इस संबंध में सहायक लोक अभियोजन अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जानकारी कर जानकारी देते हुए बताया कि गोवंश को क्रूरतापूर्वक मारते पीटते हुए कत्लखाने ले जाने वाले आरोपी ईश्वरी पटले और सुखचंद पटले दोनों निवासी सीताखोह थाना कटंगी की जमानत याचिका निरस्त की गई है. आरोपियों के खिलाफ कटंगी थाने में गोवंश प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4,6,9 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11 डी दर्ज है. आरोपियों की जमानत याचिका खारिज करते हुए दोनों वारासिवनी जेल भेज दिया गया है. बता दें कि 27 फरवरी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मिरगपुर से रानी मोहगांव के रास्ते दोनों आरोपियों को गौवंश को मारते पीटते हुए क्रुरतापूर्वक कत्लखाने ले जाते हुए पकड़ा था. आरोपियों के पास से कुल 17 नग मुक मवेशी पकड़े गए थे. आरोपियों ने पुलिस को गौवंश को बाजार से खरीदना और स्वयं का होना बताया था लेकिन उनके पास बाजार की रसीद नहीं थी. पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की गई तो आरोपियों ने गौवंश की तस्करी करना कबूल किया था।

# सीएम राइज में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम संपन्न

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। नगर के सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अनुपयोगी कपड़ों और प्लास्टिक से उपयोगी वस्तुओं के निर्माण पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया. प्राचार्य यतीन्द्र अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यशाला आयोजित की गई. जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और अनुपयोगी कपड़ों से उपयोग की वस्तु कपड़े के थैले, गलीचा, वॉल डेकोर, लेटर बैग, पर्स, पानी की बोतल रखने का थैला बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया. कार्यशाला में सिलाई अनुदेशकों के द्वारा पुराने कपड़ों से उपयोगी वस्तुओं को बनाना सीखाया गया. प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं ने अपने हाथों से पुराने कपड़ों की कटिंग कर उपयोगी वस्तु बनाना सीखा. प्रशिक्षण के अंत में छात्र-छात्राओं को पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण के लिए प्लास्टिक के थैलों के स्थान पर कपड़ों के थैलों का उपयोग करना, कुड़ा कचरा से निपटान करने के आवश्यक उपाय बताए गए ताकी पर्यावरण और प्रकृति स्वच्छ हरित और स्वास्थ्यवर्धक बन सकें. प्रशिक्षण में सिलाई अनुदेशक श्रीमती आरती नामदेव, श्रीमती वंदना पाने, शिक्षक संजय वर्मा, देवेन्द्र ठाकुर, अनिल कुमार बघेल, श्रीमती रजनी शिंदे, सलमा खान, रविता तांडेकर का विशेष योगदान रहा।



## आंधी-बारिश का टूटा कहर, चने आकार के गिरे ओले

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। मंगलवार की शाम करीब 04 बजे मौसम ने अचानक करवट बदल ली. देखते ही देखते आसमान में काले बादल छा गए और तेज आंधी-तूफान के साथ करीब आधा घंटे तक जमकर बारिश शुरू हुई. कटंगी शहर सहित आस-पास के ग्रामीण इलाकों में चने आकार के ओले भी गिरे. कई जगहों पर तेज बारिश देखने को मिली. बारिश की वजह से आज के दिन होने वाले शादी समारोह की तैयारियों पर बारिश ने पानी फेर दिया. कटंगी में शाम करीब 04 बजे के आस-पास अचानक मौसम बदला और तेज आंधी के साथ बारिश हुई. नगर के गुजरी चौक में कई दुकानों की त्रिपाल उड़ गई. जिससे दुकानदारों को खासा नुकसान हुआ है. बारिश की वजह से करीब 02 घंटे तक बिजली गुल रही. अचानक हुई बारिश के सड़कों पर जलभराव हो गया. जिससे राहगीर परेशान हुए. इसके अलावा अचानक से हुई बारिश से मौसमी फसलों को भी नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है. ग्रामीण इलाकों में कई जगहों पर विशाल पेड़ों के गिरने की भी जानकारी सामने आई है।



# रांची में मिली हार से सीख सकती है इंग्लैंड : नासिर हुसैन

## भारत जैसी मजबूत टीम से हारने में शर्म की बात नहीं

रांची। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा है कि भारत जैसी मजबूत टीम से हारना कोई शर्म की बात नहीं है। हुसैन ने कहा कि भारतीय टीम अभी विश्व क्रिकेट में काफी अच्छी है। इसी कारण वह एक मैच पहले ही सीरीज जीतने में सफल रही है। भारतीय टीम ने रांची में तीन मैचों की सीरीज के चौथे टेस्ट में पांच विकेट की जीत के साथ ही 3-1 की सीरीज अपने नाम कर ली है। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि अगर उनकी टीम चाहे तो रांची टेस्ट से काफी कुछ सीख सकती है। हुसैन ने कहा, इंग्लैंड ने आज खेल नहीं हारा, वे कल ही खेल हार गए थे। भारतीय टीम ने एकदम से बाजी पलटी। मेरा मानना है कि भारतीय टीम ने पूरी सीरीज में जिस तरह से खेला है उसको देखते हुए वे जीत के अधिकारी थे। भारतीय टीम अपने कुछ अनुभवी खिलाड़ियों के



बिना ही उतरी थी फिर भी वह अपने युवा खिलाड़ियों के बल पर बेहतर प्रदर्शन में सफल रही।

हुसैन ने साथ ही कहा कि कई बड़े खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद टीम इंडिया के घरेलू रिकॉर्ड को तोड़ना संभव नहीं है। इसी कारण उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा है पर इसके बाद भी इंग्लैंड को सीरीज में मिली हार से निराश नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, उनका घरेलू रिकॉर्ड बिल्कुल अद्भुत है, इसलिए इस भारतीय टीम से हारना कोई शर्म की बात नहीं है। किसी भी टेस्ट श्रृंखला या यहां तक कि किसी भी टेस्ट मैच की तरह, आप प्रमुख क्षेत्रों को देखते हैं, जहां आपके हाथ से खेल निकल जाता है ओर यही हमारी टीम के साथ हुआ। इसी कारण जो बढ़त 100 रन की हो सकती थी वह 46 रन पर ही रह गयी। चौथे टेस्ट को जीतने के लिए इंग्लैंड को चौथे दिन सभी दस विकेट की जरुरत थी और तीसरे दिन के अंत तक भारतीय बल्लेबाजों ने हमें सफल नहीं होने दिया। भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम को मैच में वापसी करायी। वहीं बल्लेबाजी के औरान शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल के बीच हुई 72 रनों की साझेदारी ने टीम को जीत दिला दी। हमारी टीम शुरुआत पांच विकेट लेने के बाद भी भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना पायी जिससे उसे हार का सामना करना पड़ा। हुसैन ने कहा, इंग्लैंड ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, उन्होंने जितना संभव हो सके उतना संघर्ष भी किया, उन्होंने चौथे दिन विकेट हासिल किए और जब लंच के तुरंत बाद उन्होंने सरफराज और जडेजा को आउट किया तो लगा की अब मैच हाथ में आ गया पर इसके बाद शुभमन और ध्रुव ने मैच हमारे हाथ से छीन लिया।

## डबल्यूपीएल : मंधाना की आक्रामक बल्लेबाजी से आरसीबी ने गुजरात जायंट्स को हराया

नई दिल्ली। कप्तान स्मृति मंधाना की शानदार बल्लेबाजी से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की टीम ने महिला प्रीमियर लीग (डबल्यूपीएल) टूर्नामेंट में गुजरात जायंट्स को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ ही आरसीबी अंक तालिका में 4 अंक लेकर नंबर एक पर पहुंच गयी है। गुजरात जायंट्स से मिले 108 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की टीम ने मुकाबला 12.3 ओवर में ही जीत लिया।




आरसीबी की ओर से मंधाना ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए केवल 27 गेंदों पर ही 8 चौके और एक छक्का लगाकर 43 रन बना दिये।

इस दौरान मंधाना के साथ सबनेनी मेघना की अच्छी साझेदारी रही। सलामी बल्लेबाज सोफी डिवाइन के 6 रनों पर ही आउट होने के बाद मेघना ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 28 गेंदों पर ही 36 रन बना दिये। मंधाना और मेघना के बीच दूसरे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी हुई। 72 रन पर दूसरा विकेट गिरने के बाद मंधाना और पेरी 23 ने अच्छी बल्लेबाजी कर अपनी टीम को जीत दिलायी। इस मैच में मंधाना ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। उसका ये फैसला सही हुआ और गुजरात जाएंट्स विमेन के शुरुआती बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये। गुजरात जायंट्स की कप्तान बेथ मूनी 8 और पी. लिचफील्ड 5 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। इसके बाद विकेट गिरने का सिलसिला जारी रहा।

## मेसी, जोकोविच और वेरस्टेपेन भी लॉरेस पुरस्कार की दौड़ में शामिल

लंदन। अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी को लॉरेस के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। मेसी की कप्तानी में ही टीम ने विश्वकप जीता था। इसके अलावा मेजर लीग सॉकर टीम इंटर मियामी को रिकॉर्ड 44वां खिताब दिलाने में भी उनकी अहम भूमिका रही थी। पच्चीसवें लॉरेस विश्व खेल पुरस्कार 22 अप्रैल को यहां दिए जाएंगे। मेसी के अलावा इस पुरस्कार की दौड़ में मैनचेस्टर सिटी के स्ट्राइकर एर्लिंग हैलेंड (नॉर्वे), टेनिस सुपरस्टार नोवाक जोकोविच (सर्बिया), विश्व रिकॉर्ड धारक पोल वाल्ट



खिलाड़ी मोंडो डुप्लांटिस (स्वीडन), विश्व चैंपियन धावक नूह लायल्स (अमेरिका) और फार्मूला वन स्टार मैक्स वेरस्टेपेन (नीदरलैंड) भी हैं। वहीं साल की सर्वश्रेष्ठ महिला पुरस्कार के लिए जिन खिलाड़ियों को नाम हैं। वह हैं कीनिया की फेथ किपयेगॉन, अमेरिका की शाकैरी रिचर्डसन और शेरिका जैकसन। किपयेगॉन ने 1,500 और 5,000 मीटर का दोहरा खिताब जीता है। वहीं शेरिका ने 200 मीटर में 21.41 सेकेंड का विजयी समय अब तक का दूसरा सबसे कम समय निकाला था। इनके अलावा पोलैंड की टेनिस खिलाड़ी ईगा स्वियाटेक, स्पेन की फुटबॉलर ऐटाना बोनमाटी और अल्पाइन स्कीयर अमेरिका की मिकाएला शिफरीन भी इस पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं। इनके अलावा अमेरिकी जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स भी पुरस्कार के दावेदारों में शामिल हैं।

## बीसीसीआई के सख्त रुख के बाद रणजी टीम में लौटे अय्यर

मुंबई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की धमकी के बाद बल्लेबाज श्रेयस अय्यर तमिलनाडु के खिलाफ 2 मार्च से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के लिए मुम्बई टीम से खेलने के लिए तैयार हो गये हैं। इसके बाद उन्हें मुंबई की 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। इससे पहले मुम्बई ने बड़ौदा के खिलाफ मुम्बई का क्वार्टर फाइनल मैच ड्रॉ रहा था जिसके बाद मुंबई ने पहली पारी की बढ़त के कारण सेमीफाइनल में जगह बनायी।

वहीं इससे पहले अय्यर को इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम 3 टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया था। इसके बाद अय्यर और ऑलराउंडर शिवम दुबे ने फिटनेस का हवादा देकर क्वार्टर फाइनल मैच नहीं खेला था। वहीं इससे नाराज भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने कहा था कि राष्ट्रीय टीम में जगह के लिए सभी फिट खिलाड़ियों के लिए घरेलू टीम में खेलना जरुरी है। इसके बाद एनसीए में हुई फिटनेस जांच में अय्यर पूरी तरह से ठीक पाये गये। इसी के बाद अय्यर ने रणजी खेलने का फैसला किया।

मुंबई टीम इस प्रकार है- अजिंक्य रहाणे, श्रेयस अय्यर, पृथ्वी साव, भूपेन लालवानी, अमोघ भटकल, मुशीर खान, प्रसाद पवार, हार्दिक तमोरे, शार्दुल ठाकुर, शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, आदित्य धूमल, तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी, रॉयस्टन डायस और धवल कुलकर्णी।

## अंतिम टेस्ट में पाटीदार की जगह पडिक्कल को मिल सकता है मौका

मुम्बई। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में पहले ही 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। ऐसे में अब धर्मशाला में होने वाला अंतिम मैच औपचारिकता भर है क्योंकि उसके परिणाम से सीरीज पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसको देखते हुए 7 मार्च को होने वाले अंतिम मैच से युवा बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को डेब्यू का अवसर मिल सकता है। पडिक्कल इस समय शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले चार मैचों में 3 शतक और एक अर्धशतक लगाये हैं। इसी कारण उन्हें टीम इंडिया में जगह भी मिली है पर अब तक अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिल पायी है। भारतीय




टीम ने पहले ही सीरीज पर कब्जा कर लिया है। इसलिए वह इस मैच में कुछ बदलाव कर सकती है। इन हालातों में रजत पाटीदार का बाहर होना तय है क्योंकि अपने अवसरों का इस्तेमाल नहीं कर पाये। पाटीदार के नाम 3 टेस्ट मैच की 6 पारियों में केवल 63 रन ही हैं। इसको देखते हुए कप्तान रोहित शर्मा धर्मशाला टेस्ट में रजत की जगह पडिक्कल को अवसर दे सकते हैं।

पडिक्कल बाएं हाथ के बैटर हैं। उन्होंने दो टी20 इंटरनेशनल मैच खेल हैं। वह आक्रामक बल्लेबाजी भी करते हैं। उनकी टाइमिंग भी शानदार होती है। उन्होंने अबतक 31 फर्स्ट क्लास मैच में 44 से ज्यादा की औसत से 2227 रन बनाये हैं।

## कॉनवे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर हुए, निकोल्स शामिल

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अंगूठे में लगी चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह बल्लेबाज हेनरी निकोल्स को टीम में जगह दी गयी है।



कॉनवे को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के दौरान बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी। इसके बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा था। वहीं न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि स्कैन जांच के बाद कॉनवे को बाहर करने का फैसला किया गया। इसमें पता चला कि उनके बाएं अंगूठे में चोट लगी है।

वहीं कोच गैरी स्टीड ने कहा, डेवोन के लिए एक अहम मैच से ठीक पहले बाहर होना निराशाजनक बात है। वह हमारे लिए शीर्ष क्रम पर बल्लेबाजी करने वाला शानदार खिलाड़ी है। वहीं स्टीड ने उनकी जगह निकोल्स की टीम में वापसी का स्वागत करते हुए कहा, हेनरी जैसी क्षमता वाले खिलाड़ी को टीम में शामिल करना अच्छा है क्योंकि उनके पास काफी टेस्ट अनुभव है। न्यूजीलैंड टीम अभी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिक में सबसे आगे है जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम तीसरे स्थान पर है।

न्यूजीलैंड टीम इस प्रकार है = टिम साउदी (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), हेनरी निकोल्स, मैट हेनरी, स्कॉट कुगलेइजन, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, विल ओरूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, नील वैगनर (सेवानिवृत्त), केन विलियमसन और विल यंग।

## नामीबिया के निकोल ने लगाया टी20 का सबसे तेज शतक

कीर्तिपुर। नामीबिया के यान निकोल ने त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज के पहले ही मैच में नेपाल के खिलाफ 33 गेंद में शतक लगाकर एक नया रिकार्ड बनाया है। इसी के साथ ही निकोल टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इसी के साथ ही निकोल ने नेपाल के कुशाल मल्ला के 34 गेंद में शतक के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। मल्ला ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों के दौरान सबसे तेज शतक लगाया था।

निकोल ने केवल 36 गेंद में ही 101 रन बना दिये। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके और 8 छक्के लगाए और इस दौरान 280.55 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी पारी में 92 रन केवल बाउंड्री से ही बना दिये। यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय शतक है।

## हुसैन ने जुरेल, शुभमन और यशस्वी की जमकर प्रशंसा की



लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भारतीय टीम के युवा खिलाड़ियों की जमकर प्रशंसा की है। भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में जीत दिलाने में युवा खिलाड़ियों ध्रुव जुरेल, शुभमन गिल और यशस्वी जायस्वाल व कुलदीप यादव ने अहम भूमिका निभाई थी। इन तीनों ने इस मैच को भारतीय टीम की ओर मोड़ दिया था।

जुरेल के 90 रनों की सहायता से भारतीय टीम ने पहली पारी में 307 रन बनाए। इस दौरान कुलदीप यादव के साथ मिलकर उन्होंने 76 रन बनाये। वहीं इसके बा इंग्लैंड दूसरी पारी में आर अश्विन और कुलदीप यादव की शानदार गेंदबाजी से मेहमान टीम 145 रनों पर ही सिमट गयी।

लक्ष्य का पीछा करते हुए शुभमन और जुरेल ने 52 और 39 रन बनाकर टीम को जीत दिलायी। हुसैन ने इन दोनों की पारियों की सराहना करते हुए कहा, "शुभमन ने अपना स्तर और धैर्य दिखाया जबकि जुरेल ने दो मैचों में विकेटकीपर और बल्लेबाज के रूप में शानदार प्रदर्शन किया।" वहीं इंग्लैंड के प्रदर्शन पर उन्होंने कहा कि मेहमान टीम तीसरे दिन ही मैच हार गई थी। हुसैन ने कहा, "पहली पारी के बाद भारतीय टीम ने मैच पर शिकंजा कस दिया।।"

## आईपीएल से ठीक पहले धोनी के बल्लेबाज ने आक्रामक शतक लगाकर अपने इरादे जाहिर किये

नई दिल्ली। अगले माह शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से ठीक पहले मुंबई के तुषार देशपांडे ने रणजी ट्रॉफी में अपने आक्रामक अंदाज को दिखाया है। तुषार ने क्वार्टर फाइनल में 11वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए केव 129 गेंदों पर ही 123 रन बना दिये। तुषार ने अपनी इस पारी में 10 चौके और 8 छक्के लगाये थे। इस प्रकार उन्होंने 123 में से 88 रन केवल चौके और छक्के से ही लगा दिये।



आईपीएल में तुषार चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम में हैं। ऐसे में अब आईपीएल में भी उनसे धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद है। सीएसके ने तुषार को 2022 में अपनी टीम में शामिल किया था। उन्हें 20 लाख रुपए के आधार मूल्य पर टीम से जोड़ा गया था पर तुषार ने अपनी कीमत से कहीं बेहतर प्रदर्शन करते हुए 23 मैच में 25 विकेट ले लिए। तुषार के नाम अब तक आईपीएल के 23 मैचों में 21 रन हैं। इसीलिए रणजी में उनके शतक को देखकर सभी को हैरानी हुई। हालांकि, यह नहीं कहा जा सकता कि तुषार ने पहली बार बल्लेबाजी में ये कारनामा कमाल किया है। आईपीएल के पिछले सत्र में अब तक 23 मैचों में ही तीन बार उन्हें बल्लेबाजी का अवसर मिला था। इसमें वह दो बार वे नाबाद रहे थे। रणजी ट्रॉफी में भी उनके नाम पहले से एक अर्धशतक था। इसीलिए उन्हें कमजोर बल्लेबाज नहीं माना जा सकता। उन्होंने बड़ौदा के खिलाफ अपनी शतकीय पारी के दौरान 10वें नंबर के बल्लेबाज तनुष कोटियान के साथ 232 रन की साझेदारी की थी।

## आईपीएल से पहले ऋषभ ने जिम में अभ्यास का वीडिया साझा किया

नई दिल्ली। टीम इंडिया के आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत अगले माह शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से वापसी की तैयारियों में लगे हैं। इसी के तहत ही ऋषभ फिटनेस हासिल करने के लिए जिम में जमकर अभ्यास करते हुए नजर आये। ऋषभ गत वर्ष हुए कार हादसे से अब उबर गये हैं। वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन के दौर से गुजरे थे। इसके बाद से ही वह तेजी से बेहतर हुए हैं। एक साल से अधिक समय के बाद मैदान पर वापसी की तैयारी कर रहे ऋषभ ने जिम में अपने अभ्यास का एक वीडियो सोशल मीडिया का साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा, हदें तोड़ना हमें आता है।

## इस साल के अंत में होगी श्रीलंकाई टी10 लीग

कोलंबो। श्रीलंकाई टी10 लीग का पहला सत्र इस साल 12 से 22 दिसंबर तक होगा। ये लीग गत वर्ष होनी थी पर किन्हीं कारणों से नहीं हो पायी थी। ये श्रीलंका के वार्षिक क्रिकेट कैलेंडर की सबसे नई लीग है। इसमें श्रीलंका के शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ ही कुछ शानदार अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग लेंगे। श्रीलंकाई क्रिकेट (एसएलसी) के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि यह टूर्नामेंट सफल रहेगा। इससे श्रीलंका क्रिकेट को बढ़ावा मिलने के साथ ही वह खेल में बदलते रुझानों से भी तालमेल बैठाने में सफल रहेगा। उन्होंने साथ ही कहा, हमें उम्मीद है कि यह आयोजन न केवल क्रिकेट प्रेमियों को आकर्षित करेगा, बल्कि टूर्नामेंट को व्यापक रूप से लोकप्रिय बनाने में भी अहम भूमिका निभायेगा।



इस टूर्नामेंट में छह पुरुष टीमें शामिल रहेंगी। ये टीमें क्षेत्रीय क्रिकेट केंद्रों को कवर करेंगी। इसमें प्रत्येक टीम में छह विदेशी खिलाड़ियों के साथ ही 16 खिलाड़ियों का एक दल शामिल रहेगा। ये मैच श्रीलंका के कुछ शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्थलों में खेले जाएंगे। वहीं आईपीजी ग्रुप के संस्थापक और सीईओ अनिल मोहन ने कहा, यह हमारे लिए एक शानदार अवसर है। हमें श्रीलंकाई क्रिकेट में एक और रोमांचक अध्याय का आयोजन करने का मौका मिला है। हमारी लीग दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक रोमांचक मंच प्रदान करेगी जिसमें विश्व के शीर्ष खिलाड़ी खेलते हुए दिखेंगे।

## आईपीएल से पहले ऋषभ ने जिम में अभ्यास का वीडिया साझा किया

नई दिल्ली। टीम इंडिया के आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत अगले माह शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से वापसी की तैयारियों में लगे हैं। इसी के तहत ही ऋषभ फिटनेस हासिल करने के लिए जिम में जमकर अभ्यास करते हुए नजर आये। ऋषभ गत वर्ष हुए कार हादसे से अब उबर गये हैं। वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन के दौर से गुजरे थे। इसके बाद से ही वह तेजी से बेहतर हुए हैं।



एक साल से अधिक समय के बाद मैदान पर वापसी की तैयारी कर रहे ऋषभ ने जिम में अपने अभ्यास का एक वीडियो सोशल मीडिया का साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा, हदें तोड़ना हमें आता है। वहीं इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने पहले कहा था कि ये विकेटकीपर बल्लेबजा आईपीएल सत्र में हर मैच खेलना चाहता है हालांकि उन्हें शुरुआत में केवल इंम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर ही रखा जाएगा। वहीं फ्रेंचाइजी के सह-मालिक पार्थ जिंदल की भी उम्मीद है कि ये क्रिकेटर आईपीएल तक पूरी तरह से फिट होकर टीम की कप्तानी करेगा। ऋषभ का भी लक्ष्य आईपीएल से अपनी फिटनेस का आंकलन करने के साथ ही लय हासिल करना रहेगा।

## जतिन की आक्रामक बल्लेबाजी से छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने तेलंगाना को हराया

ग्रेटर नोएडा। जतिन सक्सेना ने इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) में आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया है। जतिन ने 33 गेंदों पर ही 92 रन बना दिये। जतिन के अलावा नमन ओझा ने 23 गेंदों पर 49 रन बनाये। इसकी बदौलत छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने तेलंगाना टाइगर्स को 9 विकेट से हराया।

तेलंगाना टाइगर्स ने इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 150 रन बनाए। इसके बाद छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने जीत के लिए मिला लक्ष्य नमन ओझा और जतिन सक्सेना की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत 11वें ओवर में ही हासिल कर लिया।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए तेलंगाना की शुरुआत अच्छी थी पर क्रिस गेल का विकेट गिरने से टीम मुश्किल में फंस गयी। गेल के आउट होने के बाद एसएस भरत कुमार और शैख समीर भी पेवेलियन लौट गये। इसके बाद रिकार्डो पॉवेल और मनप्रीत गोनी ने अच्छी साझेदारी कर टीम को संभाला। पॉवेल ने 18 गेंद पर 37 रन और गोनी ने 19 गेंद पर 30 रन बनाए।

इसके बाद 151 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की ओर से नमन ओझा और जतिन सक्सेना ने अच्छी शुरुआत कर पहले विकेट के लिए 141 रन बनाये। टीम को जीत करीब पहुंचाने के बाद जतिन 92 रनों पर आउट हो गए। उसके अन्य बल्लेबाजों ने टीम को जीत दिलायी।

## मरे ने हार्ड कोर्ट पर 500वीं जीत दर्ज की

दुबई। ब्रिटेन के टेनिस स्टार एंडी मरे ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप के पहले दौर में डेनिस शापोवालोव को हराकर हार्ड कोर्ट पर अपनी 500वीं जीत दर्ज की। मरे ने तीन सेट तक चले मुकाबले में शापोवालोव को 4-6, 7-6 (5), 6-3 से हराया। मरे अब अगले दौर में उगो हम्बर्ट और गेल मोनफिल्स के बीच होने वाले मैच के विजेता से खेलेंगे।



पहले दौर में मिली जीत से उत्साहित मरे ने कहा, 'मुझे अब भी प्रतिस्पर्धा अच्छी लगती है पर उम्र बढ़ने के साथ युवा खिलाड़ियों से प्रतिस्पर्धा करना और शरीर को फिट तथा कठिन होता जा रहा है। इसलिए अब मेरे पास खेलने के लिए अधिक समय नहीं बचा है पर इन अंतिम महीनों में मैं जितना संभव हो उतना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करूंगा। मरे ने इससे पहले भी संन्यास के संकेत दिये थे पर बाद में उसे टाल दिया था। ओपन युग में मरे के अलावा केवल चार खिलाड़ियों रोजर फेडरर 783, नोवाक जोकोविच 700, आंद्रे अगासी 592 और रफेल नडाल 518 ने ही हार्ड कोर्ट पर 500 से अधिक मुकाबले जीते हैं।

# अस्थाई डंपिंग यार्ड को हटाकर की गई साफ सफाई

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बालाघाट एक्सप्रेस और पदमेश न्यूज़ की खबर का असर एक बार फिर देखने को मिला है। जहां खबर का संज्ञान लेते हुए नगर के वार्ड नंबर 10 रजा नगर में बनाया गया अस्थाई डंपिंग यार्ड को हटा दिया गया है। तो वहीं जेसीबी मंगवाकर कच्चे नाले की साफ सफाई और उसका गहरीकरण कराकर वार्ड से पानी निकासी की व्यवस्था बनाई गई है।जिसके चलते जहां एक ओर वार्ड वासियों को वार्ड में बनाए गए अस्थाई डंपिंग यार्ड से मुक्ति मिल गई है, तो वहीं मच्छर, गंदगी और दुर्गंध से भी उन्हें छुटकारा मिल गया है। इसके अलावा वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर नाले का गहरीकरण व साफ सफाई कर पानी निकासी की व्यवस्था बनाने से वार्ड वासियों को जल जमाव से भी फिलहाल राहत मिल गई है। हालांकि वार्ड वासियों ने उक्त अस्थाई नाले को पक्का नाला में परिवर्तित कर ,उसका पक्का निर्माण करने और वार्ड का गंदा पानी उक्त पक्के नाले से रेलवे नाले में किए जाने की मांग की है। जिसपर स्थानीय परिषद नरगिस खान ने वार्डवासियों के सहयोग से भूमि मालिकों से बात कर बरसात के पूर्व वार्ड वासियों को पक्के नाले की सौगात दिए जाने का आश्वासन दिया है।




### वार्डवासियों ने की पक्का नाला निर्माण की मांग

वार्ड समस्या को लेकर वार्ड वासियों के बढ़ते जा रहे आक्रोश को देखते हुए वार्ड पार्षद नरगिस खान ने नपा प्रबंधन को उक्त समस्या से अवगत कराते हुए एक दिन के लिए जेसीबी और नपा के सफाई अमले को दिए जाने की मांग की थी। जहां पार्षद नरगिस की इस मांग पर स्वास्थ्य विभाग अमला सफाई कर्मचारी जेसीबी मशीन लेकर वार्ड नंबर 10 रजा नगर पहुंचे और वार्ड पार्षद नरगिस के निर्देशन पर तत्काल वहां बनाया गया अस्थाई डंपिंग यार्ड को हटाकर वहां साफ सफाई की व्यवस्था की ।तो वहीं पूर्व से बने अस्थाई नाले को खोदकर उसकी सफाई व गहरीकरण कर पानी निकासी की व्यवस्था बनाई गई। हालांकि इस व्यवस्था को अस्थाई व्यवस्था बताते हुए वार्ड वासियों ने बरसात के दिनों में पानी लोगों के घरों में घुसने और वार्ड में जल जमाव की स्थिति बनने की बात कहते हुए उक्त अस्थाई नाले को स्थाई बनाकर उसका पक्का निर्माण किए जाने और उस पक्के नाले को रेलवे नाले से कनेक्ट कर पानी निकासी की व्यवस्था बनाए जाने की मांग की। जहां वार्ड वासियों के इस अनुरोध पर वार्ड पार्षद नरगिस खान ने प्लाट धारकों से बात कर नाले की भूमि नपा में हैंडओवर कराकर जल्द ही वार्ड वासियों को पक्के नाले की सौगात देने और जल्द ही वार्डवासियों को बरसो पुरानी जल जमाव और पानी निकासी की समस्या से छुटकारा दिलाए जाने की बात कही है।

### 24 फरवरी को प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी खबर

आपको बताएं कि नगर के वार्ड नंबर 10 रजा नगर में नपा कर्मचारियों द्वारा पिछले कुछ दिनों से एक अस्थाई डंपिंग यार्ड बनाया गया था। जहां नगर पालिका के सफाई कर्मचारी पूरे वार्ड से कचरा एकत्र कर उक्त अस्थाई डंपिंग यार्ड में कचरे का संग्रहण करते थे। जिसके चलते वहां हमेशा आवारा मवेशियों और सुवरों का डेरा जमा रहता था,तो वहीं जहां तहां कचरा और गंदगी का आलम था जिसके चलते दुर्गंध से पूरा परिसर सराबोर हो रहा था। जिसे वार्ड से हटाने, साफ सफाई की व्यवस्था बनाने और वार्ड में स्थित अस्थाई नाले का गहरीकरण कर पानी निकासी की व्यवस्था बनाने की मांग वार्डवासियों द्वारा पिछले कई दिनों से की जा रही थी। जहां बार-बार आवेदन निवेदन करने पर भी नपा द्वारा वार्ड वासियों की कोई सुनवाई नहीं की जा रही थी। जिस पर बालाघाट एक्सप्रेस अखबार और पदमेश न्यूज़ ने प्राथमिकता के तौर पर यह मुद्दा उठाकर वार्ड वासियों को राहत पहुंचाए जाने को लेकर नपा को अवगत कराया गया था।वही वार्ड समस्याओं को लेकर 24 फरवरी को पदमेश न्यूज चैनल और बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।जिसका संज्ञान लेते हुए नपा प्रबंधन व स्वास्थ्य विभाग ने वार्ड वासियों की मांग पूरी करने के लिए उक्त व्यवस्था बनाई है जिसपर वार्डवासियों ने अपनी खुशी का इजहार किया है।

## 9 लोक सेवा केंद्रों के लिए अनुबंद के लिए पत्र जारी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। लोक सेवा अधिनियम के अंतर्गत बालाघाट जिले के 9 लोक सेवा केंद्रों के संचालन के लिए पिछले दिनों पीपीपी मॉडल पर प्रक्रिया सम्पन्न हुई। अब इनके संचालन के लिए सचिव जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी बालाघाट के नाम से अनुबंद किया जाना है। इस सम्बन्ध में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सम्बन्धित संचालकों को अनुबंद के लिए पत्र जारी किया है। अनुबंद होने वाले लोक सेवा केंद्रों में किरनापुर, वारासिवनी, बालाघाट, खैरलांजी, तिरोड़ी,लांजी,बिरसा, परसवाड़ा और बैहर शामिल है।

## नेवरगॉव से लोहारा पुलिया का हो जीर्णोध्दार

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नेवरगॉव वा से लोहारा को जोड़ने वाला पुलिया काफी क्षतिग्रस्त हालत में है। इस पुलिया का निर्माण करीब ७ वर्ष पूर्व हुआ था। मगर पुलिया का निर्माण जिस गुणवत्ता के साथ होना था वैसा नही हुआ है। जिसकी वजह से नेवरगॉव होते हुये लोहारा, बड़गॉव लालबर्रा जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। इस संबंध में पद्मेश को जानकारी देते हुये ग्रामीण गणपति घुले ने बताया कि पुलिया की हाईट काफी कम है। जिसकी वजह से बरसात के समय में पुलिया के ऊपर से पानी निकलता है। जिससे आवागमन काफी प्रभावित होता है वही हमारे ग्राम से लगे ग्राम से हमारा संबंध विच्छेद हो जाता है। हम यही चाहते है कि पुल की मरम्मत के साथ इसकी हाईट बढ़ाई जाये। जब इस संबंध में सरपंच से चर्चा करनी चाही गई तो उनका फोन कवरेज क्षेत्र के बाहर बताता रहा।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटीं महिला कांग्रेस, कार्यकर्ता परसवाडा में हुआ महिला कांग्रेस सम्मेलन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रदेश में जहां एक तरफ कई योजनाओं को लेकर सरकार द्वारा कार्य किए जा रहे हैं वहीं दूसरी तरफ देखे तो महिलाएँ कहीं पिछे ना हो जाये महिलाओ के उत्थान के लिए इस अवसर पर परसवाड़ा विधानसभा की महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा तहसील स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संजय उइके ने कहा कि संगठन में जो धरातल पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की कमी नहीं है बस उनमे जोश भरने की आवश्यकता ताकि वह दुगुनी रफ्तार से पार्टी के लिए कार्य करें. वहीं अपने कार्यशैली में बदलाव लाने की आवश्यकता है। संगठन को मजबूत बनाने के लिए बीएलए, बूथ लेवल कमेटी का गठन तो कर दिया गया है उन्हें सही दिशा निर्देश की आवश्यकता है । वहीं इसके अलावा उन्होंने कई बातें कही। वहीं इस महिला सम्मेलन को बालाघाट, परसवाड़ा विधायक सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। सभी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होने की बात कही। महिला ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुसीला सरोते ने कहा संगठन को मजबूत करने के लिए अच्छा कार्य किया जाएगा वहीं हमारी बहने इसमे बढ़चढ़ हिस्सा लेगी और पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य करेगी. इसके लिए हमें एकजुट होने की आवश्यकता है। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष व विधायक संजय उयके, परसवाडा विधायक मधु भगत, लांजी पूर्व विधायक हिना कावरे जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट अशोक सरसवार, जिला पंचायत सदस्य तामेश्वर पटेल, जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पंद्रे, लघु वनोपज अध्यक्ष अशोक मंडलेकर, दिनेश उयके, कांग्रेस कमेटी परसवाड़ा,बैहर बालाघाट, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

## पेटीएम के फील्ड मैनेजर की आत्महत्या के बाद पत्नी ने खाया जहर

इंदौर। इंदौर में पदस्थ पेटीएम के फील्ड मैनेजर गौरव गुप्ता की खुदकुशी से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के तीसरे दिन गौरव की पत्नी ने भी जहर खाकर अपनी जान देने की कोशिश की है। लेकिन गनीमत रही कि समय रहते उनकी पत्नी को अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया, जिससे उनकी जान बच गई। पूरा घटनाक्रम बुधवार की सुबह का है। जब मृतक गौरव की पत्नी मोहिनी ने अपने घर में जहर खा लिया। मोहिनी बाथरूम में जब लड़खड़ाकर गिर गई तब परिजनों ने मोहिनी को संभाला। उसकी बिगड़ती हुई हालत को देखकर जब ससुराल पक्ष के परिजनों ने उससे पूछताछ की, तब पता चला कि उसने जहर खा लिया है। आनन-फानन में मोहिनी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उपचार के बाद फिलहाल मोहिनी की हालत में सुधार बताया गया है। खास बात यह है कि पूरे मामले में मृतक गौरव के ममेरे भाई नीरज गुप्ता ने सनसनीखेज खुलासा कर पूरे घटनाक्रम को एक नया मोड़ दे दिया है। नीरज गुप्ता ने दावा किया है कि मोहिनी 7 दिन पहले भी जहर खाना चाहती थी, और इस बात से गौरव भी परेशान था। दरअसल, पत्नी मोहिनी का कहना था कि पति गौरव नौकरी जाने के डर से परेशान थे और इसीलिए उन्होंने अपनी जान दे दी। जबकि मृतक के भाई नीरज ने दावा किया कि गौरव को नौकरी की कोई परेशानी नहीं थी। गौरव का सालाना 9 लाख का पैकेज था। साथ ही गौरव को अन्य कंपनियों से भी जॉब के ऑफर थे। भाई का दावा है कि उसकी गौरव से बात हुई थी। उसने किसी भी प्रकार की परेशानी से इंकार किया था।

## खापा से चनई नदी होते हुये वारासिवनी मार्ग का शीघ्र हो निर्माण

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। ग्राम पंचायत खापा से सीधे वारासिवनी को जोड़ने वाला मार्ग कच्चा है। जिसके निर्माण के लिये ग्रामीण लगातार मांग कर रहे है ग्रामीणजनों का साफ तौर पर कहना है कि इस मार्ग का निर्माण हो जाये तो हम सीधे वारासिवनी मुख्यालय से जुड़ जायेंगे। यह मार्ग चंदन नदी से होकर गुजरता है। हम यही चाहते है इस मार्ग का शीघ्र निर्माण कार्य हो। ताकि हम लोगों के लिये वारासिवनी फैरे से जाना बंद हो सके।



पानी के दौरान मार्ग हो जाता है कीचड़ में तब्दील-वसीम खान

इस संबंध में पद्मेश को जानकारी देते हुये वसीम खान ने बताया कि जब जब पानी गिरता है तो यह सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है। जिसकी वजह से आवागमन काफी प्रभावित होता है। हम यही चाहते है कि इस मार्ग का शीघ्र निर्माण कराया जाये ताकि आवागमन में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। ग्रामीणजन चाहते है कि इस मार्ग का यथा शीघ्र निर्माण ग्राम पंचायत खापा करवाये। ताकि हम लोगों को घेरा पकड़कर जाने की नौबत न आये।

### मुझे नल जल योजना प्रारंभ करने में आती है परेशानी-राजेन्द्र ठाकरे

वही नल संचालक राजेन्द्र ठाकरे ने पद्मेश को बताया कि हमे खापा से वारासिवनी मार्ग के लिये सड़क चाहिये। यह सड़क सीसी बने या डामरीकरण से बने मगर सड़क की आवश्यकता है। जब पानी गिरता है तो यह मार्ग दलदल में तब्दील हो जाता है। जिसकी वजह से मुझे नल जल योजना चालु करने में काफी परेशानी होती है। हम यही चाहते है कि इस मार्ग का निर्माण हो।

### इनका कहना है

इस संबंध में दूरभाष पर चर्चा करते हुये ग्राम सरपंच देवीप्रसाद गौतम ने बताया कि जिस मार्ग की बात की जा रही है उसका प्रस्ताव ले लिया गया है। हम भी चाहते की यह जो कच्चा मार्ग है उसका निर्माण होना चाहिये। जिसके लिये हमारी ग्राम पंचायत प्रयास कर रही है।

**देवीप्रसाद गौतम**
**सरपंच खापा**

## अशासकीय शिक्षण संस्था संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। अशासकीय शिक्षण संस्था संघ शाखा बालाघाट ने एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौपा है। इस ज्ञापन में उन्होने अशासकीय शिक्षण संस्था में पढ़ रहे गरीब बच्चों को उच्च शिक्षा दिये जाने का प्रयास किया जा रहा है। मगर शासन के द्वारा जो राशी मिलना चाहिये वो हमे काफी वर्ष से प्राप्त नही हो रही है। जिसकी वजह से हम लोगों पर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। हम यही चाहते है कि जो पैसा हमारा रूका हुआ है उसे राज्य शिक्षा केन्द्र प्रदान करे। हम कक्षा पहली से आठवी कक्षा तक बच्चों को निशुल्क शिक्षा दे रहे है। जिनके लिये प्रत्येक अशासकीय स्कूल में २५ प्रतिशत सीट रिजर्व है। मगर शासन से राशी प्राप्त नही हो रही है। जिसकी वजह से अध्यापन



कार्य में आने वाले शिक्षकों को भी भारी संकट से गुजरना पड़ रहा है। अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं के संचालको का कहना है कि सरकार सभी मजदूरों को पैसा दे रही है मगर हम लोगों को क्यों पैसा प्राप्त नही हो रहा है। हमारी मांग है कि हमने जिन भी गरीब एसटी एससी बच्चों को पढ़ाया है उनके बच्चों की जो शुल्क सरकार से मिलना चाहिये वे हमे मिले।

## ऑनलाइन कर्ज बांट रहीं चीनी कंपनियों का होगा सफाया

नई दिल्ली। ऐसे कई चीनी एप पड़े हुए हैं जो इंसटेंट लोन देते हैं और भोले भाले लोगों को जाल में फंसाते हैं। इसके बाद भारी भरकम रकम वसूली जाती है और विरोध करने पर धमकाया जाता है। ऐसी ही धमकियों के कारण अब तक कई लोग आत्महत्या करने को मजबूर हो गए। अब सरकार ने इन पर लगाम कसना शुरु किया और ऑनलाइन कर्ज वितरण से जुड़ी कंपनियों समेत कई चीनी फर्मों के खिलाफ कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय जांच शुरु की। इनमें से कुछ जांच अग्रिम चरण में पहुंच चुकी हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।



हालांकि, कुछ कंपनियों के वित्तपोषण स्रोतों का पता लगाना कभी-कभी मुश्किल होता है लेकिन कंपनियों के लाभकारी स्वामित्व का पता लगाने के प्रयास किए जाते हैं। जनवरी में दिल्ली और हरियाणा क्षेत्र के कंपनी पंजीयक ने एक भारतीय कंपनी और उससे संबंधित व्यक्तियों और संस्थाओं पर कुल 21 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया था। यह कदम एक चीनी समूह के लाभकारी स्वामित्व संबंधों को छिपाने के लिए कड़ी कार्रवाई का हिस्सा था। वित्त मंत्रालय ने संसद के बजट सत्र में जानकारी दी कि गूगल ने सितंबर, 2022 और अगस्त, 2023 के बीच अपने प्ले स्टोर से 2,200 से अधिक धोखाधड़ी वाले ऋण ऐप को निलंबित कर दिया है या हटा दिया है।

वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय विभिन्न चीनी कंपनियों, खासकर कर्ज ऐप से जुड़ी कंपनियों के खिलाफ पड़ताल कर रहा है और इनमें से कुछ जांच अंतिम चरण में हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी कानून लागू करने के लिए जिम्मेदार मंत्रालय यह देख रहा है कि क्या इन कंपनियों में कोई धोखाधड़ी हुई है। कुछ मामलों की जांच गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) कर रहा है। अधिकारी के मुताबिक, रिजर्व बैंक और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय समेत अन्य इकाइयों से मिली शिकायतों के आधार पर भी संबंधित कंपनियों के खिलाफ जांच शुरू की जाती है।

## जयराम रमेश ने पीएम मोदी पर लगाया कांग्रेस की सरकारों को गिराने का आरोप

नई दिल्ली । कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पीएम मोदी पर राज्यों में कांग्रेस की सरकारों को गिराने का आरोप लगाया है। बता दें कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस का सियासी संकट अब एक कदम और आगे बढ़ चुका है क्योंकि वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। वहीं सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी क्लीयर कर दिया कि उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया है और बजट के दौरान उन्होंने अपना बहुमत साबित कर दिया है। इस पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पीएम मोदी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मोदी जी की एक ही गारंटी है कि सभी कांग्रेस सरकारों को गिराओ। उन्होंने दावा किया कि राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के जरिए हमारी सरकार को गिराने की साजिश रची गई। हमारे तीन बड़े नेता शिमला में हैं, हमें कड़े फैसले लेने होंगे। हम कठोर फैसले लेने से पीछे नहीं हटेंगे। जयराम रमेश ने कहा कि हमारे पर्यवेक्षक सभी विधायकों से बातचीत कर शिकायतों को दूर करने की कोशिश करेंगे।



उन्होंने दावा किया कि जो जनादेश हमें मिला है, उसे पूरा करेंगे। कांग्रेस पार्टी और संगठन सर्वोपरि है। हमारी प्राथमिकता हिमाचल प्रदेश में सरकार बचाना है क्योंकि वहां की जनता ने बीजेपी को नकारकर स्पष्ट बहुमत हमारी पार्टी को दिया था। वहीं राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस महासचिव जयराम ने कहा, हम राज्य सभा नहीं जीत पाए, उससे हम इनकार नहीं कर रहे हैं। अभिषेक मनु सिंघवी ये सीट नहीं जीत पाए। हम इस बात को स्वीकार कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की ओर से हिमाचल प्रदेश में तीन पर्यवेक्षक भेजे गए हैं। इनमें हरियाणा के पूर्व सीएम भूपिंदर सिंह हुड्डा, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल और कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार शामिल हैं।

## ननद की हो गई शादी, भाभी अतिथि शिक्षक बनकर बच्चों को पढ़ा रही

सीधी। मध्य प्रदेश के सीधी जिले से अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां सरकारी स्कूल में अतिथि शिक्षक ननद के स्थान पर भाभी नौकरी करती मिली। मामला सामने आने के बाद अब शिक्षा विभाग के अधिकारी जांच का आश्वासन दे रहे हैं।

पूरा मामला संकुल केंद्र हटवा खास के प्राथमिक शाला खाड़ी मुसलमान बस्ती का है। अतिथि शिक्षक के रूप में सिर्फ कागजों में सोनम सोनी नौकरी कर रही थीं। जबकि स्कूल में बच्चों को पढ़ाने उनकी भाभी शुभी सोनी आती थी। पता चला कि असली अतिथि शिक्षक सोनम अपने पति के साथ ससुराल में रहती हैं। मामला प्रकाश में आने के बाद अब जिला शिक्षा अधिकारी जांच करने की बात कह रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि मामला मीडिया की वजह से संज्ञान आया है। मामले में संकुल प्राचार्य से जांच करवाई जाएगी। अगर जो भी दोषी व्यक्ति होगा, उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इसके पहले मध्य प्रदेश के शिवपुरी से एक इसी तरह का मामला सामने आया था। मामला यूं था कि जांचकर्ताओं की सजगता ने 10वीं बोर्ड परीक्षा देने वाले एक फर्जी परीक्षार्थी को दबोचा था। संदेह होने पर पर्यवेक्षकों ने परीक्षा दे रहे नाबालिग से पूछताछ की तब पूरा मामला सामने आया।

## 1500 से अधिक मतदाता संख्या वाले मतदान केंद्रों पर सहायक मतदान केंद्र बनाए जाने का जल्द भेजें प्रस्ताव

भोपाल। लोकसभा निर्वाचन-2024 मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बुधवार को निर्वाचन सदन भोपाल से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ चर्चा की।

इस दौरान राजन ने कहा कि 1500 से अधिक मतदाता संख्या वाले मतदान केंद्रों पर सहायक मतदान केंद्र बनाए जाने का जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजे। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए प्राप्त हुए लंबित आवेदनों का एक सप्ताह में निराकरण करें। मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध हो। मृत व दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाता ना हो, यह सुनिश्चित कराएं। सेक्टर अधिकारी मतदान केंद्रों का भ्रमण करें। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों में तेजी लाएं। राजन ने कहा कि 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके युवाओं का नाम जोड़ने अभियान चलाएं।




### इन बिंदुओं पर की चर्चा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 1500 से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्रों के सहायक मतदान केंद्र बनाये जाने की कार्यवाही, मतगणना स्थल के प्रस्ताव की तैयारी का विवरण, स्पेशल एज्युकेटिव मजिस्ट्रेट की शक्तियां दिए जाने का प्रस्ताव, फॉर्म 6, 7, 8 के प्राप्त हुए आवेदनों का निराकरण, मतदाता फोटो पहचान-पत्रों का वितरण, विभिन्न नोडल अधिकारियों की नियुक्तियां, निर्वाचन सामग्री की व्यवस्था, मतदान दल / मतगणना दल का गठन एवं प्रशिक्षण दिनांक का निर्धारण, मतदान केंद्र की तैयारी, वल्नरेबिलिटी मैपिंग,स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निर्धारण, एफएसटी, एसएसटी और वीएसटी दलों का गठन, नाकों का निर्धारण, इंटर स्टेट बॉर्डर मीटिंग, रिटर्निंग अधिकारी स्तर पर सूचना केंद्र की स्थापना, सम्पत्ति विरुपण दल का गठन, सहायक व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति, रूट चार्ट का निर्धारण, स्पेशल पुलिस अधिकारी की नियुक्ति का प्रस्ताव, काउंटिंग टेबल का निर्धारण सहित निर्वाचन से संबंधित अन्य विषयों पर चर्चा की। बैठक के दौरान अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, तरूण राठी और बसंत कुर्रे उपस्थित रहे।

## एचपीएस में मनाया गया विज्ञान दिवस



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर की शैक्षणीक संस्था आईडियल पब्लिक स्कूल की शाखा ऐकेडमिक हाईट स्कूल में २८ फरवरी का मेले का आयोजन किया गया। यह मेला विज्ञान से संबंधित था जिसमें लेवल वन से लेकर लेवल ६ के बच्चों ने शिरकत की। इस दौरान उनके अभिभावकों को भी बुलाया गया जिन्होने अपने बच्चों के साथ दूसरे बच्चों द्वारा तैयार किये गये मॉडल का जायजा लिया। वही उनसे मॉडल के बारे में जानकारी एकत्रित की। पद्मेश को जानकारी देते हुये स्कूल की प्राचार्या श्रीमती पुष्पा बैस ने पद्मेश को बताया कि २८ फरवरी को हम लोग विज्ञान दिवस मनाते है। आज हमारे स्कूल के बच्चों ने अपनी सूझबूझ से कई विज्ञान संबंधी मॉडल बनाये है। हम प्रतिवर्ष इसका आयोजन करते है। हम चाहते है कि बच्चे अपनी प्रतिभा को हर वर्ष निखार के सामने आये है। ताकि वे महान वैज्ञानिक जैसे बन सके।

## मादक पदार्थ गांजे को लेकर लालबर्रा पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही

# लगभग 25 किलो ग्राम गांजा किया गया जप्त

### पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने ली प्रेस वार्ता कहा जल्द ही जिले में गांजे को लेकर अवैध व्यवसाय का काम करने वाले बड़े चेहरे होंगे पुलिस की गिरफ्त में

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बालाघाट पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजे को लेकर एक बड़ी कार्रवाई की गई है ,जिसको लेकर बालाघाट पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने स्थानीय कंट्रोल रूम में प्रेस वार्ता आयोजित की और बताया कि बालाघाट पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजे को लेकर एक बड़ी कार्यवाही जिले में की गयी है और जल्द ही इस कार्रवाई के बाद कुछ बड़े चेहरों के नाम के खुलासे पुलिस द्वारा किए जाएंगे , हालांकि अभी पुलिस द्वारा किसी का नाम नहीं लिया गया है, किंतु इशारों ही इशारों में कुछ चर्चित नाम पर इशारा करते हुए पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने अभी से यह स्पष्ट कर दिया है कि जिले में अवैध मादक पदार्थ गांजे को लेकर बड़े काम करने वाले चेहरे जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होंगे। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ द्वारा बताया गया की अवैध मादक पदार्थ का व्यापार करने वालों के विरूद्ध ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के पालन में जिले के समस्त अनुभागों में अनुविभागीय अधिकारी, के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थ का व्यापार करने वाले एवं तस्करी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। जिसमे बालाघाट पुलिस को परसवाड़ा तथा वारासिवनी क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वालों की लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी तारतम्य में 28 फरवरी की दरमियानी रात को थाना लालबर्रा में पदस्थ उनि0 महेन्द्र सिंह को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि परसवाड़ा निवासी मोहित चतुर्वेदी एवं प्रेम परते द्वारा अत्याधिक मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा रामपायली-वारासिवनी क्षेत्र से परसवाड़ा की ओर ले जाया जा रहा है। उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना लालबर्रा पुलिस द्वारा ग्राम बकोड़ा में नाकेबंदी की गई। पुलिस की नाकेबंदी देखकर संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा भागने का प्रयास किया गया, जिसके बाद 01 आरोपी प्रेम परते निवासी शेरपार थाना परसवाड़ा मौके से भागने में





सफल रहा किन्तु पुलिस द्वारा मौके पर मोहित चतुर्वेदी निवास शेरपार थाना परसवाड़ा को गिरफ्तार करते हुये उसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा 25.682 कि0ग्रा0 जिसके कीमत लगभग 2.50,000 रूपये जप्त किया गया। पुलिस द्वारा मौका स्थल पर विधिअनुसार कार्यवाही करते हुए आरोपी मोहित चतुर्वेदी पिता संतोष चतुर्वेदी, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम शेरपार थाना परसवाड़ा को विधिवत गिरफ्तार किया गया। मोहित चतुर्वेदी एवं फरार आरोपी प्रेम परते के विरूद्ध थाना लालबर्रा में अपराध कमांक 88/2024 धारा 8.
20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है तथा आरोपी से अवैध मादक पदार्थ गांजा के सम्बंध में पूछताछ की जा रहीं है।

### पूछताछ में बड़े चेहरों के नाम आएंगे सामने

पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जब मोहित से गांजे को लेकर कहां से लाना और किन्हें देना होता था इन सब विषय को लेकर पूछताछ की गई, तो उसने जिले के कुछ बड़े चेहरों के नाम लिया है, फिलहाल अभी कार्रवाई चल रही है इसलिए वह नाम के खुलासे तो नहीं करेंगे किंतु यह जरूर स्पष्ट कर दे रहे हैं कि मोहित द्वारा जिले के कुछ ऐसे चर्चित गांजे का काम करने वाले लोगों के नाम बता दिए गए हैं , जिस पर पुलिस द्वारा जल्द ही कार्रवाई की जाएगी और कुछ बड़े चेहरे और राजनीति से जुड़े लोगों के नाम सामने आने के संकेत भी पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए हैं ,उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई में निश्चित ही राजनीति को हावी नहीं होने देंगे , मोहित परसवाड़ा, लामता और मण्डला तक गांजा सप्लाई का काम करता था।

### लोकल की चोरी के हो गये है खुलासे

चोरी को लेकर समीर सौरभ द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा शहर में हुई कुछ चोरियों के खुलासे कर लिया गया है किंतु निश्चित ही जो बैंक एवं एटीएम में चोरी की गई है उन तक अभी पुलिस के हाथ नहीं पहुंचे हैं और जल्द ही पुलिस द्वारा उन पर भी कार्रवाई की जाएगी, लोकल में हुई चोरी यही के लोकल के बदमाशों द्वारा की गई थी ,जिस पर पुलिस ने कार्रवाई की है और जिस प्रकार से लोगों द्वारा शहर में गस्ती बडाये जाने को लेकर बात कही जा रही थी, उस पर भी उनकी नजर है और वह निश्चित ही शहर में पुलिस की ग्रस्त बढ़ाएंगे और इसमें थाना प्रभारी से लेकर बड़े अधिकारी तक रात्रि में गस्ती कर रहे हैं उन्होंने यह जरूर बताया कि अभी कुछ नए पुलिस अधिकारी जिले में आए हैं और उन्हें अभी जिले को समझने की आवश्यकता है इस समय में यदि इस प्रकार की घटना हुई होगी तो यह हो सकता है किंतु पुलिस जिले में सतत पुलिसिंग कर रही है।

### डबल मनी में पैसा न्यायालय से ही होगा वापस

जिस प्रकार से डबल मनी को लेकर पुलिस ने कार्रवाई की थी किंतु इन दिनों डबल मनी का मामला पूरी तरह शांत हो चुका है और निवेशक आज भी अपने पैसे वापस होने का इंतजार ही कर रहे हैं इस विषय पर पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि पैसे वापसी करने का अधिकार न्यायालय के पास है और न्यायालय से ही पैसे वापस होगे , हालांकि अभी इसमें कुछ पुलिस की एजेंसियां अपने-अपने स्तर पर काम कर रही है और वह अपने-अपने हिसाब से जांच कर रही है फिलहाल सोमेंद्र पुलिस की गिरफ्त से बाहर है और अब पुलिस अन्य राज्यों के साथ संपर्क कर ज्वाइंट ऑपरेशन कर सोमेंद्र को गिरफ्तार करने को लेकर काम कर रही है।

### कपड़े व्यवसाय के आड़ में करता था गांजे की तस्करी


पुलिस सूत्रों की माने तो मोहित चतुर्वेदी कपड़ा व्यवसाय के आड़ में अपने साथी के साथ मादक पदार्थ गांजे का व्यवसाय करता था , किंतु कोई भी उसे पर कपड़ा व्यवसाय का कार्य करने के कारण शक नहीं करते थे, किंतु जब मुखबिर से पता चला कि वह कपड़ा व्यवसाय के आड़ में मादक पदार्थ गांजे की तस्करी भी करता है साथ ही जप्त सामग्री में पुलिस ने 25 कि. ग्रा मादक पदार्थ गांजा 25. 682 कि.ग्रा. कीमती 2,50,000 रूपये ,मोटर सायकिल बजाज पल्सर, कीमती- 80,000 रूपये ,एक वीवो कंपनी का एण्ड्राईड मोबाईल, कीमती 35000 रूपये , और नकदी 1280 रूपये सहित लगभग 3,65,000 रूपये की कुल जप्ती की कार्यवाही की गयी है उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी लालबर्रा उनि0 हेमन्त नायक, उनि0 महेन्द्र सिंह बघेल, उनि0 सुनिल चतुर्वेदी, सउनि0 दुर्गाप्रसाद जिजोते, प्र0आर0 202 सुनील बिसेन, आर0 209 तारेन्द्र बिसेन, आर0 1127 राधेश्याम बघेल, आर0 1401 संदीप बघेल, आर0 253 शेषराम बाकड़े, चालक आर0 218 विजय हरदिया की सराहनीय भूमिका रही है ।

## 20 मवेशियों को महाराष्ट्र राज्य के कत्ल खाने ले जा रहे चार व्यक्ति गिरफ्तार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। हट्टा पुलिस ने बीती रात ग्राम करियादंड से भुतहा टोला रोड पर 20 मवेशियों को महाराष्ट्र राज्य के कत्ल खाने ले जा रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार चारो व्यक्ति मोहपत पिता देवाजी वरकडे 35 वर्ष,, सुरेंद्र पिता पखतू कंगाले 32 वर्ष,, खेलसिह पिता गांधी मर्सकोले 35 वर्ष और योगेश पिता केहरसिंह मर्सकोले 30 वर्ष सभी निवासी ग्राम गोवारी थाना बैहर निवासी है जिन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। जिनके पास पाए गए 20 मवेशियों की कीमत 2 लाख रुपये बताई गई है। हट्टा पुलिस के मुताबिक 27 फरवरी की



रात्रि 10 बजे मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि करियादंड से कुछ लोग गोवंश को क्रूरता पूर्वक मारते पीटते हांकते हुए कुंडे मोहगांव की ओर से महाराष्ट्र रे कत्लखाना ले जा रहे हैं इस सूचना पर थाना प्रभारी भूपेंद्रसिंह पन्द्रो के मार्गदर्शन में सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मीचंद बाहेश्वर अपने स्टाफ के साथ करियादंड से भुतहाटोला रोड पर पहुंचे जहां पर चार व्यक्ति मवेशियों को लकड़ी से मारते पीटते क्रूरता पूर्वक ले जा रहे थे, जो पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हें घेराबंदी कर ग्रामीण की मदद से बामुश्किल से पकड़े। जिन्होंने अपना नाम मोहपत वरकड़े,, सुरेंद्र कंगाले, खेलसिह मर्सकोले और जोगेंद्र मर्सकोले ग्राम गोवारी थाना बैहर निवासी होना बताएं। इन सभी व्यक्तियों से इन मवेशियों के खरीदी बिक्री के दस्तावेज मांगे किंतु इन लोगों ने मवेशी खरीदी बिक्री के कोई दस्तावेज नहीं दीये। पूछताछ करने पर इन लोगों ने इन मवेशियों को महाराष्ट्र राज्य के कत्ल खाने ले जाने के संबंध में बताया। इन पशु तस्करों के विरुद्ध धारा 4 6 9 मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 एवं धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम 1960 के तहत अपराध दर्ज कर इस अपराध में चारों को गिरफ्तार करके 28 फरवरी को उन्हें बालाघाट की विद्वान अदालत में पेश कर दिए। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। इनके पास पाए गए 20 मवेशियों की कीमत करीब 2 लाख रुपये बताई गई है। मवेशियों को गौशाला भिजवा दिया गया है। इन पशु तस्करों को पकड़ने में थाना प्रभारी भूपेंद्र सिह पन्द्रो की मार्गदर्शन में सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी चंद बाहेश्वर प्रधान आरक्षक राजेश पटेल प्रधान आरक्षक विनोद कुमरे सैनिक हवलदार सुनील कुमार नगपुरे आरक्षक कल्याण सिंह भदोरिया की सराहनीय भूमिका रही।




### मारपीट के आरोपी जयप्रकाश को 3 वर्ष का सश्रम कारावास

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी चैतन्य अनुभव चौबे की वारासिवनी की अदालत ने मारपीट के एक मामले में आरोपी जयप्रकाश पिता प्रमोद सोनकुसरे 65 वर्ष वार्ड नंबर 11 वारासिवनी निवासी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई।विद्वान अदालत ने इस आरोपी को 1000 अर्थदंड से भी दंडित किये है । जानकारी के मुताबिक देवकी सोनकुसरे वार्ड नंबर 11 वारासिवनी में रहती है। 12 दिसंबर 2019 को 9-30 बजे देवकी सोनकुसरे और उसके पड़ोस में रहने वाले उसके भतीजे जयप्रकाश सोनकुसरे के बीच संपत्ति के बंटवारे में हिस्सा कम दिए जाने को लेकर विवाद हुआ था। जयप्रकाश सोनकुसरे ने देवकी को अश्लील गालियां दी।देवकी ने गालियां देने से मना की थी। तब जयप्रकाश सोनकुसरे ने उसे डंडे से मारपीट किया था और जयप्रकाश सोनकुसरे ने डंडे से मारपीट करने के बाद देवकी सोनकुसरे को हिस्सा का बंटवारा बराबर नहीं करने पर जान से खत्म करने की धमकी दी थी। डंडे के वार से घायल देवकी की हड्डी टूट गई थी। उक्त घटना की रिपोर्ट देवकी के वारासिवनी पुलिस थाने में की गई थी। जहां पर जयप्रकाश सोनकुसरे के विरुद्ध अपराध पंजीबद किया गया और इस अपराध में उसे गिरफ्तार करने के बाद अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी चैतन्य अनुभव चौबे की अदालत में चलते इस मामले में।विद्वान अदालत ने आरोपी जयप्रकाश सोनकुसरे 65 वर्ष को धारा 325 भादवि के तहत 3 वर्ष का सश्रम कारावास और 1000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया और अर्थदंड अदा नहीं करने के व्यक्तिक्रम में अभियुक्त जयप्रकाश सोनकुसरे को तीन माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतान के आदेश दिए। इस मामले में शासन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ऋतुराज कुमरे के द्वारा पैरवी की गई थी।

### मतदाता जागरूकता की बागडोर जिला पंचायत सीईओ के पास

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नोडल अधिकारी का दायित्व जिला पंचायत सीईओ श्री डीएस रणदा को सौंपा गया है। साथ ही स्थानीय नगरीय निकायों में इस कार्य की जिम्मेदारी विभिन्न नगर पालिकाओं के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दी गई है।

### कोतवाली में रखें 103 वाहनों की होंगी खुली नीलामी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कोतवाली थाने में धारा 25 के अंतर्गत लावारिस 103 वाहनों की नीलामी 4 मार्च 11 बजे खुली बोली के माध्यम से होगी। कोतवाली थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले ने बताया कि गत वर्षों के वाहन जो विभिन्न स्थानों और समय समय पर पुलिस अधिनियम की धारा-25 के अंतर्गत इस्तगाशा में लिए गए। इसके बावजूद वाहन मालिक सामने नहीं आये है। अब लावारिश मोटर सायकल व सायकिल कुल 103 वाहनों की खुली बोली समिति के समक्ष करना निर्धारित किया गया है। इस नीलामी के लिए कलेक्टर द्वारा गठित समिति में बालाघाट तहसीलदार भूपेंद्र अहिरवार, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ, थाना प्रभारी कोतवाली और तहसील नाजिर के शामिल किया गया।







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.१, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट